# देशबन्धु

वर्ष –10 । अंक–133 । सागर, मंगलवार 1 जुलाई 2025 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 2.00 रुपए


लोडिंग वाहन से पकड़ाई 50 पेटी शराब, दमोह से सागर में खपाने लाई जा रही थी — पृष्ठ 2
▸ मतदाता सूची पुनरीक्षण या मताधिकार पर हमला ▸ आपातकाल और शरद यादव! — पृष्ठ 4
▸ नियम के बाद भी फिर भी वर्षों से जमी वार्डन — पृष्ठ 6
संस्था की सफलता के लिए समाज की सहभागिता जरूरी : पटेल — पृष्ठ 7

## सार-समाचार

### सड़क दुर्घटना में एक ही परिवार के 4 लोगों की मौत

**कुनिगल, एजेंसी।** कर्नाटक में कुनिगल जिले के कुनिगल बाईपास पर रविवार रात एक भीषण सड़क दुर्घटना में 13 वर्षीय किशोर सहित एक परिवार के चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना तब हुई जब उनकी कार कथित तौर पर विपरीत दिशा से आते मिनी ट्रक से टकरा गई। पुलिस के मुताबिक पीड़ितों की पहचान सीबे गौड़ा, उनकी पत्नी शोभा, बेटी दुम्बीश्री और बेटे भानुकिरण के रूप में हुई है।

### भगदड़ पर मांझी इस्तीफा दें, घटना की हो न्यायिक जांच : कांग्रेस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस ने पुरी में भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा भगदड़ में श्रद्धालुओं के हताहत होने को अत्यंत गंभीर घटना बताते हुए मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी से इस्तीफा देने की मांग करते हुए कहा है कि घटना की न्यायिक जांच होनी चाहिए। कांग्रेस सांसद सप्तगिरि उलाका तथा पार्टी नेता अरविंदा दास ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में इसे राज्य की भाजपा सरकार के कुप्रबंधन का परिणाम बताया।

### जम्मू-कश्मीर में नए राजनीतिक गठबंधन की घोषणा

**श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर पीपुल्स कॉन्फ्रेंस (जेकेपीसी) प्रमुख सज्जाद लोन, हकीम यासीन की अध्यक्षता वाले पीपुल्स डेमोक्रेटिक फ्रंट (पीडीएफ) और पिछले साल विधानसभा चुनाव लड़ने वाले जमात इस्लामी के एक धड़े 'जस्टिस डिपार्टमेंट फ्रंट (जेडीएफ) ने सोमवार को एक नए गठबंधन 'पीपुल्स अलायंस फॉर चेंज' (पीएसी) की घोषणा की। श्री लोन ने यहां एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में नए गठबंधन 'पीएसी' की घोषणा की। इस दौरान तीनों दलों के शीर्ष नेता मौजूद थे।

### सेना प्रमुख 4 दिन की भूटान यात्रा पर रवाना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी चार दिन की आधिकारिक यात्रा पर सोमवार को भूटान रवाना हो गए। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि सेना प्रमुख की यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के बीच स्थायी रक्षा सहयोग को और प्रगाढ करना है। जनरल द्विवेदी यात्रा के दौरान भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक से मुलाकात करेंगे। वह रॉयल भूटान आर्मी के चीफ ऑपरेशन ऑफिसर लेफ्टिनेंट जनरल बटू शेरिंग के साथ भी चर्चा करेंगे। सेना प्रमुख भारतीय दूतावास, भारतीय सैन्य प्रशिक्षण दल और प्रोजेक्ट दंतक के वरिष्ठ अधिकारियों से भी बातचीत करेंगे।

### मणिपुर में 4 कुकी उग्रवादियों की गोली मार कर हत्या

**इम्फाल, एजेंसी।** मणिपुर में चुराचांदपुर जिले के के. मोंगजांग गांव में सोमवार सुबह घात लगाकर किए गए हमले में कुकी संगठन से संबंधित चार उग्रवादियों की मौत हो गयी। इनमें एक महिला भी शामिल है। पुलिस को संदेह है कि यह हमला कुछ अन्य कुकी उग्रवादी समूहों ने किया था। इस घटना को उस समय अंजाम दिया गया जब वे एक वाहन में कहीं जा रहे थे। इन सभी के शव चुराचांदपुर जिला मुख्यालय लाए गए हैं।

### नासिक में पानी से भरे गड्ढे में मिले 3 बच्चों के शव

**नासिक, एजेंसी।** महाराष्ट्र के नासिक शहर के आडगांव इलाके के विडी कामगार नगर से लापता हुए तीन बच्चों के शव पानी से भरे बड़े गड्ढे में मिले हैं। तीनों बच्चे रविवार से लापता हैं। बच्चों की पहचान साई गोरक्ष गरद (14), साई केदारनाथ उगले (13) और साहिल हिलाल जाधव (14) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि रविवार को तीनों बच्चे लापता हो गए थे और इसके बाद उनके परिजन उनकी तलाश कर रहे थे। हालांकि, उनका कहीं पता नहीं चला। आखिरकार आज सुबह तीनों बच्चों के कपड़े और जूते विडी कामगार नगर के पास एक निजी इमारत के निर्माण के लिए खोदे गए गड्ढे के पास मिले, जिससे आशंका जताई जा रही है कि नासिक के तीनों बच्चों की डूबने से मौत हुई होगी।

---

तेलंगाना में दवा फैक्ट्री में हुआ बड़ा हादसा

## विस्फोट में 12 मजदूरों की मौत



- सौ मीटर दूर तक उड़कर गिरे मजदूरों के अंग
- 34 से ज्यादा मजदूर घायल, कुछ की हालत नाजुक

**संगारेड्डी एजेंसियां।** तेलंगाना के संगारेड्डी जिले के पाशा मेलाराम औद्योगिक क्षेत्र में सोमवार सुबह एक भयंकर हादसा हुआ। यहां स्थित सीगाची केमिकल्स फैक्ट्री में जोरदार विस्फोट के बाद भीषण आग लग गई। फैक्ट्री के रिएक्टर में धमाका हुआ, देखते ही देखते आग की लपटों ने पूरी फैक्ट्री को घेर लिया। हादसे में 12 मजदूरों की मौत बताई जा रही है, वहीं 34 मजदूर घायल हो गए हैं, जिनमें से कुछ की हालत नाजुक बताई जा रही है।

विस्फोट इतना जोरदार था कि उसकी आवाज कई किलोमीटर दूर तक सुनाई दी और फैक्ट्री के आसपास के इलाकों में दहशत फैल गई। मजदूर डर के मारे इधर-उधर भागने लगे। चश्मदीदों के अनुसार, धमाके के कारण कई मजदूर 100 मीटर तक दूर जा गिरे। यह हादसा आज सुबह करीब 9 बजे हुआ। रेस्क्यू ऑपरेशन चल रहा है। बताया जा रहा है कि पूरी शिफ्ट में 150 लोग थे। जिस ब्लॉक में हादसा हुआ, वहां लगभग 100 लोग थे। घायलों को टनचेरु के अस्पताल में प्राथमिक इलाज के लिए ले जाया गया, वहीं गंभीर घायलों को हैदराबाद रेफर किया गया है। हादसे के बाद फैक्ट्री की इमारत ढह गई।

### प्रधानमंत्री ने जताया दुख, किया मदद का ऐलान

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक्स पोस्ट के जरिए घटना पर दुख जताया है। उन्होंने नेशनल रिलीफ फंड से मृतकों के परिजन को 2 लाख और घायलों को 50 हजार की मदद की घोषणा की। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने इस त्रासदी पर गहरा दुख व्यक्त किया और अधिकारियों को सभी आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया। उन्होंने घायलों को बेहतर चिकित्सा सुविधा देने लिए कहा है।

---

प्रधानमंत्री ने जल संरक्षण की दिशा में मप्र के प्रयासों की सराहना की, कहा-

## जल गंगा संवर्धन अभियान सुखद अनुभूति

- 90 दिवसीय अभियान का हुआ समापन
- अब एक बगिया मां के नाम परियोजना होगी शुरू

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पर्यावरण के साथ जुड़ाव और भावी पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ व सुंदर धरा सुनिश्चित करने का हमारा संकल्प जन-जन के भागीरथ प्रयासों से ही संभव हो पाएगा। उन्होंने कहा कि 'वॉटरशेड सम्मेलन' का आयोजन जल संरक्षण के क्षेत्र में विभिन्न हितधारकों के अनुभव साझा करने और हर स्तर पर जल प्रबंधन की रणनीतियों को सशक्त करने का माध्यम बनेगा। वहीं 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश में 30 हजार एकड़ से अधिक भूमि पर फलोद्यान विकसित करने की योजना, मातृभक्ति-पर्यावरण संरक्षण और आर्थिक सशक्तिकरण को एक साथ जोड़ने की सराहनीय पहल है। यह कार्यक्रम नदियों के किनारे हरियाली बढ़ाने और भू-जल स्तर सुधारने में सहायक सिद्ध होगा।

प्रधानमंत्री मोदी ये बात आज गंगा जल संवर्धन अभियान के खण्डवा में आयोजित समापन अवसर पर अपने संदेश में कही। खण्डवा में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एक बगिया मां के नाम प्रारंभ करने की घोषणा की। समारोह में प्रधानमंत्री द्वारा भेजे गए संदेश का वाचन पंचायत व ग्रामीण विकास मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने किया। श्री मोदी ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और उनकी टीम के जल संवर्धन और संचयन के कार्यों से जल गंगा संवर्धन अभियान को जन-आंदोलन बनते देखना सुखद अनुभूति है।



### नदी जोड़ो परियोजनाओं की सौगातें जल संरक्षण की नई दिशा तय करेंगी : यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने मध्यप्रदेश को एक नहीं, 3 राष्ट्रीय नदी जोड़ो परियोजनाओं की सौगात दी है, जो भविष्य में देश-प्रदेश में जल संरक्षण एवं संवर्धन की नई दिशा तय करेंगी। उन्होंने श्री मोदी को वर्तमान युग का भागीरथ बताया। उनके नेतृत्व और दृष्टि ने जल संरक्षण को राष्ट्रीय चेतना में बदल दिया है। श्री मोदी के मार्गदर्शन में गुड़ी पड़वा 30 मार्च से 30 जून तक सभी जिलों में जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए नवाचार किए गए। अभियान में मनरेगा योजना के अंतर्गत खेत तालाब, अमृत सरोवर और कूप रिचार्ज पिट का निर्माण एवं जल संरचाओं का जीर्णोद्धार किया गया। जल स्त्रोतों के संरक्षण में 2 लाख 39 हजार जलदूतों का सहयोग मिला, वे जल संवर्धन के संवाहक बने हैं। कुल 38 हजार नए खेत तालाब बनाए गए हैं। अकेले खंडवा जिले में 254 करोड़ की लागत से 1 लाख से अधिक कुएं रिचार्ज किए गए। इसके लिए खंडवा को देश में प्रथम स्थान मिला है। आज इंदौर संभाग स्वच्छता और जल संरक्षण में नंबर-एक है। प्रदेशभर में 70 हजार कुओं, बावड़ियों, नदियों और तालाबों का संरक्षण किया गया है। डॉ. यादव ने कहा कि आज से जल गंगा संरक्षण अभियान नए रूप में शुरू होगा। प्रदेशभर में एक पेड़ मां के नाम का शुभारंभ हुआ है। उद्यानिकी विभाग के सहयोग से 30 जून से 15 अगस्त तक शासकीय भूमि पर पौधारोपण किया जाएगा। इसके बाद 15 अगस्त से 15 सितंबर तक निजी भूमि पर पौधारोपण कार्य होगा।

### 15 सौ करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमि पूजन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने समारोह में 1568 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन किया। उन्होंने पंचायत एवं ग्रामीण विकास के तहत पंचायतों में हुए 578 करोड़ लागत के 57207 कार्यों का लोकार्पण भी किया। डॉ. यादव ने वॉटर-शेड विकास घटक के अंतर्गत प्रदेशभर के 888 जल संरक्षण कार्यों का लोकार्पण और खण्डवा जिले की जावर माइक्रो सिंचाई परियोजना व 3 अन्य सिंचाई परियोजनाओं का लोकार्पण किया। प्रदेश की जीर्णोद्धार की गई 74 जल संरचनाओं का लोकार्पण भी हुआ।

---

## चलती ट्रेन से बुजुर्ग को गिरता देख जवान ने लगाई छलांग, बचाई जान, खुद हुआ घायल




**पिपरिया, देशबन्धु।** ट्रेन में चढ़ने की कोशिश करते एक बुजुर्ग अचानक नीचे गिर गए, उन्हें ट्रेन के नीचे गिरता देख आरपीएफ जवान ने भी छलांग लगा दी और उनकी जान बचा ली। घटना पिपरिया रेलवे स्टेशन पर घटी और यहां कर्तव्यपरायणता के साथ मानवीयता का परिचय देते हुए आरपीएफ जवान राजेन्द्र दाहिया ने बुजुर्ग की जान बचा ली। अपनी जान पर खेलकर बुजुर्ग की जिंदगी बचाने वाले श्री दाहिया भी ट्रेन के साथ काफी दूर तक घिसटते गए, जिसके कारण उन्हें भी हाथ पैरों में चोटें आई हैं।

जानकारी के मुताबिक ट्रेन नम्बर 11062 पवन एक्सप्रेस आज दोपहर करीब साढ़े 11 बजे पिपरिया के प्लेटफार्म नंबर 2 पर आई थी। यहां जीआरपी थाने के पास आरपीएफ के आरक्षक राजेंद्र दाहिया ड्यूटी पर मौजूद थे। इटारसी की ओर जाने वाली पवन एक्सप्रेस ने जैसे ही प्लेटफार्म से रवाना हुई, एक बुजुर्ग यात्री दौड़ते हुए आए और चलती ट्रेन पर चढ़ने का प्रयास करने लगे। बुजुर्ग को ट्रेन से नीचे गिरता देखा तो लपककर तुरंत उसके हाथ पकड़ लिए, यात्री को बचाने के चक्कर में श्री दाहिया भी गिर गए और घिसट गए, जिसके बाद उन्होंने यात्री का हाथ मजबूती से पकड़े रखा आसपास के यात्री भी उन्हें बचाने दौड़ और यात्रियों ने बुजुर्ग के साथ आरपीएफ जवान और बुजुर्ग को प्लेटफार्म पर ऊपर खींच लिया। इसके बाद ट्रेन रुकवाई गई ।

हादसे के बाद बुरी तरह से घबराए यात्री को आरपीएफ आरक्षक राजेंद्र दाहिया पहले सांत्वना दी, जब उनकी घबराहट कम हुई तो उनको ट्रेन रुकवाकर कोच में बैठाकर गतंव्य स्थान के लिए रवाना कर दिया। हादसे का सीसीटीवी वायरल होने के बाद श्री दाहिया की यात्रियों के साथ ही अधिकारियों ने भी तारीफ की है।



मैं तो सिर्फ अपनी ड्यूटी कर रहा था। मेरे सामने जो घटनाक्रम हुआ उसमें यात्री की जान बचाने की ही सोच रहा था। इस दौरान मेरा भी संतुलन बिगड़ गया था। थोड़ी सी चूक होती तो मैं भी ट्रेन के नीचे आ सकता था। उन 2 यात्रियों का भी भला हो जिन्होंने मेरी समय पर मदद कर दी और हम बुजुर्ग को बचा सके।

**राजेन्द्र दाहिया,**
आरक्षक (आरपीएफ, पिपरिया)

---

केन्द्रीय पर्यवेक्षक धर्मेन्द्र प्रधान आज शाम पहुंचेंगे भोपाल

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए नामांकन आज, कल होगी घोषणा



**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी ने अपने प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव के लिए चुनाव कार्यक्रम जारी कर दिया है। पार्टी के संविधान और केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण के निर्देशों के अनुसार यह प्रक्रिया आयोजित की जाएगी। राज्य निर्वाचन अधिकारी विवेक शेजवलकर ने सोमवार को यह अधिसूचना जारी की गई। उन्होंने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष चुनाव के लिए नियुक्त केन्द्रीय पर्यवेक्षक एवं केन्द्र सरकार में मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान मंगलवार शाम 4 बजे भोपाल आएंगे। मंगलवार को ही अध्यक्ष चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगी। जरूरी हुआ तो अगले दिन 2 जुलाई को मतदान कराया जाएगा। देर शाम इस चुनाव के लिए 379 सदस्यों की सूची जारी की। यह सदस्य चुनाव में भाग लेंगे।

### अध्यक्ष पद के लिए प्रमुख दावेदार

मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा का कार्यकाल काफी लंबा रहा। बावजूद इनकी दावेदारी फिर से है। क्योंकि उनके कार्यकाल में सभी चुनावों में पार्टी को अभूतपूर्व सफलता मिली है। लेकिन पार्टी का एक वर्ग प्रदेश नेतृत्व में परिवर्तन का हिमायती है। अलग-अलग समीकरणों के हिसाब से देखा जाए तो अध्यक्ष पद के लिए पूर्व मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा, गोपाल भार्गव, विधायक हेमंत खंडेलवाल, केन्द्रीय मंत्री दुर्गादास उइके, डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी, लाल सिंह आर्य, अरविंद भदौरिया, अर्चना चिटनीस व कविता पाटीदार के नाम प्रमुख हैं।

### चुनाव कार्यक्रम

1 जुलाई को शाम 4:30 बजे से 6:30 बजे तक नामांकन पत्र जमा किए जाएंगे। इसके तुरंत बाद, 6:30 बजे से 7:30 बजे तक नामांकन पत्रों की जांच और 7:30 बजे से 8:00 बजे तक नामांकन वापसी की प्रक्रिया होगी। उसी दिन 8:30 बजे रात को नामांकन पत्रों की अंतिम सूची घोषित की जाएगी। यदि आवश्यक हुआ तो 2 जुलाई को सुबह 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक मतदान कराया जाएगा और मतदान की समाप्ति के तुरंत बाद दोपहर 2:00 बजे मतगणना एवं परिणामों की घोषणा की जाएगी।

---

आज से बदल जाएंगे कई नियम

## यूपीआई से लेकर पैन कार्ड तक शामिल

**तत्काल टिकट बुकिंग के कई नए भी नियम हो जाएंगे लागू**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जुलाई, 2025 से कई नए वित्तीय नियम लागू होने जा रहे हैं, जिसका आपकी जेब पर सीधा असर हो सकता है। इनमें यूपीआई चार्जबैक, नए तत्काल ट्रेन टिकट बुकिंग और पैन कार्ड के नियमों में बदलाव शामिल हैं। नेशनल पेमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) की ओर से हाल ही में सिस्टम को आसान बढ़ाने के उद्देश्य से यूपीआई चार्जबैक नियमों में बदलाव किया गया है।

मौजूदा समय में बहुत अधिक दावों के कारण सभी चार्जबैक रिक्वेस्ट को खारिज कर दिया जाता है। ऐसे में सही चार्जबैक रिक्वेस्ट को प्रोसेस करने के लिए बैंक को यूपीआई रेफरेंस कंप्लेंट सिस्टम (यूआरसीएस) के जरिए एनपीसीआई के पास जाकर केस को व्हाइटलिस्ट करना पड़ता है। 15 जुलाई के बाद एनपीसीआई की इसमें कोई भूमिका नहीं रहेगी। अगर बैंक को कोई चार्जबैक रिक्वेस्ट सही लगती है तो उसे वह एनपीसीआई से व्हाइटलिस्ट किए बिना प्रोसेस कर सकती है। यूपीआई चार्जबैक एक औपचारिक विवाद है जिसे यूजर तब उठाता है जब कोई लेनदेन विफल हो जाता है या जब भुगतान की गई सेवा या उत्पाद वितरित नहीं किया जाता है। यह यूजर को बैंक या भुगतान सेवा प्रदाता से धन वापसी की मांग करने की अनुमति देता है।

### पैन कार्ड के लिए आधार जरूरी

नए पैन कार्ड का आवेदन करने के लिए एक जुलाई से आपके पास आधार कार्ड होना जरूरी है। इससे पहले आप किसी भी वैध दस्तावेज या जन्म प्रमाणपत्र के जरिए पैन कार्ड के लिए आवेदन कर सकते थे। जुलाई 2025 से तत्काल टिकट बुकिंग के कई नए नियम लागू हो जाएंगे। 1 जुलाई 2025 से आईआरसीटीसी की वेबसाइट या इसके मोबाइल ऐप के जरिए तत्काल ट्रेन टिकट के लिए आधार सत्यापन अनिवार्य हो जाएगा। गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स नेटवर्क (जीएसटीएन) ने 7 जून, 2025 को घोषणा की थी कि मासिक जीएसटी भुगतान फॉर्म जीएसटीआर-3बी को जुलाई 2025 से एडिट नहीं किया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त, जीएसटीएन ने कहा था कि करदाताओं को देय तिथि से तीन वर्ष की अवधि समाप्त होने के बाद जीएसटी रिटर्न दाखिल करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

---

5 सौ किमी से अधिक की दूरी के लिए

## रेलवे ने यात्री किराया बढ़ाया

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रेलवे के लंबी दूरी के यात्री किरायों में एक जुलाई से वृद्धि की गयी है। बड़े शहरों की उपनगरीय तथा मासिक या त्रैमासिक सीज़न टिकट की दरों में कोई वृद्धि नहीं की गयी है।

रेल मंत्रालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार भारतीय रेलवे ने एक जुलाई से मेल-एक्सप्रेस गाड़ियों के अनारक्षित द्वितीय श्रेणी, स्लीपर श्रेणी एवं गैर वातानुकूलित प्रथम श्रेणी के किराये में एक पैसा प्रति किलोमीटर तथा सभी प्रकार की वातानुकूलित श्रेणियों में दो पैसे प्रति किलोमीटर की एक समान वृद्धि की है। सूत्रों के अनुसार साधारण पैसेंजर श्रेणी की ट्रेनों में अनारक्षित श्रेणी के टिकट की दरों में 500 किलोमीटर तक की दूरी की यात्रा के लिए कोई वृद्धि नहीं की गयी है, जबकि 501 किलोमीटर से 1500 किलोमीटर तक दूरी के टिकट पर पांच रुपये, 1501 से 2500 किलोमीटर के टिकट के लिए 10 रुपये तथा 2501 से 3000 किलोमीटर तक किराये पर 15 रुपये बढ़ाये गये हैं। इन्हीं गाड़ियों के स्लीपर श्रेणी और प्रथम श्रेणी के किरायों में आधा पैसा प्रति किलोमीटर बढ़ाया गया है। उपनगरीय और मासिक या त्रैमासिक सीज़न टिकट की दरों में कोई वृद्धि नहीं की गयी है।



रेल मंत्रालय के वाणिज्यिक परिपत्र में कहा गया है कि तेजस राजधानी, राजधानी, शताब्दी, दूरंतो, वंदे भारत, हमसफर, अमृत भारत, तेजस, महामना, गतिमान, अंत्योदय, गरीब रथ, जन शताब्दी, युवा एक्सप्रेस, गैर उपनगरीय पैसेंजर गाड़ियों, अनुभूति कोच एवं विस्टाडोम कोच आदि के मूल किराये नयी दरों के हिसाब से होंगे। आरक्षण शुल्क, सुपरफास्ट आदि शुल्क पूर्ववत रहेंगे और उनमें कोई वृद्धि नहीं की गयी है। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) भी पूर्ववत लागू रहेगा। उल्लेखनीय है कि इससे पहले रेलवे के यात्री किरायों में वर्ष 2014 में वृद्धि की गयी थी। सभी श्रेणियों के यात्री किराये में 14.2 प्रतिशत और माल भाड़े में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि की गयी थी, जो उस साल 25 जून से प्रभावी हो गयी थी।

वर्ष 2019 में मेल-एक्सप्रेस ट्रेनों में अनारक्षित श्रेणी में यात्रियों को प्रति किलोमीटर दो पैसे बढ़ाये गये थे। स्लीपर श्रेणी के किराये में दो पैसे और प्रथम श्रेणी के किराये में भी दो पैसे की बढ़ोतरी की गयी है। साधारण ट्रेनों के द्वितीय श्रेणी के किराये में प्रति किलोमीटर एक पैसे और स्लीपर श्रेणी के लिए भी किराये में एक पैसे की बढ़ोतरी की गयी थी। प्रथम श्रेणी के किराये में एक पैसे की बढ़ोतरी की गयी थी। सभी वातानुकूलित श्रेणियों में एक समान चार पैसे प्रति किलोमीटर की बढ़ोतरी की गयी थी। यह वृद्धि जनवरी 2020 से लागू हुई थी

# लोडिंग वाहन से पकड़ाई 50 पेटी शराब, दमोह से सागर में खपाने लाई जा रही थी

## कार्यवाही के दौरान दो आरोपी फरार



**सागर, देशबन्धु।** आबकारी विभाग की टीम ने सोमवार को शराब से भरा लोडिंग वाहन पकड़ा है। कार्यवाही में वाहन से 50 पेटी शराब जब्त की गई है। टीम को देख मौके से दो आरोपी फरार हो गये। जिनकी तलाश की जा रही है। आबकारी विभाग के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि दमोह की ओर से लोडिंग वाहन में बड़ी मात्रा में शराब का परिवहन किया जा रहा है। लोडिंग वाहन शराब लेकर सागर की ओर जा रहा है। सूचना मिलते ही विभाग की टीम कार्यवाही के लिये रवाना हुई। टीम ने बांसा-बलेह रोड पर स्थित ग्राम बिछुआ के पास चेकिंग लगाई। चेकिंग के दौरान लोडिंग वाहन आते हुये दिखा, जिसे रोकने का प्रयास किया गया। इसी दौरान वाहन में सवार दो आरोपी सड़क किनारे गाड़ी छोड़कर भाग गये। टीम ने लोडिंग वाहन को पकड़ लिया। तलाशी ली तो वाहन से 50 पेटी पवार व्हिस्की की शराब बरामद हुई। मामले में टीम ने शराब और वाहन जब्त किया है। आबकारी विभाग के एसआई सियाराम चौधरी ने बताया कि बिछुआ गांव के पास कार्यवाही कर पिकअप वाहन क्र. एमपी 70 जी 073 को पकड़ा। कार्यवाही के दौरान वाहन में सवार ड्राइवर और एक अन्य आरोपी फरार हो गया। वाहन से 50 पेटी शराब जब्त की गई है। आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच में लिया है। वाहन के रजिस्ट्रेशन नंबर से मालिक का पता लगाया जा रहा है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। शराब दमोह से सागर लाई जा रही थी। कार्यवाही में जब्त शराब की कीमत करीब 2.50 लाख रुपये है।

## 2 बाइक की आपस में भिड़ंत में 2 महिलाओं सहित पांच घायल

**बीना, देशबन्धु।** भानगढ़ रोड पर रविवार शाम 6.30 बजे बिहरना गांव के पास दो मोटर साइकिलों की आमने-सामने से भिड़ंत हो गई। इस हादसे में दो महिला सहित पांच लोग घायल हुये हैं। इनमें से एक महिला को सागर रेफर किया है। अस्पताल से मिली जानकारी के मुताबिक पाठक वार्ड निवासी दीपेंद्र पिता महावीर पाठक अपनी पत्नी प्रभा और दो बच्चों के साथ भानगढ़ की ओर से बीना आ रहे थे। बिहरना गांव के पास पहुंचते ही सामने से आ रही बाइक आमने सामने से टकरा गई। बाइक सवार दीपेंद्र और उनकी पत्नी को गंभीर चोटें आई हैं। पैर फ्रैक्चर होने के कारण महिला को सागर रेफर किया है। वहीं दूसरी बाइक पर एक वृद्ध महिला सहित तीन लोग सवार थे। दूसरी महिला के पैर में भी फ्रैक्चर आया है। बाइक चालक डर के कारण अस्पताल आने के बजाय घायल महिला को बाइक पर बैठकर ललितपुर चला गया। मौके पर मौजूद लोगों ने एम्बुलेंस से महिला को बीना भेजने कहा लेकिन वह तैयार नहीं हुआ। अस्पताल के मेमो पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## भक्तमाल कथा का आमंत्रण महापौर को दिया



**सागर, देशबन्धु।** श्री गुरूपूर्णिमा महामहोत्सव, श्री भक्तमाल कथा, संत समागम जो कि 3 से 10 जुलाई तक महंत श्री किशोरदास देव जू श्रीधाम वृन्दावन के सानिध्य में सम्पन्न होने जा रहा है। जिसकी शिष्य मंडल एवं धर्मप्रेमी बंधुओं द्वारा बड़े पैमाने पर तैयारियां चल रहीं हैं। जिसमें अनेक राष्ट्रीय संतजनों का एवं सागर बुंदेलखण्ड के सभी महंत, यज्ञाचार्य, कथाचार्य, विद्वान पंडितों का आगमन हो रहा है। साथ ही 3 से 10 जुलाई तक प्रतिदिन शाम 07 बजे से महाभोग, भोजन प्रसादी व भण्डारे का आयोजन नित्य नियम से सभी श्रद्धालुओं के लिये रहेगा। इसी को लेकर महापौर संगीता तिवारी के निवास पर पहुंच कर कथा का आमंत्रण दिया। शिष्य मंडल के वरिष्ठ सदस्य डॉ. अनिल तिवारी ने इस आयोजन की विस्तार से रूपरेखा महापौर से चर्चा कर बताया। महापौर ने कहा कि कथा स्थल पर जोभी आवश्यकता होगी उसमें मैं भी सहयोग करूंगी।

## बस स्टैंड की व्यवस्था सुधारने के हो रहे प्रयास



**सागर, देशबन्धु।** डॉ. हरिसिंह गौर मुख्य बस स्टैंड संभागीय मुख्यालय में लोक महत्व का प्रमुख स्थान है किंतु यहां प्रवेश द्वार से लेकर अंदर तक भिखारियों और मजदूर लोगों का जमघट लगा रहता है कि लोगों का आना-जाना मुश्किल हो जाता है। इसी को दृष्टिगत रखते हुये बस स्टैंड रेन बसेरा के प्रभारी अजय गुप्ता ने पुलिस बीट प्रभारी अनंत सिंह के साथ ऐसे सभी लोगों को समझाइश देकर यहां से रेन बसेरा में ठहराया और जगह खाली कराई उसके पश्चात यहां की साफ सफाई कराई गई किंतु देखने में आया कि रेन बसेरा में गिने-चुने पलंग है और इतना स्थान नहीं है की सभी लोगों को ठहराया जा सके। क्योंकि इसके विस्तार के लिये भवन को दीनदयाल रसोई संचालक को दे दिया गया है।

## अवैध शराब परिवहन कर विक्रय करने वाले फरार आरोपी को किया गिरफ्तार



**सागर, देशबन्धु।** थाना मोतीनगर ने 30 जून को वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में अवैध हथियार, अवैध शराब विक्रय एवं सार्वजनिक स्थलों पर शराब पीने वालों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान अंतर्गत प्रभावी कार्यवाही करते हुये एक फरार आरोपी को गिरफ्तार किया। 27 जून को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि दो व्यक्ति ग्रे रंग की इनोवा कार से शराब लेकर मसानझिरी रोड की ओर आने वाले हैं। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये थाना प्रभारी मोतीनगर द्वारा पुलिस टीम के साथ बताये गये स्थान मसानझिरी रोड, कनेरा देव पर घेराबंदी की गई। कुछ समय बाद जैसीनगर रोड की ओर से एक ग्रे रंग की इनोवा कार आती दिखाई दी, जिसे रोकने का प्रयास किया गया। इस दौरान कार चालक जंगल की ओर भाग गया। कार के आगे लगी नंबर प्लेट एमपी 15 बीए 1898 की थी। कार में ड्राइवर के बगल में बैठे व्यक्ति से पूछताछ पर उसने अपना नाम दीपेश पिता प्रेमनारायण कुर्मी 29 वर्ष निवासी पुरानी मकरोनिया बताया। कार की तलाशी लेने पर डिग्गी में 26 खाकी रंग के कार्टून पाये गये, जिनमें प्रत्येक में 50-50 पाव शराब ब्रांड पावर रखे थे। प्रत्येक पाव में 180 मि.ली. लाल रंग का पारदर्शी द्रव्य शराब पाया गया। इस प्रकार कुल 1300 पाव कुल मात्रा 234 लीटर शराब जिसकी अनुमानित कीमत 1,30,000 थी मौके पर विधिवत जप्त की गई। पूछताछ पर आरोपी शराब के परिवहन व भंडारण के लिये कोई वैध लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर सका। उक्त शराब से दो-दो पाव के नमूने जांच हेतु शीलबंद किये गये। आरोपी का कृत्य मप्र आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के अंतर्गत दंडनीय पाये जाने पर मौके पर कार एमपी 15 बीए 1898 एवं अवैध शराब जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। थाना मोतीनगर में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। विवेचना के दौरान गवाहों के कथन एवं स्थल निरीक्षण से फरार आरोपी अक्षय लरिया निवासी लाजपतनगर थाना कोतवाली के भी अपराध में संलिप्त होने के प्रमाण मिले। आरोपी की तलाश करते हुये उसे 30 जून को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें उसने अपराध करना स्वीकार किया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक जसवंत सिंह राजपूत थाना प्रभारी मोतीनगर, गौरव गुप्ता, वीरेन्द्र शर्मा, नदीम शेख, दुर्गेश पटैल, चंदन बिल्थरे, प्रेम कुमार का योगदान रहा।

## नगर निगम की विभिन्न शाखाओं के 8 कर्मचारी के सेवानिवृत्त होने पर किया सम्मान



**सागर, देशबन्धु।** नगर निगम की विभिन्न शाखों में पदस्थ 8 कर्मचारी 30 जून को सेवानिवृत हो गये। सभी 8 कर्मचारियों के सेवानिवृत्त होने पर निगमाध्यक्ष, आयुक्त ने नगर निगम सभाकक्ष में आयोजित सम्मान समारोह में स्वास्थ विभाग के मिट्ठू गणेश, मालती राजकुमार, सावित्री सुखदेव, अनीता प्यारेलाल, रामाधार लोकमन एवं सहायक राजस्व निरीक्षक जगदीश प्रसाद साहू, कामता चढार लाइनमैन, मनोज सोनी का शाल श्रीफल एवं पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर निगमाध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, निगमायुक्त राजकुमार खत्री एवं पार्षदों ने सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को स्वस्थ जीवन के लिये शुभकामनायें दी तथा उनके द्वारा नगर निगम में दी गई सेवाओं की सराहना की। सम्मान समारोह कार्यक्रम में कार्यालय अधीक्षक मनोज अग्रवाल, कर्मचारी कल्याण मोर्चा के अध्यक्ष हरेंद्र खटीक, राजेंद्र सेन, अनिल दुबे, राजेंद्र सनकत, शकुंतला गोस्वामी सहित भवन भूमि, लोक कर्म, स्थापना, लेखा, राजस्व, जलप्रदाय, वाहन एवं बाजार विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## मकरोनिया में बहेगी शिवभक्ति की गंगा

### 12 से 14 जुलाई तक होगा रूद्र महायज्ञ, पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं शिव महापुराण का आयोजन



**सागर, देशबन्धु।** उपनगरीय क्षेत्र मकरोनिया में स्थित वैदिक वाटिका में 12 से 14 जुलाई तक तीन दिवसीय श्री रूद्र महायज्ञ, पार्थिव शिवलिंग निर्माण और शिव महापुराण सत्संग का आयोजन किया जा रहा है। सांसद लता गुड्डू वानखेड़े द्वारा विश्व और देश कल्याण की भावना को लेकर कराये जा रहे आयोजन का यह चौथा वर्ष है जिसकी शुरूआत 30 जून को पं. केशव गिरी के सानिध्य में सांसद लता गुड्डू वानखेड़े द्वारा ध्वज और भूमि पूजन से की गई जिसमें विधिवत गणेश पूजन और अन्य देवताओं का विधिवत पूजन किया गया। यह आयोजन गृहस्थ संत पं. केशव गिरी के सानिध्य में 11 जुलाई को शाम 4 बजे कलश यात्रा निकाली जायेगी तथा 12 से 14 जुलाई तक प्रतिदिन सुबह 8 बजे से पार्थिव शिवलिंग निर्माण, रूद्र महायज्ञ तथा शिवमहापुराण सत्संग का आयोजन किया जायेगा। ध्वज और भूमि पूजन कार्यक्रम के पश्चात आयोजन की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई, जिसमें मुख्य रूप से समाजसेवी मीना ताई, हरिराम सिंह ठाकुर, सुखदेव मिश्र, डॉ. अनिल तिवारी, शारदा खटीक, नपाध्यक्ष मिहीलाल अहिरवार सहित बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी बंधु उपस्थित रहे, जिसमें पं. केशव गिरी ने कहा कि एक जन्म के पुण्य से व्यक्ति भगवान के प्रति आस्तिक होता है, सौ जन्मों के पुण्य से व्यक्ति की धर्म करने की लालसा उत्पन्न होती है और जब माता-पिता, पूर्वजों और कई जन्मो के पुण्यों का एकसाथ उदय होता है तब भगवान शिव के पूजन करने का सौभाग्य प्राप्त होता है। लता गुड्डू वानखेड़े ने कहा कि पं. केशव गिरी के सानिध्य में इस भक्ति रूपी परंपरा को लगातार आगे बढ़ाने का यह चौथा वर्ष है यह आयोजन प्रत्येक धर्मप्रेमी बंधु का आयोजन है इसलिये इस आयोजन को सफल बनाने और हर हर महादेव- घर घर महादेव का संदेश घर-घर तक पहुंचाने की अपील की ताकि हर नागरिक को धर्म लाभ का अवसर प्राप्त हो सके।

## अष्टाहिनाका पर्व के आठ दिन मोबाईल का नही करेगे उपयोग

**शाहगढ़, देशबन्धु।** शुरू हो रहे अष्ठनिहिका पर्व के आठ दिनों तक पाठशाला के बच्चों ने मोबाईल फोन से दूरी बनाये रखने का नियम लिया। नगर में विराजमान मुनिश्री समत्व सागर ने बच्चों को मोबाइल उपयोग नहीं करने का संकल्प दिलाया। उन्होंने बताया कि इसका मुख्य कारण बच्चों के स्वास्थ्य और मानसिक विकास पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों से उन्हें बचाना है। मुनिश्री ने बच्चों को मोबाइल फोन के उपयोग से होने वाले संभावित नुकसानों के बारे में जागरूक किया। बताया कि अत्यधिक मोबाइल उपयोग से बच्चों की आंखों में जलन, खुजली और थकान हो सकती है। बच्चों की एकाग्रता कम हो सकती है, पढ़ाई और अन्य गतिविधियों में उनका ध्यान भटक सकता है और वे चिड़चिड़े और गुस्सैल भी हो सकते हैं। मोबाइल फोन के अत्यधिक उपयोग से बच्चों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

## खराब खाद्य सामग्री के विक्रय एवं भंडारण नहीं करने के दिये निर्देश



**दमोह, देशबन्धु।** खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा जांच दल ने शहर स्थित रिटेल किराना स्टोर्स में निरीक्षण कार्यवाही करते हुये विक्रय की जा रही खाद्य सामग्री की जांच की। कार्यवाही में बस स्टैंड स्थित फ्रेश एन फाइन का निरीक्षण किया गया। उक्त दुकान में खराब हींग चना एवं मूंगफली नमकीन ग्राहक को बेचने की सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज हुई थी। निरीक्षण के दौरान परिसर से मौके पर विक्रय हेतु संग्रहित हींग चना एवं मूंगफली नमकीन के नमूनें जांच हेतु लिये गये। इन नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। खराब खाद्य सामग्री के विक्रय एवं भंडारण नहीं करने के सभी किराना दुकानदारों को निर्देश दिये।

## जल स्तर बढ़ाने में जल गंगा संवर्धन अभियान महत्वपूर्ण : कलेक्टर



**सागर, देशबन्धु।** जिले का जल स्तर बढ़ाने में जल गंगा संवर्धन अभियान महत्वपूर्ण अभियान साबित होगा। उक्त विचार कलेक्टर संदीप जीआर ने जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन अवसर पर व्यक्त किये। इसका मुख्य कार्यक्रम खंडवा में आयोजित किया गया जिसको कलेक्टर कार्यालय के एनआईसी कक्ष से सीधा सुना एवं देखा गया। कलेक्टर ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिये महत्वपूर्ण अभियान था इसके माध्यम से अनेक जल संरक्षण के कार्य किये गये जिसमें प्राचीन जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करने साफ सफाई कराई गई एवं जनजागरुकता के लिये चित्रकला, रंगोली, स्लोगन, निबंध प्रतियोगिता, दीवार लेखन, विद्यालयों में आईइएस की गतिविधियां, श्रमदान आदि की गतिविधियां आयोजित की गई। जिले में तालाबों का सीमांकन कर मुनारे स्थापित किये गये, तालाबों का गहरीकरण किया गया उन्हें अतिक्रमणमुक्त कराया। इसी प्रकार नवीन खेत तालाब, कूप रीर्चाज पिट, अमृत सरोवर का कार्य किया गया। इस अवसर पर उषा पटैल, अपर्णा यादव, जिला पंचायत सीईओ विवेक केवी सहित मौजूद थे।

## प्रशासन से नाखुश है समाज, बात नहीं बनी तो जाएंगे उच्च न्यायालय



**सागर, देशबन्धु।** श्री गुरु सिंघ सभा गुरुद्वारा भगवानगंज के चुनाव का मामला अब और ज्यादा गरमाता जा रहा है। समाज के अमरजीत सलूजा, गुरजीत सिंह, गुरमीत सिंह, सुखजीत सिंह समेत अन्य ने जिला प्रशासन पर चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराने में लापरवाही के आरोप लगाये हैं। उन्होंने कहा कि श्री गुरु सिंह सभा भगवानगंज के चुनाव को लेकर जो नियम है, उसका प्रशासनिक अधिकारी पालन नहीं कर रहे हैं। बाइलॉज के हिसाब से कमेटी ने अब तक 9 साल में ऑडिट रिपोर्ट पेश नहीं की है। मतदाता सूची में भी विसंगतियां हैं। समाज के लोगों ने उक्त मामले में जिला प्रशासन के सामने आपत्ति पेश की है और उनके निराकरण की मांग की है। समाज के लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि तय नियमों के अनुसार श्री गुरु सिंह सभा के चुनाव संपन्न नहीं कराये जाते हैं, तो वह इस मामले को मप्र हाई कोर्ट में चुनौती देंगे।

## 7 ग्रामों में अटल ग्राम सुशासन भवन निर्माण के लिये 2 करोड़ 62 लाख की राशि स्वीकृत

**सागर, देशबन्धु।** विधायक प्रदीप लारिया की मांग पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने नरयावली विधानसभा क्षेत्र के 7 भवन विहीन ग्राम पंचायतों में 2 करोड़ 62 लाख रुपये की राशि की स्वीकृति प्रदान की है। प्रत्येक ग्राम पंचायत भवन की लागत 37.49 लाख रहेगी। जिन ग्राम पंचायत में भवन निर्माण की स्वीकृति मिली है उसमें राहतगढ़ विकासखंड की जरारा, किशनपुरा, खैराई, सुमरेड़ी एवं सागर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत गढ़पहरा मुहाल, पगारा एवं किशनपुरा उदयपुरा तिवारी में नवीन भवन निर्माण किया जायेगा।

## सेवानिवृत्त हुये चार शिक्षकों ने बुजुर्ग शिक्षकों से लिया आशीर्वाद



**शाहगढ़, देशबन्धु।** सोमवार को एक साथ चार शिक्षकों की सेवानिवृत्ति ने सभी को भावुक कर दिया। सेवानिवृत हो रहे अशोक कुमार जैन प्रधानाध्यापक शास. कन्या शाला शाहगढ़, पुरुषोत्तम राठौर सहा. शिक्षक प्राथ. शाला हनुमान टोरा, किशोरी लाल सोनी सहा. शिक्षक उच्च. माध्य. विद्यालय शाहगढ़, रामभरोसे प्रजापति प्रधानाध्यापक शास. प्राथ. शाला नारायणपुरा ने सबसे पहले रिटायर्ड बुजुर्ग शिक्षकों से आशीर्वाद लिया। मंचासीन अतिथि सत्कार, स्वागत गीत के बाद शिक्षकों के सेवाकालीन कार्यों की सभी ने शिक्षकों के साथ बिताये यादगार पलों को साझा किया। विद्यार्थियों ने अपने प्रिय शिक्षकों को भावुक विदाई दी और उनके बताये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। सहकमर्मियों ने शिक्षकों को उनके भविष्य के लिये शुभकामनायें दी और उनके योगदान को याद किया। मुख्य अतिथि लखन सिंह लंबरदार ने कहा कि यह समारोह एक महत्वपूर्ण अवसर था, जहां शिक्षकों के वर्षों के समर्पण और सेवा को सम्मानित किया गया। बीईओ अशोक तिवारी सहित अनेक शिक्षकों ने भी अपने अनुभव साझा किये और अपने सहकर्मियों और छात्रों के साथ बिताये समय को याद किया उनकी सराहना की। कार्यक्रम का संचालन मुकेश भल्ला, निधि जेनम ने किया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में लखन सिंह लंबरदार, बीईओ अशोक तिवारी, एसपी स्वर्णकार, पीसी जैन, जीसी जैन, राम लोधी दलपतपुर, योगेश दुबे, राजेंद्र तिवारी, महेंद्र महुना, रामसींग लोधी आदि ने सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान कर उन्हें भावभीनी विदाई दी।

## जिले के विद्यालयों में कूड़ो प्रशिक्षण प्रारंभ होगा

**सागर, देशबन्धु।** कलेक्टर संदीप जी आर ने कूडो वर्ल्ड कप बुल्गारिया के लिये जाने वाले सागर के 4 खिलाड़ियों से कलेक्टर कक्ष में आमंत्रित कर चर्चा की एवं उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी। बुलगारिया यूरोप में जुलाई माह में आयोजित कूडो वर्ल्ड कप के लिये जाने वाली कूडो इंडिया टीम में मप्र के 8 खिलाडियों का चयन हुआ। जिसमें से 4 खिलाड़ी मोहम्मद सोहैल खान, उत्कर्ष पटेल, आर्यन सिंह एवं वैष्णवी सिंह सागर के हैं। कलेक्टर ने कहा कि आपके वर्ल्डकप के उपरांत सागर आने पर जिले के विद्यालयों में कूड़ो प्रशिक्षण देने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने तत्काल जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना अधिकारी को निर्देशित किया कि विद्यालयों में कूड़ो प्रशिक्षण देने के लिये तत्काल समय सारणी तैयार करें जिससे कि सभी विद्यालयों में कूड़ो का प्रशिक्षण शुरू कराया जा सके।

## संघर्ष करने के बाद ही मिलती है सफलता: डॉ. रावत

### अर्धवार्षिकी सेवानिवृत्ति पर कमिश्नर को दी गई भावभीनी विदाई



**सागर, देशबन्धु।** सेवानिवृत्त कमिश्नर डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि निरंतर संघर्ष करने के बाद ही सफलता मिलती है। मनुष्य को निरंतर अपने लक्ष्य के प्रति संघर्ष करना चाहिये तथा अपने बच्चों, परिजनों को भी कड़े परिश्रम कर आगे बढ़ने के लिए निरंतर प्रेरित करना चाहिये। मां की जिद संघर्ष और जुनून और प्रेरित करने के कारण मैंने अच्छी शिक्षा गृहण की और कलेक्टर और कमिश्नर के पद को सुशोभित किया। निरंतर प्रयासों से और कडे परिश्रम से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। आगे बढना है तो सतत् प्रयास करना होगा। प्रयासों के साथ-साथ परिश्रम भी करना होगा। सेवानिवृत्त कमिश्नर डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत आज कमिश्नर कार्यालय में आयोजित सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। सेवानिवृत्त कमिश्नर ने कहा कि सागर संभाग में मैं विभिन्न पदों पर तीन बार पदस्थ रहा। यहां के लोगों ने मुझे बहुत सम्मान दिया, इसके लिये मैं उनका सदैव आभारी रहूंगा। सागर संभाग के लोग मुझे सदैव याद रहेंगे। सेवा काल में मेरे कारण किसी भी व्यक्ति को कोई दुखः पहुंचा हो, तो मैं इसके लिये क्षमा प्रार्थी हूं। अपर कमिश्नर ने कहा कि सागर संभाग में सेवानिवृत्त अधिकारियों और कर्मचारियों को उनके स्वामित्वों का शीघ्र भुगतान करने की पहल सेवा निवृत्ति के दिन ही पीपीओ जारी करने की, अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों के निराकरण की पहल के और विकास कार्यो का प्रभावी कियान्वयन सुनिश्चित कराने के लिये सदैव याद किये जायेंगे। विदाई सम्मान समारोह में संयुक्त कमिश्नर राकेश शुक्ला, संयुक्त कमिश्नर विनय द्विवेदी ने भी संबोधित किया। विदाई सम्मान समारोह में कमिश्नर कार्यालय के अधिकारियों कर्मचारियों ने सेवानिवृत्त संभागायुक्त डॉ. रावत द्वारा दी गई सेवाओं के सम्मान पत्र का वाचन किया और स्मृति चिन्ह भेंट किया।

समारोह का संचालन धीरेन्द्र मिश्रा ने किया, आभार प्रदर्शन कार्यालय अधीक्षक प्रेम नारायण चढार ने माना। समारोह में वीरेन्द्र सिंह ठाकुर, शेफाली जैन, बृजेंद्र सिंह ठाकुर, डॉ. धीरेंद्र मिश्रा, ऋषि राणा सहित कमिश्नर डॉ. रावत के परिजन एवं कार्यालय के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

## सार समाचार

### एमसीबीयू में बीएससी कृषि आनर्स की मेरिट सूची जारी

**छतरपुर, देशबन्धु।** महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय की अध्यनशालाओं में नवीन सत्र 2025-26 में बीएससी कृषि आनर्स में प्रवेश के लिए मेरिट सूची सोमवार को जारी कर दी गई है। अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ आरएस सिसोदिया ने बताया इसमें प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन 10 जुलाई तक वनस्पति विभाग में शाम 5 बजे तक किया जाएगा। उन्होंने बताया विद्यार्थियों को इसके लिए पंजीयन फार्म, 10वीं और 12वीं की अंकसूची, आय, निवास व जाति प्रमाण पत्र, टीसी, माइग्रेशन सर्टिफिकेट, कैरेक्टर सर्टिफिकेट की मूल प्रति की स्कैन कॉपी दो-दो प्रतियों में लेकर आना होगा। दस्तावेज सत्यापन के बाद 12 से 16 जुलाई तक प्रवेश शुल्क जमा की जाएगी।

### बिना डिग्री क्लीनिक चला रहे फर्जी डॉक्टर पर मामला दर्ज

**छतरपुर, देशबन्धु।** नौगांव थाने के भदेसर गांव में बिना डिग्री के क्लीनिक चला रहे एक फर्जी डॉक्टर पर छापामार कार्यवाही करके स्वास्थ्य विभाग ने थाने में मामला दर्ज कराया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नौगांव की टीम ने राजस्व और पुलिस के साथ मिलकर छापामार कार्रवाई की। कार्रवाई की वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी भी कराई गई। इस दौरान आरोपी डॉ आलोक मंडल क्लीनिक से फरार हो गया। जांच में सामने आया कि आलोक मंडल के पास एलोपैथिक पद्धति से इलाज करने की डिग्री नहीं है। इसके बावजूद वह एलोपैथिक दवाइयों से मरीजों का इलाज कर रहा था। क्लीनिक से भारी मात्रा में एलोपैथिक दवाइयां जब्त की गई हैं। बीएमओ डॉ रविंद्र पटेल ने बताया आरोपी आलोक मंडल के खिलाफ मध्य प्रदेश मेडिकल काउंसिल से जुड़ी धाराओं में नौगांव पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है।

### सुरक्षा जवान एवं सुपरवाइजर की भर्ती के लिए लगाए जा रहे शिविर

**छतरपुर, देशबन्धु।** जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार के निर्देशन में एसआईएस सिक्योरिटी द्वारा जिले के 8 विकासखंडों में सुरक्षा जवान एवं सुपरवाइजर हेतु बेरोजगार युवाओं के लिए 24 जून से पंजीयन शिविर लगाए जा रहे हैं। जिसमें उक्त पदों पर पंजीकृत युवाओं को प्रशिक्षण उपरांत संस्था द्वारा स्थाई रोजगार से जोड़ जा रहा है।

जिले के समस्त विकास खंडों मे एक-एक दिवसीय विकासखंड स्तरीय जनपद पंचायतों में पंजीयन शिविर आयोजित किया जा रहा है। जिसमें 300 सुरक्षा जवान एवं 15 सुपरवाइजर कर्मियों के लिए इच्छुक बेरोजगार युवकों का पंजीयन किया जाना है। बताया गया है अभी तक पंजीयन कैंप 24 एवं 25 जून को जनपद पंचायत राजनगर, 26 एवं 27 जून को जनपद पंचायत नौगांव में, 30 जून को लवकुशनगर में आयोजित किए गए है। अब 1 जुलाई को जनपद पंचायत लवकुशनगर में, 2 को गौरिहार, 5 एवं 7 जुलाई को बिजावर, 8 एवं 9 जुलाई को बड़ामलहरा, 10 एवं 11 को छतरपुर, 14 को बक्सवाहा, 15 को ग्राम पंचायत चंद्रनगर, 16 को ग्राम पंचायत घुवारा एवं 17 जुलाई को नगर पंचायत सटई में सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

### शराब पीकर कार चला रहे प्रधान आरक्षक की लापरवाही से गई जान, पुलिस जांच में जुटी

# कार ने मोटर साइकिल को टक्कर मारी, पत्नी की मौत और पति घायल



**छतरपुर, बमीठा, देशबन्धु।** रविवार देर रात 12 से 1 बजे के बीच झांसी-खजुराहो फोरलेन हाइवे पर बमीठा थाना क्षेत्र के खैरी गांव के पास एक तेज गति से जाती हुई कार ने मोटर साइकिल से जा रहे दंपत्ति को जोरदार टक्कर मार दी। सड़क पर गिरे दंपत्ति को रौंदती हुई कार फेंसिंग तोड़ती हुई पलट गई। इस हादसे में पत्नी की मौत हो गई है, जबकि पति की हालत गंभीर है।

जानकारी के अनुसार ग्राम गंगवाह निवासी 38 वर्षीय राजाराम अहिरवार अपनी 35 वर्षीय पत्नी पार्वती के साथ मोटर साइकिल से गुलगंज में एक तेरहवीं में शामिल होकर बमीठा लौट रहा था। तभी फोरलेन हाइवे पर सामने से तेज रफ्तार में आ रही अल्टो कार क्रमांक एमपी 16 जेडसी 3527 ने मोटर साइकिल को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दंपत्ति उछलकर सड़क पर गिर गए। अनियंत्रित कार उन्हें रोंदती हुई सड़क किनारे लगी वायर फेंसिंग को तोड़कर खेत में जाकर पलट गई। हादसे में घायल दंपती को पहले हाईवे की एम्बुलेंस से जिला अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर उन्हें ग्वालियर रेफर किया गया। मऊरानीपुर के पास पत्नी पार्वती ने दम तोड़ दिया। जबकि राजाराम का इलाज मेडीकल कालेज ग्वालियर में किया जा रहा है, उसकी हालत गंभीर बताई गई है।

#### प्रधान आरक्षक की लापरवाही आई सामने

जिस आल्टो कार से ये दर्दनाक हादसा हुआ है उसके कांच पर पुलिस लिखा था, इसे पुलिस लाइन में पदस्थ प्रधान आरक्षक राकेश अहिरवार शराब के नशे में धुत्त होकर अंधी गति से दौड़ा रहा था। दुर्घटना के समय कार में 3-4 लोग थे। इनमें से किसी को ज्यादा चोट नहीं आई है। हादसे का एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ है, जिसमें नशे में घुत्त प्रधान आरक्षक राकेश राहगीरों से बहस करता दिख रहा है। जब एक राहगीर ने पूछा कि अगर महिला मर जाएगी तो क्या होगा, तो वह कहता है कोई मरता है तो मर जाए, हां मैंने किया एक्सीडेंट। बता दें कि ये वही नशेलची प्रधान आरक्षक है जिसे कुछ समय पहले सरवई थानें में पदस्थ रहने के दौरान नशा करके हंगामा करने की शिकायत पर एसपी ने लाइन अटैच करके पुलिस लाइन छतरपुर भेजा दिया था।

#### अब तक नहीं हुआ आरोपी गिरफ्तार

मृतका पार्वती के देवर रामदास अहिरवार ने रोते हुए बताया शराबी पुलिस वाले ने हमारा परिवार बर्बाद कर दिया। आरोपी की अब तक गिरफ्तारी नहीं की गई है। पुलिस बोल रही है पहले अंतिम संस्कार करो उसके बाद कार्रवाई करेंगे। हम बमीठा थाने आए हैं शिकायत दर्ज करवाने। आरोपी के खिलाफ जल्द ही केस दर्ज कर गिरफ्तारी की जानी चाहिए। बता दें कि हादसे का शिकार बना परिवार मूल रुप से गंगवाह ग्राम का रहने वाला है। वहां राजाराम खेती करता है और उसकी पत्नी पार्वती आंगनबाड़ी कार्यकर्ता थी। उनकी 17 साल की एक बेटी और 14 साल का बेटा है। वर्तमान में ये परिवार बमीठा में पावर हाउस के पास रहता है।

इनका कहना है

हादसे में महिला की मौत हो गई है। एक युवक गंभीर रुप से घायल है। महिला के शव का पोस्टमॉर्टम जिला अस्पताल में कराके परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। घटना की जांच की जा रही है।

**आशुतोष सिंह**
थाना प्रभारी, बमीठा

### यूपी में यादव समाज पर अत्याचार पर जताया विरोध, दिया ज्ञापन



**छतरपुर, देशबन्धु।** सोमवार को अखिल भारतीय युवा यादव महासभा ने उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में यादव समाज के कथा वाचकों के साथ हुई अमानवीय घटना के विरोध में प्रदर्शन किया है। लोगों ने नारेबाजी करते हुए एसपी कार्यालय पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन दिया है। ज्ञापन में कहा गया कि 22 जून को हाथरस के एक गांव में यादव समुदाय के कथा वाचकों के साथ अमानवीय तरीके से मारपीट की गई है। इस घटना के बाद जो वीडियो सामने आया है, वह पूरे समाज को झकझोरने वाला है। महासभा ने इसे सामाजिक एकता और संविधान की भावना पर सीधा हमला बताया है। युवा महासभा ने केंद्र सरकार से मांग की है कि जातिगत हिंसा रोकने के लिए ठोस नीति बनाई जाए, दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। सभी ने इसे सामाजिक न्याय की लड़ाई बताते हुए केंद्र सरकार से जल्द न्याय की मांग करके चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो यादव समाज देशव्यापी आंदोलन करेगा। महासभा के जिलाध्यक्ष हृदेश यादव ने आरोप लगाया कि हाथरस में यादव समाज के कथा वाचकों की चोटी काटी गई, उन पर मूत्र फेंककर मारपीट की गई, लेकिन सरकार ने पीड़ितों पर ही एफआईआर दर्ज कर दी है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार ओबीसी, एससी-एसटी वर्ग पर बुलडोजर चलाकर कार्रवाई करती है लेकिन असल में गुंडों को संरक्षण दे रही है। प्रदर्शन में यादव महासभा के युवा अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष सहित महासभा के कई पदाधिकारी और युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सेवानिवृत्ति पर प्रधानाध्यापक राजेश शर्मा को दी गई विदाई



**हरपालपुर, देशबन्धु।** शासकीय प्राथमिक विद्यालय नाउपहारिया में लंबे समय तक उल्लेखनीय भूमिका निभाकर 30 जून को सेवानिवृत्त हुए प्रधानाध्यापक राजेश शर्मा को विद्यालय प्रबंध समिति ने स्मृति चिन्ह और शॉल भेंटकर भावभीनी विदाई दी है।

कार्यक्रम में प्राचार्य प्रेमचन्द्र अनुरागी, परम्परा बचाओ समिति के सदस्य स्वामी सिंह परमार, महेन्द्र त्रिपाठी, मनोज सिंह परिहार, विजय गंगले, शिक्षकों में हरेन्द्र सिंह सेगर, गरिमा त्रिपाठी, सीएसी शिवम पटेरिया, सरपंच राजेश यादव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने सेवानिवृत्त प्राधानाध्यापक श्री शर्मा के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा उनकी सेवानिवृत्ति से नाउपहारिया विद्यालय के एक स्वर्णिम अध्याय का अंत हो गया है। शिक्षा के प्रति उनका समर्पण और आदर्श सदैव प्रेरणास्रोत बने रहेंगे। श्री शर्मा ने सभी के प्रति आभार जताते हुए कहा शिक्षा सिर्फ किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने का माध्यम है। शिक्षक ईमानदारी से अपनी भूमिका निभाएं और छात्र पढ़ाई के प्रति संवेदनशील बनें।

### किसानों को वितरित किए खरीफ फसल के बीज



**खजुराहो, देशबन्धु।** राजनगर के कृषि कार्यालय में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी बीके श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में किसानों का एमपी किसान ऐप में पंजीयन करके उन्हें मूंग, अरहर, उड़द, मूंगफली, धान और ज्वार जैसी फसलों के खरीफ बीजों का वितरण किया गया। श्री श्रीवास्तव ने किसानों से एमपी किसान ऐप पर अपने पंजीयन कराके बीज प्राप्त करने का आग्रह किया है। इस मौके पर जनपद पंचायत राजनगर कृषि स्थाई समिति के अध्यक्ष प्रतिनिधि बृजगोपाल पटेल, कृषि विस्तार अधिकारी राजनगर, अजय यादव, हर्षित लखेरा, नितिश तिरोले, अनमोल शुक्ला, सुरभि मालवीय, अर्पित जैन सहित कई किसान मौजूद थे।

## फड़ पर लाखों के दांव लगाते 14 आरोपी पकड़े, एक लाख 10 हजार रुपए और 8 कारें जब्त



**छतरपुर, देशबन्धु।** जिले के थाना बाजना क्षेत्र के ग्राम नयाखेरा में एक पहाड़ी पर चल रहे जुए के एक बड़े फड़ की घेराबंदी करके पुलिस ने छापा मारा है। वहां लाखों के दांव लगाते हुए 14 आरोपियों को पकड़कर उनके पास से एक लाख 10 हजार रुपए, 8 लग्जरी कारें, 14 मोबाइल फोन सहित कुल 35 लाख रुपए से अधिक की संपत्ति जब्त की गई है।

एसडीओपी बड़ामलहरा रोहित अलावा ने बताया पहाड़ी पर जुआ खेलते हुए छतरपुर के अमित अहिरवार पुत्र जानकी प्रसाद गल्ला मंडी, कल्लू सोनी पुत्र रमाशंकर सोनी चौक बाजार, अरविंद पुत्र तिजवा अनुरागी टोरिया मोहल्ला, रिषिपाल ठाकुर पुत्र पंचम सिंह नारायणपुर रोड, नरेश राय पुत्र जगत देव हाउसिंग बोर्ड कालोनी, नितिन सिंह परिहार पुत्र मनोज सिंह पठापुर रोड, राहुल पटेल पुत्र लखन लाल विश्वनाथ कॉलोनी, शहजाद खान पुत्र नफीस खान परिहार मार्केट, महेंद्र पटेल पुत्र गया प्रसाद पटेल देरी रोड, पूरनलाल चैरसिया पुत्र बहोरीलाल सर्किट हाउस के पास, सरमन कोरी पुत्र मोहन कोरी टोरिया मोहल्ला, ग्राम शिवराजपुर थाना बमीठा के सुरेंद्र खैरा पुत्र हरप्रसाद खैरा, हकीम बैना पुत्र मुस्ताक बैना खरगापुर जिला टीकमगढ़ और अखिलेश यादव पुत्र भूपत यादव ग्राम लेवा थाना अजनर उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया गया है।

एसडीओपी ने बताया जुंवा के फड़ व जुआरियों के पास से 1 लाख 10 हज़ार रुपए नगद, ताश के पत्ते, आठ कारों में क्रेटा, वेन्यू, अर्टिगा, डिजायर, वैगन आर, आल्टो, ईको वैन और डटसन जैसी लग्जरी कारें व 14 मंहगे मोबाइल जब्त किए गए हैं। सभी 14 आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट और क्षेत्र का माहौल खराब करने पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

### कैंट पुलिस ने पकड़ा चैक बाउंस के मामले में फरार स्थाई वारंटी

**गुना, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के निर्देश पर, गुना पुलिस जिले में विभिन्न अपराधों और वारंटों में फरार आरोपियों को पकड़ने के लिए अभियान चला रही है। इसी क्रम में, सीएसपी गुना भरत नोटिया के पर्यवेक्षण में, केंट थाना पुलिस ने चेक बाउंस के एक मामले में लंबे समय से फरार चल रहे एक स्थायी वारंटी को गिरफ्तार किया है। गुना न्यायालय में चेक बाउंस के प्रकरण क्रमांक 75/24, धारा 138 एनआई एक्ट में आरोपी कमल सिंह पुत्र पर्वत सिंह प्रजापति निवासी गुलाबगंज केंट गुना न्यायालयीन कार्यवाही से लंबे समय से फरार था, जिसके लिए न्यायालय ने उसकी गिरफ्तारी हेतु स्थायी वारंट जारी किया था। केंट थाना पुलिस लगातार वारंटी कमल सिंह प्रजापति की तलाश कर रही थी।

## सेवानिवृत शिक्षक विजय पाठक व 2 अन्य को दी विदाई



**छतरपुर, देशबन्धु।** स्थानीय हायर सेकेंडरी स्कूल क्रमांक 2 में सोमवार को तीन लोक सेवकों की सेवानिवृत्ति पर उन्हें विदाई दी गई। इनमें सेवानिवृत शिक्षक विजय पाठक भी थे।

जानकारी के मुताबिक सोमवार को पीएम श्री हायर सेकेंडरी स्कूल क्रमांक 2 से विजय पाठक, वीके द्विवेदी एवं अनुपम सिन्हा सेवानिवृत हुए हैं। प्राचार्य राजीव श्रीवास्तव ने तीनों सेवानिवृ लोक सेवकों को स्मृति चिन्ह देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा सेवानिवृत्ति एक प्रशासनिक व्यवस्था है लेकिन ज्ञान बांटने का कार्य निरंतर चलता रहता है।

उल्लेखनीय है 24 फरवरी 1963 को गौरिहार तहसील अंतर्गत ग्राम बसराही के विजय पाठक ने अपनी नौकरी भीमकुंड से शुरू की थी। उन्होंने कुंडेश्वर, अपने ग्रह ग्राम के पास महयाबा में भी सेवाएं दी। 1994 से 2000 तक मॉडल बेसिक स्कूल छतरपुर में कार्य किया। सन 2000 से आज तक उन्होंने हायर सेकेंडरी स्कूल क्रमांक 2 में सेवाएं दी और सेवानिवृत्त हो गए।

### बीएलओ का प्रशिक्षण 3 जुलाई से

**छतरपुर, देशबन्धु।** विधानसभा क्षेत्र 51 छतरपुर के अंतर्गत वोटर लिस्ट को त्रुटिरहित बनाने के लिए मतदान केंद्र क्रमांक 1 से 256 तक बीएलओ को 3 जुलाई से मतदान केन्द्रवार प्रशिक्षण दिया जाएगा। एसडीएम व निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ने बताया कि ये प्रशिक्षण 3 जुलाई से शुरु होगा, जो 5, 8, 10, 11 और 12 जुलाई को प्रात: 9 से सायं 6 बजे तक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 छतरपुर में प्रशिक्षण शिविर लगेंगे। प्रशिक्षण देने के लिए मास्टर ट्रेनर्स, प्रभारी अधिकारियों और ऑपरेटर्स की ड्यूटी लगाई गई है।

### लोगों को दिलाया भरोसा : अधूरी पड़ी पुलिया का शीघ्र किया जाएगा निर्माण





**हरपालपुर, देशबन्धु।** नगर के वार्ड नं 2 लहचूरा रोड में कृषि उपज मंडी बोर्ड द्वारा गत वर्ष सीसी रोड़ तो बनवाई गई, बीच में एक नाले पर पुलिया का निर्माण नहीं कराया गया। अब शीघ्र ही इसका निर्माण कराया जाएगा।

पुलिया न बनने के कारण बारिश का पानी नाला के गंदे पानी के साथ सड़क पर आ रहा है। इससे वार्डवासी व स्कूली बच्चे परेशान हो रहे हैं, हादसे का डर भी बना हुआ है। बारिश में यह समस्या बढ़ती जा रही। बता दें मंडी द्वारा आरसीसी रोड का निर्माण कृषि उपज मंडी तक करवाया गया, मगर ठेकेदार द्वारा बीच में ही कार्य को अधूरा छोड़ दिया गया था। इस मार्ग पर आवागमन ज्यादा होने से अक्सर लोग चोटिल होते हैं, साथ ही पुलिया निर्माण न होने से बारिश का पानी सड़क पर आ जाता है। सोमवार को नगर परिषद अध्यक्ष अमित अग्रवाल, उयन्त्री धीरेन्द्र तोमर ने वार्ड नं 2 लहचूरा रोड पर मंडी द्वारा कराय गए अधूरे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। वार्ड के लोगो से बात करके आश्वाशन दिया कि जल्द ही मंडी बोर्ड से एनओसी लेकर परिषद नाले के निर्माण का प्रस्ताव पारित कर टेंडर निकालकर जल्द से जल्द नाले के निर्माण कार्य कराएगी।

### बारिश ने खोली नपा के सफाई के दावों की पोल, पानी के साथ नजर आने लगी गंदगी

# सड़क पर फैला नालियों का कचरा, खाली पड़े प्लाट बने कचरा घर





*__छतरपुर, देशबन्धु।__ मानसून की पहली बारिश ने नपा के सफाई के दावों की पोल खोल दी है। दरअसल पानी के साथ नालियो से बाहर आई गंदगी अब सड़कों पर नजर आने लगी है। सड़क पर नालियों का कचरा फैला हुआ है, वहीं खाली पड़े प्लाट कचरा घर बन गए हैं। गंदगी से लोगों की परेशानी बढ गई है।*

*शहर की चौबे कॉलोनी वार्ड 23 में मरिया माता स्कूल के आगे नरसिंहगढ़पुरवा मार्ग के आसपास गंदगी का नजारा देखा जा रहा है। बारिश के कारण नालियों से कचरा निकलकर फैला हुआ है। खाली पड़े प्लाट पर नियमित सफाई न होने से नजारा नारकीय बना है। यहां के निवासियों ने बताया कि उन्होंने कई बार नगर पालिका में आवेदन दिए तब कहीं जाकर एकाध बार यहां सफाई की जाती है। दो चार दिनों में ही हालात जस के तस हो जाते हैं। लोगों ने बताया नालियों से मलबा निकालकर सड़क किनारे लगा दिया जाता है जो बारिश में कई दिनों तक पड़ा सड़ रहा है। आसपास के रहने वाले लोगों को सड़ रहे कचरे से उठने वाली दुर्गंध से सांस लेना भी मुश्किल हो रहा है। मारियामाता स्कूल के आगे से नरसिंहगढ़ पुरवा को जोड़ने वाले मार्ग के हालात बारिश में बदतर हो गए हैं। कचरे से चोक नालियों की गंदगी बारिश के साथ बाहर आकर फैली हुई है। लोगों ने बताया खाली पडे प्लाटों में लोग कचरा फेंकते है। बारिश में इसी कचरे से उठती बदबू अब लोगों के लिए परेशानी की वजह बन गई है। खाली पड़े प्लाट घूरे में तब्दील हो गए हैं।*

*वार्ड नंबर 23 के नरसिंहगढ़ पुरवा मार्ग निवासी आनंद शर्मा का कहना है नगर पालिका के कर्मचारी यहां सफाई नहीं करते हैं तो निजी स्तर पर सफाईकर्मियों से यहां सफाई कराना पड़ती है। यहां के पार्षद को इन समस्याओं से कोई लेना देना नहीं है। चाहें स्ट्रीट लाइट खराब हों या बारिश में हर तरफ गंदगी का नजारा हो।*

*लोगों का ये भी कहना है कि जिस प्रकार से शहर में बाजार की सड़कों पर कचरा फेंकने वालों के चालान किए जाते हैं उसकी तरह वार्डों व कालोनियों में खाली पडे प्लाटों या सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंकने वाले लोगों के भी चालान किए जाना चाहिए।*

### जोरदार बारिश से पूरा अंचल तरबतर, भारी बारिश का एलर्ट जारी



**छतरपुर, देशबन्धु।** जिले में पिछले कई दिनों से बारिश का सिलसिला जारी है। 24 घंटे में जोरदार बारिश से पूरा अंचल तरबतर हो गया है। मौसम विभाग ने भारी बारिश का एलर्ट जारी किया है।

छतरपुर जिले में शुक्रवार शाम 5 बजे से शुरु हुई बारिश अभी तक जारी है। जिले में सोमवार को कुल 145.4 मिमी बारिश दर्ज की गई है। क्षेत्रवार बारिश के आंकड़ों के अनुसार गौरिहार में सर्वाधिक 111 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। वहीं लवकुशनगर में 30 मिमी, छतरपुर में 2.4 मिमी और नौगांव में 2 मिमी बारिश दर्ज हुई है। जबकि बिजावर, राजनगर, बड़ामलहरा और बक्सवाहा ब्लाक मे बारिश नहीं हुई है। न्यूनतम तापमान 24 डिग्री और अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार सोमवार को जिले में 98 प्रतिशत नमी रही। हवा की गति 14 किमी प्रति घंटा मापी गई है। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में भारी बारिश की संभावना जताते हुए अलर्ट जारी किया है।

देशबन्धु

सागर, मंगलवार 1 जुलाई 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



# क्या ये हेटस्पीच नहीं है

रविवार को पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ एक रैली आयोजित की गई। इमारत-ए-शरिया फुलवारी शरीफ की ओर से आयोजित इस रैली में आरजेडी, कांग्रेस और जेडीयू समेत सभी दलों के बड़े नेताओं को बुलाया गया था। इस रैली में इंडिया गठबंधन के दल शरीक हुए। जिसमें बिहार में नेता प्रतिपक्ष राजद नेता तेजस्वी यादव के भाषण की खूब चर्चा हो रही है। तेजस्वी यादव ने कहा कि पूरब से पश्चिम, उत्तर से दक्षिण हिंदुस्तान की सरजमीं का हर एक-एक इंच, हर पन्ना चीख-चीखकर इस बात की गवाही देता है कि हमारे स्वतंत्रता संग्राम की लड़ाई में चाहे हिंदू हो या मुसलमान, सिख हो या ईसाई सब लोगों ने इस देश की आजादी के लिए कुर्बानी देने का काम किया है। ये देश किसी के बाप का देश नहीं है। ये हम सब का देश है।

वक्फ संशोधन कानून लाकर किस तरह मस्जिदों, मदरसों, कब्रगाहों की जमीन को छीनने की योजना बनाई जा रही है, इसका खुलासा तेजस्वी ने किया और इसमें जमीन के बाद वोट छीनने की चालाकी के बारे में भी जनता को आगाह किया। दरअसल चुनाव आयोग की तरफ से मतदाता सूची पुनरीक्षण का जो फैसला लिया गया है, उसमें यह आशंका बढ़ रही है कि बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम काटे जाएंगे। अगर चुनाव आयोग यह कदम पहले उठाता, तब बात दूसरी होती, लेकिन चुनाव से चंद महीने पहले ही उसे मतदाताओं की जांच की जरूरत क्यों पड़ी, पिछले साल चुनाव से पहले इस बारे में ध्यान क्यों नहीं दिया गया, ये सारे सवाल अब उठ रहे हैं। अवैध मतदाता, बांग्लादेशी घुसपैठिए इन शब्दों की आड़ में कहीं गरीबों, पिछड़ों के वोट का अधिकार तो नहीं छीना जा रहा है, यह सवाल भी उठ रहा है, क्योंकि अपने साथ-साथ अपने माता-पिता का जन्म प्रमाणपत्र या अन्य पहचान वाले दस्तावेज जुटाना साधारण, गरीब आदमी के लिए आसान नहीं होगा। फिर चुनाव आयोग क्यों इस मुश्किल को खड़ा कर रहा है, यह विपक्ष की बड़ी आपत्ति है। जब गांधी मैदान में वक्फ संशोधन कानून के विरोध के लिए लोग जुटे तो तेजस्वी यादव ने इस बारे में भी कहा कि आपकी जमीन को छीना जा रहा है। अब भाजपा सत्ता से जाने वाली है तो हम सब के गरीब, पिछड़ा, अति पिछड़ा और दलित सब लोगों के वोट के अधिकार को छीना जा रहा है। मतदाता सूची में संशोधन के नाम पर आपके वोट के अधिकार को छीनने का प्रयास किया जा रहा है। ये बहुत बड़ी साजिश है। इसलिए आप लोग सचेत रहियेगा और ऐसा होने मत दीजिएगा।

भाजपा को उम्मीद नहीं होगी कि इस मंच का इस्तेमाल अब उसके बाकी फैसलों के विरोध के लिए भी हो सकता है। हालांकि अब तो भाजपा का जो नुकसान होना है, वो हो चुका है। अब इसकी भरपाई के लिए भाजपा ने कोशिशें शुरु कर दी हैं और इस चक्कर में फिर एक गलती कर दी है। दरअसल रविवार को तेजस्वी यादव ने बड़ा ऐलान दावा किया था कि अगर उनकी सरकार बनी तो वे इस बिल को प्रदेश में लागू नहीं होने देंगे और कूड़ेदान में फेंक देंगे। इस बात को भाजपा संविधान और संसद का अपमान बता रही है। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि 'अभी हाल ही में हमने भारत के लोकतांत्रिक इतिहास के सबसे दुर्दांत काले अध्याय आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण किए, लेकिन बड़े दुख की बात है कि पटना के उसी गांधी मैदान में जहां आपातकाल के दौरान संविधान की रक्षा और संविधान के सम्मान के लिए जान की परवाह किए बिना लाखों लोग एकत्र हुए थे, वहां एक ऐसी रैली हुई, जिसमें इंडिया गठबंधन के सहयोगी बिहार के नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि संसद के कानून को (वक्फ बोर्ड कानून) कूड़ेदान में फेंक देंगे, जबकि यह कानून (वक्फ बोर्ड कानून) दोनों सदनों से पारित है और कोर्ट में विचाराधीन है। इसका अर्थ ये हुआ कि न संसद का सम्मान न न्यायपालिका का सम्मान।' श्री त्रिवेदी यहीं नहीं रुके, उन्होंने आगे कहा कि वक्फ समाजवाद के विचार के खिलाफ है। उनका विचार संविधान को नीचा दिखाना, उसे तोड़ना है। वे गरीब मुसलमानों के साथ नहीं बल्कि उन चंद लोगों के साथ खड़े हैं जो सारी संपत्तियों पर कब्जा करना चाहते हैं। यह समाजवाद नहीं बल्कि नमाजवाद है।'

चूंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अक्सर ऐसे गंभीर विषयों पर चुप लगा जाते हैं, या फिर देर से बोलते हैं और अगर बोलते हैं तो उनमें ठोस तर्कों की जगह खोखली बातें ज्यादा होती हैं, इसलिए फिलहाल सुधांशु त्रिवेदी के वक्तव्य को ही पार्टी का आधिकारिक स्टैंड कहा जाएगा। वक्फ संशोधन कानून का विरोध भाजपा की निगाह में अगर संविधान, संसद, न्यायपालिका सबका अपमान है, तो फिर तीन कृषि कानूनों को निरस्त करने का जो फैसला नरेन्द्र मोदी ने लिया था, क्या उसे भी भाजपा संसद का अपमान ही कहेगी, क्योंकि कृषि विधेयक भी संसद के दोनों सदनों से पारित होकर ही कानून बने थे। लेकिन किसानों के एक साल से ज्यादा वक्त तक चले आंदोलन के बाद खुद प्रधानमंत्री मोदी ने इन्हें वापस लेने का ऐलान किया था और कहा था कि मेरी ही तपस्या में कोई कमी रही होगी। जब कृषि कानून निरस्त हो सकते हैं, तो वक्फ संशोधन कानून भी वापस लिया जा सकता है। दूसरी बात जिस तरह समाजवाद और नमाजवाद की तुक सुधांशु त्रिवेदी ने मिलाई है, क्या उसे नफरती भाषण की तरह नहीं समझा जाना चाहिए, यह बड़ा सवाल है।

लोकतंत्र में न समाजवाद पर किसी को आपत्ति करने का हक है, न किसी के नमाज पढ़ने, पूजा करने, या अपनी मर्जी के धार्मिक स्थल जाने या न जाने पर कोई सवाल उठा सकता है। लेकिन भाजपा ने जिस तरह समाजवाद नहीं बल्कि नमाजवाद है, कहा है, उसमें नमाज पढ़ने को गलत, गैरकानूनी, अनैतिक बताने की परोक्ष कोशिश भाजपा की तरफ से दिखाई दे रही है। नमाजवाद वैसे तो कोई शब्द है नहीं, न ही हो सकता है। जब हम प्रार्थनावाद, पूजावाद, हवनवाद, जपवाद नहीं कहते हैं, तो फिर नमाजवाद कैसे कह सकते हैं। लेकिन भाजपा प्रवक्ता ने इस अनर्गल शब्द के जरिए एक प्रार्थना पद्धति को अपमानित किया है, जो सरासर गलत है और इस पर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को अपना पक्ष रखना चाहिए कि क्या वह भी इससे सहमत हैं।

इंडिया गठबंधन की बढ़ती ताकत से हड़बड़ाई भाजपा अपना पक्ष मजबूत करने की जगह ऐसे बयानों से और कमजोर होगी, यह बात पार्टी नेतृत्व को समझना चाहिए।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण या मताधिकार पर हमला

यह अगर संयोग ही है तब भी बहुत कुछ बताने वाला संयोग है। 25 जून को, जिस दिन बड़े जोर-शोर से 'संविधान हत्या दिवस' के नाम से मौजूदा शासन द्वारा इंदिरा गांधी की इमरजेंसी की पचासवीं बरसी मनायी जा रही थी, ठीक उसी रोज बिहार में, जहां अब से कुछ ही महीने में विधानसभा के चुनाव होने हैं, मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण या स्पेशल इंटेंसिव रिव्यू (एसआईआर) की प्रक्रिया शुरू हो रही थी। इस तरह, जिस तारीख से संविधान तथा जनतंत्र के लिए खतरनाक निहितार्थों के साथ इमरजेंसी निजाम की शुरूआत हुई थी, ठीक उसी तारीख से मतदाता सूचियों में भारी काट-छांट की यह प्रक्रिया शुरू की जा रही है, जिसके जनतंत्र की बुनियाद, सार्वभौम वयस्क मताधिकार के लिए ही खतरनाक नतीजे होने जा रहे हैं।

बेशक, इस प्रक्रिया की शुरूआत फिलहाल बिहार से हो रही है। और बिहार के सिलसिले में इस प्रक्रिया के संभावित दुष्परिणामों को रेखांकित करने के अलावा, करीब-करीब सभी जानकार और टिप्पणीकार एक और समस्या की ओर ध्यान खींच रहे हैं। प्राय: सभी जानकार इस पर एकमत हैं कि बिहार के चुनाव से पहले इस प्रक्रिया का पूरा होना, इसके लिए तय की गयी समय सूची का पालन हो पाना, लगभग 'असंभव' है। समय सूची के अनुसार, 24 जून को भारत के चुनाव आयोग द्वारा उक्त विशेष गहन पुनरीक्षण का नोटिस जारी किए जाने के बाद, महीने भर के अंदर सभी 8 करोड़ से अधिक मतदाताओं के हस्ताक्षरित फार्म बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) के माध्यम से / आयोग की वैबसाइट के जरिए आयोग के पास पहुंच जाने चाहिए, ताकि संशोधित मतदाता सूची में इन नामों को शामिल किए जाने पर विचार किया जा सके। याद रहे कि बचे हुए एक महीने से कम समय में जिन मतदाताओं के हस्ताक्षरयुक्त तथा आवश्यक प्रमाणपत्रों से युक्त फार्म आयोग के पास पहुंच जाएंगे, उनके और सिर्फ उन्हीं के नाम संशोधित मतदाता सूची में शामिल होने के विचारार्थ स्वीकार किए जाएंगे। जो ये फार्म नहीं भर पाएंगे या जिनके मुकम्मल फार्म तय अंतिम तारीख तक आयोग के पास नहीं पहुंच पाएंगे, वे खुद ब खुद प्रस्तावित मतदाता सूचियों से बाहर हो जाएंगे। बेशक, अब तक के मतदाता सूचियों में शामिल मतदाताओं को, उनके मतदाता सूचियों में जुड़ने की तारीख के हिसाब से तीन अलग-अलग श्रेणियों में बांटा गया और इनमें से हरेक श्रेणी में आने वाले मतदाताओं से अलग-अलग हद तक दस्तावेजों की मांग की गयी है, लेकिन अपने जन्मस्थान व जन्म तिथि के प्रमाण के साथ अर्जी देने की शर्त सभी 8 करोड़ से अधिक मतदाताओं के लिए है। एक महीने से कम समय में यह प्रक्रिया पूरी होना असंभव है।

बिहार के ही संदर्भ में विपक्षी पार्टियों द्वारा भी और अनेक स्वतंत्र प्रेक्षकों द्वारा भी यह याद दिलाया गया है कि बिहार में ही मतदाता सूचियों का गहन पुनरीक्षण 2003 में किया गया था। लेकिन, उस समय इस प्रक्रिया के पूरा होने में दो साल लगे थे। जाहिर है कि पुनरीक्षण के नाम में, गहन से पहले, विशेष का विशेषण और जोड़ने से ही, इसमें लगने वाला समय, बहुत कम नहीं हो जाएगा। फिर भी मुद्दा सिर्फ इस पूरी प्रक्रिया के लिए उपलब्ध समय का ही नहीं है, हालांकि बिहार के संदर्भ में इस जल्दबाजी का भी विशेष अर्थ भी है और महत्व भी। इसी दौरान चुनाव आयोग ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि मतदाता सूचियों के विशेष सघन पुनरीक्षण का यह प्रोजेक्ट पूरे देश के पैमाने पर लागू किया जाएगा—पहले बिहार में, फिर उन राज्यों में जहां अगले चक्र में विधानसभाई चुनाव होने हैं और फिर बाकी सभी राज्यों में भी। इस संदर्भ में समय-सारणी की अनुपयुक्तता से भी ज्यादा महत्वपूर्ण इस प्रक्रिया के लिए



राजेंद्र शर्मा

> बिहार के ही संदर्भ में विपक्षी पार्टियों द्वारा भी और अनेक स्वतंत्र प्रेक्षकों द्वारा भी यह याद दिलाया गया है कि बिहार में ही मतदाता सूचियों का गहन पुनरीक्षण 2003 में किया गया था। लेकिन, उस समय इस प्रक्रिया के पूरा होने में दो साल लगे थे। जाहिर है कि पुनरीक्षण के नाम में, गहन से पहले, विशेष का विशेषण और जोड़ने से ही, इसमें लगने वाला समय, बहुत कम नहीं हो जाएगा।

अपनायी जाने वाली पद्धति से जुड़े अन्य मुद्दे हो जाते हैं। अंग्रेजी की यह कहावत इस पर एकदम फिट बैठती है कि-डेविल इज़ इन डिटेल यानी राक्षस तो ब्यौरे में है!

बहरहाल, प्रक्रिया के इन ब्यौरों में जाने से पहले, एक नजर यह निर्णय जिस तरह लिया गया है, उसके अलोकतांत्रिक मनमानेपन पर डालना भी अनुपयुक्त नहीं होगा। हैरानी की बात नहीं है कि बिहार में ही नहीं बल्कि देश भर में लगभग समूचे विपक्ष ने चुनाव आयोग द्वारा बम की तरह अचानक अपने सिर पर इस फैसले के फोड़ दिए जाने की भी तीखी आलोचना की है। नये मुख्य चुनाव आयुक्त के आने के बाद, राजनीतिक पार्टियों के साथ परामर्श में भी और आम तौर पर भी चुनाव आयोग ने आने वाले समय के लिए अपनी जो डेढ़ दर्जन प्राथमिकताएं बतायी थीं, उनमें इसका कोई जिक्र नहीं था। यहां तक कि बिहार में राजनीतिक पार्टियों के साथ चुनाव की तारीखों की घोषणा की ऐन पूर्व-संध्या में बुलायी गयी आखिरी बैठक में भी इसका कोई जिक्र नहीं था। जैसे चुनाव आयोग को एक दिन अचानक मतदाता सूचियों में ऐसा पुनरीक्षण कराने की जरूरत का इलहाम हुआ और उसने राजनीतिक पार्टियों से, जो चुनाव में मुख्य खिलाड़ी होती हैं, किसी भी चर्चा के बिना ही यह फैसला थोप दिया। लेकिन क्यों?

जाहिर है कि चुनाव आयोग ने इसके पक्ष में मतदाता सूचियों को स्वच्छ बनाने की दलील दी है। नये नाम जुड़ने तथा मृतकों के नाम कटने की कमजोरियों से लेकर, पलायन से लेकर अवैध घुसपैठ तक की दलीलें दी हैं। लेकिन, ये दलीलें बहानेबाजी ही ज्यादा लगती हैं। इस बहानेबाजी में जो सांप्रदायिक इशारे झांक रहे हैं, वे भी किसी से छुपे नहीं रहेंगे। सच्चाई यह है कि बिहार से अब जो प्रक्रिया शुरू हो रही है, एक प्रकार से समूची मतदाता सूची ही नये सिरे से बनाए जाने की प्रक्रिया है। क्या 2024 के आम चुनाव जिस मतदाता सूची के आधार पर हुए थे, उसे पूरी तरह से खारिज करने के जरिए चुनाव आयोग आम चुनाव की वैधता को ही खारिज नहीं कर रहा है। यह सिर्फ बिहार में चुनाव के लिए ही नहीं है, पूरे देश में आम चुनाव के लिए ही है, क्योंकि यह नुस्खा पूरे देश के लिए ही पेश किया जा रहा है। यह दिलचस्प है कि चुनाव आयोग ने चंद महीने पहले ही देश भर में मतदाता सूचियों के समरी रिवीजन की प्रक्रिया पूरी की थी। उसके बाद अचानक मतदाता सूची ही नये सिरे से बनाए जाने का निर्णय लिए जाने की क्या तुक है?

अब हम ब्यौरों पर आते हैं। इसके लिए अपनायी जाने वाली पद्धति या प्रक्रिया के ब्यौरों का पहला पक्ष, उसके मूल सिद्धांत का है। अब तक भारत में मतदान सूची में लोगों को भर्ती करना राज्य या शासन की जिम्मेदारी रही है। मताधिकार की आयु पूरी होते ही, हरेक व्यक्ति मत का अधिकारी हो जाता है और उसका नाम मतदाता सूची में दर्ज करना चुनाव आयोग अपनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मानता आया है। नयी प्रक्रिया में, जिसमें मतदाता सूची में नाम लिखवाने के लिए मतदाता को अपने हस्ताक्षरों के साथ और विभिन्न प्रमाणों के साथ अर्जी देनी है, यह जिम्मेदारी सीधे-सीधे मतदाता पर डाल दी गयी है। अब जो इस प्रक्रिया को पूरा नहीं कर पाएगा, स्वाभाविक रूप से मतदाता सूची में नहीं आएगा। उसका छूट जाना, चुनाव आयोग या शासन की सिरदर्दी नहीं है। यह जनतंत्र की अभिव्यक्ति के रूप में चुनाव की व्यवस्था की ही जड़ पर कुठाराघात है।

ब्यौरों का दूसरा पहलू, अपनायी जाने वाली प्रक्रिया से है। प्रक्रिया यह तय की गयी है कि जुलाई 1987 से पहले से जो मतदाता हैं यानी जिनकी आयु 48 वर्ष या उससे अधिक है, उन्हें अपने जन्म स्थान/तिथि का ही प्रमाण देना होगा और मतदाता सूची में अपने नाम की यथावत मौजूदगी का प्रमाण। लेकिन, जो जुलाई 1987 से लेकर 2 दिसंबर 2004 तक मतदाता बने हैं, उन्हें उक्त प्रमाणों के साथ अपने माता-पिता में से किसी एक का जन्म स्थान/ तिथि प्रमाणपत्र भी देना होगा। और 2 दिसंबर 2004 के बाद जो मतदाता बने हैं, यानी जिनकी आयु 18 से 21 वर्ष है, उन्हें माता-पिता, दोनों का जन्म स्थान/तिथि प्रमाणपत्र देना होगा। माता/ पिता के जन्म स्थान के सत्यापन का मतदाता के रूप में रजिस्ट्रेशन के लिए अनिवार्य किया जाना, इस पूरी प्रक्रिया को डरावने तरीके से नेशनल रजिस्टर ऑफ सिटीजन्स या एनआरसी तैयार करने की विवादास्पद प्रक्रिया की प्रतिलिपि बना देता है। क्या मोदी सरकार खुद एनआरसी में विफल होने के बाद, अब चुनाव आयोग की आड़ में ही यह मकसद पूरा करने की कोशिश नहीं कर रही है, जिसका मकसद गरीब अल्पसंख्यकों की नागरिकता पर संदेह खड़े करना भी लगता है।

लगभग सभी विपक्षी राजनीतिक पार्टियों ने और स्वतंत्र टिप्पणीकारों ने उचित ही यह सवाल उठाया है कि इस तरह के प्रमाण, कम से कम बिहार जैसे पिछड़े राज्य में, कितने लोग दे सकते हैं? और इससे भी महत्वपूर्ण यह कि क्या इन शर्तों के जरिए एक तरह मतदाताओं की छंटनी ही नहीं हो रही होगी, जिसमें गरीब, अशिक्षित और सामाजिक रूप से दबे हुए लोग, खुद ब खुद मताधिकार से वंचित हो जाएंगे। बेशक, चुनाव आयोग ने प्रमाणों के मामले में कुछ विकल्प भी दिए हैं। लेकिन, सभी जानकार इस पर एकमत हैं कि ये वैकल्पिक प्रमाण भी, इस सच्चाई को भेद नहीं सकते हैं कि गरीबों, अशिक्षितों और सामाजिक रूप से दबे हुए तबकों का बड़ा हिस्सा, इस छन्नी से छानकर बाहर कर दिया जाएगा। दूसरी ओर उसी प्रकार संपन्न, शिक्षित, सवर्णों का बड़ा हिस्सा, इस छन्नी से छनकर मतदाता सूचियों में पहुंच जाएगा।

दुर्भाग्य से ऐसा होना चुनाव आयोग के अलोकतांत्रिक मनमाने फैसले का अनचाहा दुष्परिणाम नहीं लगता है। इसके विपरीत, ऐसा लगता है कि इसी वांछित दुष्परिणाम के लिए चुनाव आयोग ने अचानक और किसी गुप्त प्रेरणा से यह कदम उठाया है। बेशक, बिहार के संदर्भ में यह और भी प्रखर रूप से देखा जा सकता है, लेकिन वास्तव में यह कमोबेश देश के पैमाने पर सच है कि गरीब, अशिक्षित, सामाजिक रूप से दबे हुए तबकों का ज्यादा झुकाव, बिहार में महागठबंधन और देश के पैमाने पर इंडिया गठबंधन के साथ खड़ी पार्टियों के पक्ष में है और इसी प्रकार संपन्न, शिक्षित, सवर्ण तबकों का उतना ही ज्यादा झुकाव मौजूदा सत्ताधारियों के पक्ष में है। यही तात्कालिक चुनावी राजनीतिक सैटिंग चुनाव आयोग के जरिए, वर्तमान सत्ता द्वारा खेले जा रहे लाखों गरीबों को मताधिकार से ही वंचित करने के इस जनतंत्रविरोधी खेल के पीछे है। जनतंत्र की हिफाजत करने के लिए इस षड्यंत्र को विफल करना ही होगा।

**(लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)**

# आपातकाल और शरद यादव!

ये संयोग ही है कि आपातकाल के साक्षी रहे शरद यादव की इस वर्ष की जन्म वर्षगांठ उस समय है जब देश में केंद्र और कई राज्य सरकारें आपातकाल के पचास वर्ष पूरे होने पर चर्चा जोरों-शोरों से कर रही हैं। विगत दिनों, केंद्र सरकार के साथ-साथ 'डबल इंजन' की सरकारों ने इमरजेंसी लगने वाले दिनों को 'काला अध्याय', 'काला दिवस', तथा 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में याद किया और मनाया गया।

तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की सरकार द्वारा 25 जून 1975 को घोषित आपातकाल के दौरान, समाजवादी नेता और 'मंडल मसीहा' शरद यादव मीसा कानून (मेंटेनेंस ऑफ इंटरनल सिक्योरिटी एक्ट, 1971) के तहत विभिन्न जेलों में रहे। मीसा से पहले भी छात्र आंदोलन के चलते जेल जा चुके थे। आपातकाल लगने से पूर्व, फरवरी 1974, में ही शरद यादव जबलपुर लोकसभा क्षेत्र के उपचुनाव में सबसे युवा सांसद बने थे।



रामबहोर साहू

> शरद यादव साझी विरासत के पक्षधर थे। 'साझी विरासत बची रहेगी तो देश बचा रहेगा', जाति नहीं बल्कि जमात जोड़ो, सामाजिक न्याय, विषमता, जाति जनगणना, के प्रबल हिमायती रहे और आम लोगों से मिलने -जुलने, संवाद करने आदि के लिए हमेशा उपलब्ध रहते थे। जिसका अब अभाव हो गया है।

मंडल मसीहा समाजवादी नेता शरद यादव का जन्म 1 जुलाई 1947 को हुआ। मूलत: होशंगाबाद जिले के गांव आंखमऊ से आने वाले शरद यादव ने जबलपुर के रॉबर्टसन कॉलेज (अब शासकीय विज्ञान महाविद्यालय और महाकौशल कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय) से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में स्नातक की उपाधि प्राप्त की, वह भी गोल्ड मेडल सहित।

जबलपुर में छात्र आंदोलन से राष्ट्रीय राजनीति के पटल में उभरे शरद यादव ने अपने राजनीतिक जीवन में गरीबी, बेरोजगारी, अत्याचार व भ्रष्टाचार के विरुद्ध लगातार आवाज उठाई। जबलपुर विश्वविद्यालय के निर्वाचन में धांधली के खिलाफ धरना-प्रदर्शन कर उन्होंने उस मुद्दे को जोर शोर से उठाया। स्वयं छात्र संघ चुनाव लड़े और छात्रसंघ 'विश्वविद्यालय' चुनाव में विजयी होकर छात्र नेता से 'शरद भाई' की संज्ञा पाने वाले शरद यादव का आपातकाल के दौरान और बाद में अपनी राजनीति से देशभर में यही नाम कायम रहा।

इंदिरा गांधी सरकार की नीतियों के विरुद्ध देशव्यापी जन आंदोलन की अगुआई जयप्रकाश नारायण कर रहे थे, तब 1974 के जबलपुर लोक सभा के उपचुनाव में संयुक्त जनता पक्ष ने शरद यादव को अपना उम्मीदवार बनाया। चुनाव चिन्ह मिला 'हलधर किसान'। उनके चुनाव प्रचार सभाओं में स्वयं जयप्रकाश भी पहुंचे। कांग्रेस के धनाढ्य प्रत्याशी सेठ गोविंददासजी को पराजित कर शरद यादव ने महज 27 वर्ष की उम्र में सांसद बनने का गौरव अर्जित किया।

शरद यादव जबलपुर से दो बार लोक सभा के लिए निर्वाचित हुए - 1974 और 1977 में। जब साल 1977 में जनता पार्टी के गठन पर इसी 'हलधर किसान' चिन्ह के साथ जनता पार्टी को मिला, लोकसभा चुनाव जीता और केंद्र में सरकार बनाई। हालांकि जनता पार्टी की सरकार पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा नहीं कर सकी। फिर भी उस अल्प अवधि में जनता पार्टी ने दो प्रधानमंत्री देश को दिए—मोरारजी भाई देसाई व चौधरी चरण सिंह।

1980 में जनता पार्टी का विघटन हुआ। संपूर्ण क्रांति के सूत्रधार लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी ने एकता के इस आंदोलन में अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी समेत कई नेताओं को संगठित किया था। लेकिन मतभेदों के चलते विघटन भी उसी तरीके से हुआ जैसा कि गठन हुआ था।

एक अंतराल के बाद, बोफोर्स तोप का मामला पुन: से विपक्षी दलों को एकजुट करने का माध्यम बना। तत्कालीन वित्त व रक्षा मंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह के नेतृत्व में जनता दल का गठन हुआ, और जनता दल (राष्ट्रीय मोर्चा) सरकार के वे प्रधानमंत्री बने; हालांकि यह सरकार भी केवल ग्यारह माह ही रही। तत्पश्चात, चंद्रशेखर ने कांग्रेस नेता राजीव गांधी की रणनीति के चलते 'समर्थन' से छह माह के लिए प्रधानमंत्री पद संभाला।

शरद यादव लोकसभा के 5वें, 6वें, 10वें, 11वें, 13वें एवं 15वें सत्रों के लिए तीन राज्यों से चुने गए तथा उच्च सदन राज्यसभा के तीन सत्रों के लिए निर्वाचित होकर दोनों सदनों में सामाजिक और राष्ट्रीय मुद्दों को बखूबी से उठाया। उनके व्यंग्यात्मक शिल्प ने सदन में बहसों को जीवंत बनाया। अपनी लम्बी और यादगार राजनीतिक पारी में वे मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और बिहार से दोनों सदनों के लिए चुने जाते रहे। अंत: बिहार को राजनीतिक कर्मभूमि बनाया।

शरद यादव साझी विरासत के पक्षधर थे। 'साझी विरासत बची रहेगी तो देश बचा रहेगा', जाति नहीं बल्कि जमात जोड़ो, सामाजिक न्याय, विषमता, जाति जनगणना, के प्रबल हिमायती रहे और आम लोगों से मिलने -जुलने, संवाद करने आदि के लिए हमेशा उपलब्ध रहते थे। जिसका अब अभाव हो गया है।

मंडल मसीहा और प्रखर समाजवाद के समर्थक शरद यादव को उनकी की 78वीं जयंती पर कोटि-कोटि नमन।

**(लेखक विचार मंच से जुड़े हैं।)**



## ललित सुरजन की कलम से

### ओसियां और जोधपुर

*'दूर-दूर तक फैला रेगिस्तान। जैसे रेत का समुद्र। आज से कई लाख साल पहले यहां समुद्र ही तो था। इस जनहीन विस्तार के बीच में कहीं-कहीं बालुई चट्टानों से बनी पहाडियां। मरुस्थल की जड़ता को तोड़ती हुई। मैं कल्पना कर रहा हूं आज से बारह-तेरह सौ साल पहले के समय की। इस निर्जन में किसे और क्यों सूझा होगा कि यहां मंदिर बनाया जाए तो क्या शायद यहां कोई छोटी-मोटी बस्ती रही होगी? वहीं कहीं आसपास मीठे पानी का कोई स्त्रोत रहा होगा। अगर पानी न होता तो मनुष्य की बसाहट भी कैसे होती? मैं कल्पना के घोड़े दौड़ाता हूं तो एक बात समझ आती है। यह जगह पश्चिमी भारत से उत्तर भारत को जोडने़ वाले किसी यात्रापथ पर रही होगी। शायद प्राचीन सिल्क रूट की कोई शाखा! आते-जाते काफिले मीठे पानी के सरोवर के पास डेरा डालते होंगे। धीरे-धीरे यहां स्थायी बस्ती बसी होगी। तब पहले कोई मुखिया, फिर कोई राजा यहां का शासक बन गया होगा और यह स्थान उस प्राचीन समय के मानचित्र पर अंकित हो गया होगा।'*

*'मैं बात कर रहा हूं ओसियां की। जोधपुर के पास बसा एक प्राचीन नगर जहां आठवीं शताब्दी से बारहवीं शताब्दी के बीच निर्मित मंदिरों का एक पूरा समूह है। मंदिरों की कुल संख्या दो दर्जन के आसपास होगी।'*

**देशबन्धु में 29 अक्टूबर 2015 को प्रकाशित**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2015/10/blog-post_30.html

## आज डॉक्टर्स डे

### भगवान एक बार जीवन देता है डॉक्टर बार-बार बचाता है

खेत में किसान, सीमा पर सैनिक, विद्यालय में शिक्षक और अस्पताल में डॉक्टर न हों तो मानवीय समाज का जीवन कठिन हो सकता है। इस पृथ्वी पर जिजीविषा को मूर्तरूप प्रदान करने में डॉक्टर्स की भूमिका अतुलनीय रही है।

डॉक्टर मसीहा का पर्याय है। अधमरे इंसान में जान फूंकने , रोगियों को स्वस्थ करने और हमारे अपनों को दूर जाने से बचाने में जो डटे रहते हैं , वहीं वास्तव में डॉक्टर है । वही मसीहा हैं। जब-जब लगा कि अब इस दुनिया को अलविदा कहने का समय आ गया है, तब-तब ईश्वर का प्रतिनिधि बनकर चिकित्सकों के रूप में एक इंसान ने दस्तक दी और असमय मृत्यु से बचा लिया। चिकित्सकों के समुदाय ने सदियों से यह सिद्ध कर दिखाया है कि जिंदगी दोबारा भी मिल सकती है। दरअसल एक डॉक्टर एक दिन में अनेकों बार जीता और मरता है। जब भी उसके हाथों कोई रोगी ठीक होता है, तब उसे लगता है कि उसका जीवन सार्थक हो गया। इसके विपरीत जब तमाम कोशिशों के बाद भी वह रोगी को नहीं बचा पाता है , तब उसे लगता है कि सब कूछ समाप्त हो गया। इस प्रकार की स्थिति से प्रतिदिन दो-चार होना आसान नहीं कहा जा सकता है। डॉक्टर की काबिलियत के चलते ही हर वह इंसान जो बीमार है और उसका परिवार डॉक्टर की तरफ उम्मीद भरी नजरों से देखता है। यदि अस्तित्व विहीन हो जाना इस जीवन की नियति है, तो अस्तित्व को बरकरार रखना डॉक्टर के जीवन का ध्येय है। देखा जाए तो डॉक्टर का मूल लक्ष्य जीविकोपार्जन अथवा धंधा करना नहीं बल्कि जिंदगी और मौत से जूझ रहे इंसान को येन केन प्रकारेण बचाना है।

हमारे वैद्यराजों ने अनादिकाल से आयुर्वेद के दम पर गंभीर से गंभीर रोगों का इलाज कर अपनी योग्यता सिद्ध कर दिखाई है। आज की आधुनिक जीवन शैली ने चिकित्सा जगत को बड़ी चुनौतियों में डाल रखा है। अब आयुर्वेद पर विश्वास उतना नहीं रहा जितना भारतवर्ष के सादगीपूर्ण जीवनशैली के समय था। इसका जो कारण मुझे समझ में आता हैं वह बिगड़े पर्यावरण के रूप में दिखाई पड़ रहा है । खानपान से लेकर मानवीय समाज में जीवनयापन कर रहे हम लोगों ने अपने ऋषि-मुनियों द्वारा बताई गई दिनचर्या को न मानकर ही अपने शरीर के अंदर बीमारियों का बीजारोपण किया है। अब हमारे वानस्पतिक वृक्षों में भी वह ताकत नहीं रही जो सदियों पहले हुआ करती थी। यही कारण हैं कि वर्तमान युग में बीमारियों से लड़ने वैज्ञानिक शोधों का सहारा लेना पड़ रहा है। हमारा चिकित्सा विज्ञान जितना प्रगति कर रहा है, बीमारियों के नए-नए रूप भी बढ़चढ़ कर चुनौती पेश करते दिख रहे हैं। मानवीय शरीर में रोग-प्रतिरोधक शक्ति का क्षीण होना ही वह कारण है कि हमारे चिकित्सा वैज्ञानिकों को तुरंत असर करने वाली दवाइयों का आविष्कार करना पड़ा। आज के चिकित्सकों का जीवन हमारे जाने-माने वैद्यराजों से कहीं अधिक चुनौतीपूर्ण बन पड़ा है।

एक डॉक्टर का जीवन चुनौतीपूर्ण होने के साथ ही साथ अनेक मौकों पर कठिन भी हो सकता है। डॉक्टर की काबिलियत के आधार पर यह पेशा उन्हें समाज में व्यक्तिगत प्रतिष्ठा से भी जोड़ा जाता है। हर चिकित्सक का अनुभव अद्वितीय होता है। यही गुण उनकी विशेषता बनकर, कार्य, वातावरण और व्यक्तिगत लचीलेपन से नया आकार ग्रहण कर लेता है। चुनौतियों और पुरस्कारों के बीच संतुलन बनाना चिकित्सा क्षेत्र में स्थायी और संतोषजनक करियर की कुंजी मानी जा सकती है।

**-डा. सूर्यकांत मिश्रा**

## आपके पत्र

### प्रकृति का रौद्र रूप कहीं बाढ़ कहीं भूस्खलन

भारत में वर्षाकाल मे भीषण वर्षा के फलस्वरुप बाढ़, भूस्खलन और नदियों में उफान आने से उत्तरांचल ,उत्तराखंड, असम, मेघालय, दिल्ली और पंजाब भीषण त्रासदी झेल रहे हैं और बड़ी संख्या में लोगों की मृत्यु भी हो गई है। देश के साथ विश्व में कई देशों में अतिवृष्टि से बाढ़ का प्रकोप होता है लैंडस्लाइडिंग भी होती है पर सर्वाधिक मृत्यु भारत में ही होती है। भारत में भूकंप के झटके भी लगते हैं कई बार भूकंप भी आता है और जान माल की हानि होती है।

यह ऐसा तो है नहीं कि अति वर्षा कई सालों में एक बार होती हो, वर्षा, बाढ़ तथा लैंडस्लाइडिंग का प्रकोप हर वर्ष अखबारों में हम पढ़ते हैं और लोगों की मृत्यु होती है तो ऐसे में केंद्र तथा राज्य सरकारों को आपस में सामंजस्य बिठा कर इस त्रासदी तथा विपदा का पहले से प्रबंध करने की व्यवस्था होनी चाहिए जिससे आमजन को जान माल का कम से कम नुकसान हो सके । आपदा सदैव अनअपेक्षित घटना होती है जो मानवीय नियंत्रण से बाहर तथा प्राकृतिक व मानवीय कारकों द्वारा मूर्तरूप दी जाती है। प्राकृतिक आपदा अल्प समय में बिना किसी पूर्व सूचना के घटित होती है, जिससे मानव जीवन के सारे क्रियाकलाप अवरुद्ध हो कर,जान और माल की बहुत हानि होती है। आपदा की गहनता, विशालता एवं निरंतरता मानव जीवन तथा समाज, देश को बड़ी हानि पहुंचाते हैं, एवं उस देश की आर्थिक स्थिति में गहरी चोट करते हैं। इन प्राकृतिक आपदाओं से देश की प्रगति पर चोट पहुंचती है तथा राष्ट्र को आर्थिक रूप से बहुत पीछे खींच कर ले जाती है।

आपदा प्रबंधन में जापान से सीख ली जा सकती है क्योंकि जापान आपदा प्रबंधन में विश्व में अग्रणी देश माना जाता है। जापान पृथ्वी के ऐसे क्षेत्र में अवस्थित है, जहां भूकंप, सुनामी, ज्वालामुखी जैसी प्राकृतिक आपदाएं सदैव आती रहती हैं। जापान में आपदा प्रबंधन की अत्याधुनिक तकनीक को याकोहामा रणनीति कहा जाता है। जापान में आपदा प्रबंधन की साल भर नियमित रूप से मॉनिटरिंग कर एक्सरसाइज की जाती रहती है, एवं आपदाओं पर निरंतर निगरानी तथा नजर रखी जाती है,एवं इसके निदान के लिए पूर्व से ही सुनियोजित योजना बनाकर नागरिकों को सुरक्षित कर लिया जाता है। भारत को भी इसी तरह आपदा प्रबंधन को अपनाकर हमें बाढ़, अतिवृष्टि, लैंडस्लाइडिंग तथा भूकंप से पूरी क्षमता के साथ सामना करना चाहिए।

आपदाओं के प्रति मानवीय सभ्यता के संदर्भ में समाज के आर्थिक सामाजिक रूप से कमजोर वर्ग को ज्यादा प्रभावित करती है एवं समाज का सबसे संवेदनशील तबका यानी वृद्ध व्यक्ति, महिलाएं, बच्चों, दिव्यांग लोगों को प्राकृतिक आपदाओं से सबसे ज्यादा खतरा बना रहता है। आपदा के समय सबसे ज्यादा निम्न आय वर्ग का व्यक्ति तथा मजदूर तबके का व्यक्ति सबसे ज्यादा प्रभावित होकर उसकी दिनचर्या समूह रूप से छिन्न-भिन्न हो जाती है, एवं आर्थिक साधन भी नष्ट हो जाते हैं, जिससे उसे आजीविका का एक बड़ा भय सताने लगता है।

**-संजीव ठाकुर**

# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बण्डा का आपातकालीन वार्ड यथावत रखने नगरवासियों ने सौंपा ज्ञापन

**बण्डा, देशबन्धु।** बण्डा नगर में स्थित सार्वजनिक सामुदायिक केन्द्र का आपातकालीन वार्ड पुरानी बिल्डिंग में यथावत रखने 30 जून को बण्डा नगर के नगरवासियों ने पैदल मार्च निकालकर जिलाधिकारी के नाम अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में लेख है कि स्वास्थ्य सेवाओं को उन्नत बनाने के उद्देश्य से सिविल अस्पताल का निर्माण किया गया था जिसका संचालन भी प्रारंभ हो गया है। परन्तु पुरानी बिल्डिंग से स्वास्थ्य सेवाओं का संचालन पूर्णत: बंद कर दिया है जिसे यथावत रख जायें क्योंकि सिविल अस्पताल नगर से 4 किलोमीटर दूर होने के कारण आवागमन का साधन न होने के अभाव में आम नागरिकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गौरतलब है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का पुराना भवन नगर के बीचों बीच है जहां



सभी लोग आसानी से पहुंच सकते हैं, आपातकालीन स्थिति में पुराना भवन जहां पर आसानी से पहुंचा जा सकता है जिससे क्षेत्रवासियों को स्वास्थ्य सेवायें सुगमता से उपलब्ध हो सकतीं हैं। नगरवासियों ने पैदल मार्च निकालकर प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि पुराने भवन में आपातकालीन वार्ड या उप स्वास्थ्य केन्द्र यथावत नहीं किया गया तो क्षेत्रवासी बण्डा नगर में उग्र आंदोलन के लिये आमादा होंगे, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की रहेगी। पैदल मार्च में विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। जिनमें मोहन पार्षद, राहुल लोधी पड़वार, राजा चौहान, राजेश आठिया, एड. पुष्पेन्द्र अहिरवार, कुलदीप चौधरी, धर्मेंद्र अहिरवार, लक्ष्मन अहिरवार, अतुल वाल्मीकि, पवन डिलाखेडी, कृष्ण कुमार अहिरवार आदि मौजूद रहे।

## डीएवी बीआर पब्लिक स्कूल में विद्युत सुरक्षा सप्ताह का हुआ आयोजन



**बीना, देशबन्धु।** डीएवी बीआर पब्लिक स्कूल बीना में सोमवार को प्राचार्य अशोक कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में विद्युत सुरक्षा दिवस मनाया गया। जिसमें विद्युत सुरक्षा जागरूकता सत्र का आयोजन किया। कार्यक्रम का आयोजन बीपीसीएल के इलेक्ट्रिकल मेंटेनेंस विभाग द्वारा किया गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को विद्युत उपयोग के सुरक्षित तरीकों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान विपिन गुप्ता, शुभंकर घोष, सौरभ जैन एवं बिंचित सिंह बावा द्वारा पावरपॉइंट प्रस्तुति दी गई। इस प्रस्तुति में विद्युत सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां, दुर्घटनाओं से बचाव के उपाय और घर व विद्यालय में विद्युत उपकरणों के सुरक्षित उपयोग के बताये। प्रस्तुति के पश्चात इंटरऐक्टिव प्रश्नोत्तरी सत्र का आयोजन हुआ, जिसमें विद्यार्थियों से विद्युत सुरक्षा से जुड़े रोचक प्रश्न पूछे गये। सही उत्तर देने वाले विद्यार्थियों को उपहार देकर प्रोत्साहित किया गया। यह कार्यक्रम न केवल ज्ञानवर्धक रहा, बल्कि विद्यार्थियों के लिये मनोरंजक भी रहा। इससे सभी को विद्युत सुरक्षा के प्रति सजग रहने की प्रेरणा मिली। विद्यालय परिवार ने इस उपयोगी और महत्वपूर्ण सत्र के लिये बीपीसीएल टीम का आभार व्यक्त किया।

## द्वि दिवसीय सोलहकारण भावना अनुशीलन संगोष्ठी संपन्न



**सागर, देशबन्धु।** प्राकृत भाषा विकास फाउंडेशन एवं अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन शास्त्री परिषद द्वारा आयोजित पट्टाचार्य श्री विशुद्धसागर के सानिध्य में श्री दिगंबर जैन पारसनाथ मंदिर, विद्या भवन अंकुर कॉलोनी में सोलह कारण भावना अनुशीलन विद्वत संगोष्ठी का आयोजन 28 से 29 जून तक किया गया। संगोष्ठी में कुल 14 आलेखों का वाचन हुआ। ये आलेख सोलह कारण भावनाओं से संबंधित ही प्रस्तुत हुये। विशुद्धसागर ने सभी आलेखों की समीक्षा की। संगोष्ठी का निर्देशन पं. उदयचंद शास्त्री सागर, संयोजक डॉ. आशीष जैन आचार्य शाहगढ़ सागर सह संयोजक अनिल जैन शास्त्री सागर द्वारा किया गया।

## बीए तृतीय वर्ष के 82 विद्यार्थियों को इतिहास में मिले शून्य अंक

### छात्रों ने विधायक कार्यालय पहुंचकर पुन: मूल्यांकन की मांग की



**बीना, देशबन्धु।** शासकीय स्नातोकर महाविद्यालय के बीए तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने सोमवार को अपने परीक्षा परिणाम को लेकर गहरी नाराजगी जताई। छात्रों ने आरोप लगाया कि इतिहास विषय में लगभग समस्त छात्रों को शून्य अंक दिये गये हैं, जो पूरी तरह से अन्यायपूर्ण है। इसको लेकर बड़ी संख्या में विद्यार्थी विधायक कार्यालय पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। विद्यार्थियों का कहना है कि उन्होंने परीक्षा में पूरी मेहनत से उत्तर लिखे थे, फिर भी उन्हें शून्य अंक मिले। कुल 86 विद्यार्थियों में से 82 छात्रों को इतिहास विषय में जीरो अंक दिये गये हैं। छात्रों ने इसे तकनीकी त्रुटि बताया और कहा कि ऐसा संभव नहीं है कि इतने विद्यार्थियों के उत्तर पूरी तरह से गलत हों। विद्यार्थियों ने मांग की है कि छत्रसाल बुंदेलखंड विवि छतरपुर द्वारा उनकी उत्तरपुस्तिकाओं की तकनीकी जांच कर पुनर्मूल्यांकन किया जाये और निष्पक्ष परिणाम घोषित किया जाये। विधायक की अनुपस्थिति में उनके प्रतिनिधि वीरेंद्र भदौरिया से मिलकर छात्रों ने ज्ञापन सौंपा। श्री भदौरिया ने छात्रों को आश्वासन दिया कि इस विषय को विवि प्रशासन के समक्ष गंभीरता से उठाया जायेगा तथा उचित जांच कराकर छात्रों का भविष्य सुरक्षित किया जायेगा।

## जल गंगा संवर्धन अभियान का हुआ समापन



**बीना, देशबन्धु।** मप्र सरकार द्वारा जल स्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के उद्देश्य से प्रारंभ किये गये जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन बीना विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत भानगढ़ में भव्य एवं जनजागरूकता से परिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस महत्वपूर्ण अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक निर्मला सप्रे उपस्थित रही। विधायक सप्रे ने अपने उद्बोधन में कहा कि जल है तो कल है केवल एक नारा नहीं, बल्कि आज के युग की सबसे बड़ी सच्चाई है। जल संकट सिर्फ भविष्य की नहीं, वर्तमान की गंभीर चुनौती है। यदि हम आज जल स्रोतों के संरक्षण हेतु गंभीर नहीं हुये तो आने वाली पीढ़ियों को इसका भारी दुष्परिणाम भुगतना पड़ेगा। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा यह अभियान सिर्फ एक औपचारिकता नहीं, बल्कि हर नागरिक को जल संरक्षण से जोड़ने का प्रयास है। उन्होंने ग्रामीण जनों से अपील की कि वे अपने-अपने गांवों में तालाबों, कुओं, नालों और अन्य जल स्रोतों को स्वच्छ एवं सुरक्षित रखने के लिए स्वैच्छिक अभियान चलाये। इस दौरान जनपद पंचायत अध्यक्ष ऊषा राय, जनपद उपाध्यक्ष, पंचायत प्रतिनिधि, महिला स्व.सहायता समूहों की सदस्य, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, जल मित्र, ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने जल बचाओ जीवन बचाओ का सामूहिक संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में विधायक द्वारा जल संरक्षण में योगदान देने वाले स्थानीय व्यक्तियों और संस्थाओं को सम्मानित किया गया।

## लायंस क्लब सागर के सदस्यों ने बैठक में भाग लिया



**सागर, देशबन्धु।** लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 जी 2 वर्ष 2025-26 का प्रथम स्कूलिंग प्रोग्राम जिज्ञासा 2 का आयोजन कान्हा फन सिटी भोपाल में रीजन 4, 5, 6 एवं 7 के लिये आयोजित किया गया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि लायन प्रवीण वशिष्ठ डिस्ट्रिक्ट गवर्नर द्वारा दीप प्रज्वलन राष्ट्रीय गीत एवं ध्वज वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। ला. वशिष्ठ द्वारा स्वागत भाषण दिया गया जिसमें पधारे सभी लायन परिवार का धन्यवाद एवं साधुवाद देते हुये मिशन 1.5 को सफल बनाने के संबंध में अपने विचार रखें साथ ही ला. अनिल झा पीडीजी स्कूलिंग कोऑर्डिनेटर, ला. महेश मालवीय प्रथम व्हीडीजी, ला. पंकज मारु द्वितीय व्हीडीजी, ला. कमल भंडारी पीडीजी, ला. अचल लिंग्गा सीईओ आईटी, ला. दिलीप धारीवाल पीडीजी, ला. डॉ. प्रकाश सेठ, ला. संजय मित्तल ने विस्तृत रूप से लायनबाद के सिद्धांतों एवं सदस्य संख्या वृद्धि एवं बैठकों मैं अधिक संख्या में सदस्य उपस्थित होने के संबंध में अपने-अपने विचार रखें, ला. जेपी एस जौहर द्वारा इंटरनेशनल से मिलने वाले पुरस्कार एवं सहयोग राशि के संबंध में विस्तृत रूप से बताया तथा मिशन 1.5 में एक्सपेक्टेशन, क्लब सक्सेस, एलसीआईएफ, जीएमटी, जीईटी आदि पर विचार रखें। इस स्कूलिंग प्रोग्राम में लाइंस क्लब सागर से ला. महेश श्रीवास्तव अध्यक्ष, ला. सुरेश जैन सचिव, ला. मुकेश जैन सचिव, ला. संजय जैन एवं ला. प्रेमचंद जैन ने भाग लिया तथा मिशन 1.5 को सफलता पूर्वक लक्ष्य प्राप्त करने के संबंध में तन मन धन से सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर सभी रीजन के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष एवं डिस्ट्रिक्ट के अन्य पदधिकारी उपस्थित थे।

## 13 पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों का सेवानिवृत्ति समारोह पुलिस कंट्रोल रूम में संपन्न

**सागर, देशबन्धु।** 30 जून को पुलिस कंट्रोल रूम में गरिमामय एवं भावनात्मक विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस विभाग के 13 सम्मानित अधिकारी एवं कर्मचारी सेवानिवृत्त हुये। इन सभी अधिकारियों कर्मचारियों ने अपना संपूर्ण सेवा जीवन जनता की सेवा, कानून व्यवस्था की सुरक्षा एवं विभागीय दायित्वों के प्रति पूर्ण निष्ठा के साथ समर्पित किया। सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी कर्मचारी जिनमें उप पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार चौहान, उप निरीक्षक महेन्द्र चौराहा, अशोक कुमार अहिरवाल, कृष्णकुमार कटारे, रामलखन राजोरिया, सहायक उप निरीक्षक नत्थू सिंह, सुरेश कुमार यादव, ब्रजेश तिवारी, इमरत लाल परतेती, शिवकुमार चौबे, राजेन्द्र कुमार तिवारी, प्रधान आरक्षक सुखदेव वैद्य, ब्रजकिशोर पाठक शामिल है। समारोह में सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारी अपने परिजनों, ईष्ट मित्रों के साथ बड़ी संख्या में सम्मिलित हुये, जिससे कार्यक्रम एक आत्मीय, भावनात्मक एवं पारिवारिक वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर अति. पुलिस अधीक्षक लोकेश कुमार सिन्हा तथा रक्षित निरीक्षक नितेश वायकर की उपस्थिति रही। श्री सिन्हा द्वारा सभी सेवानिवृत्त अधिकारियों कर्मचारियों को शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर



ससम्मान विदाई दी और उनके योगदान के लिये कृतज्ञता व्यक्त करते हुये भावी जीवन के लिये शुभकामनायें दी। उन्होंने कहा कि ये अधिकारी विभाग की अमूल्य धरोहर हैं, जिनके अनुभव और सेवाभाव हमें सदैव प्रेरित करते रहेंगे। आश्वस्त किया कि यदि भविष्य में कभी किसी प्रकार की आवश्यकता या समस्या उत्पन्न होती है, तो वे बिना संकोच विभाग से संपर्क कर सकते हैं हर संभव सहयोग एवं समाधान सुनिश्चित किया जायेगा। इस गरिमामयी समारोह में पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, अधिकारी, कर्मचारी एवं ईष्ट मित्र बड़ी संख्या में उपस्थित रहे, जिन्होंने समस्त सेवानिवृत्तजन को ससम्मान विदाई दी एवं उनके गौरवपूर्ण सेवाकाल को स्मरण किया।

## बारात के दौरान रास्ता रोकने पर मारपीट का केस

### कोर्ट ने 5 लोगों को 7-7 साल और 4 दोषियों को 3-3 साल की सजा सुनाई

**बीना, देशबन्धु।** ग्राम बेलई में 17 मई 2014 को एक बारात के दौरान हुये विवाद का फैसला सोमवार को आया। न्यायाधीश देवेंद्र कुमार कुंडू की अदालत ने दो अलग मामलों में कुल 9 आरोपियों को दोषी करार दिया। घटना उस समय हुई जब बेलई ग्राम में बलबीर साहू की दुकान के पास बारात खड़ी थी। नारायण पाराशर और उनके परिजनों के वहां पहुंचने पर रास्ता रोकने को लेकर विवाद शुरू हुआ। विवाद मारपीट में बदल गया और लाठी डंडों से हुये हमले में नारायण पाराशर गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें बीना से सागर और फिर भोपाल के हमीदिया अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। पहले मामले में लक्ष्मीनारायण पटेल, हरिशंकर पटेल, लखन प्रजापति, गब्बू प्रजापति और अरविंद प्रजापति को गैर इरादतन हत्या का दोषी पाया गया। अदालत ने सभी को 7-7 साल की सजा सुनाई। दूसरे मामले में अधिवक्ता हरिशंकर पटेल पर तलवार और लाठियों से हमला किया गया था। इस मामले में मनोज राय, विनोद राय, नीतेश राय और नितिन उर्फ विक्की को धारा 325 के तहत दोषी पाया गया। सभी को 3-3 साल की सजा सुनाई गई। विशेष लोक अभियोजक श्याम सुंदर गुप्ता ने दोनों मामलों में गवाहों के बयान, मेडिकल रिपोर्ट और अन्य साक्ष्य अदालत में पेश किये।

## चातुर्मास के लिये मुनिश्री समत्व सागर ससंघ का शाहगढ़ में आगमन, भक्तों ने सजाया नगर

**शाहगढ़, देशबन्धु।** चातुर्मास के लिए युगल मुनि द्वय मुनिश्री समत्व सागर, मुनिश्री शील सागर ने सोमवार को सुबह 8 बजे साधु संत की जन्म स्थली शाहगढ़ नरेश की नगरी में मंगल प्रवेश किया। चार किलो मीटर दूर स्थित मदनतला गांव से बड़े ही धूमधाम से मुनिसंघ की भव्य अगवानी की गई। बैंडों का जयघोष गूंजा और मुनिराजों के पैर पखार कर उनकी आगवानी की गई। इस भव्य आगवानी में सिर्फ समुदाय के लोग ही नहीं थे। वरन् आस पास से गुजर रहे लोग भी शामिल हुये। उन्होंने भी भक्ति भाव अंदाज में जैन समुदाय के लोगों का साथ दिया। साथ ही जैन मुनियों को नमस्कार कर उनका आर्शीवाद लिया। नगर के जिनालय में प्रभु दर्शन करते हुये मंदिर धर्मसभा परिसर के मंच पर विराजमान हुये। यहां बड़ी संख्या में जैन धर्मावलंबियों ने मुनिराजों को नमोस्तु किया। प्रभात मनू ने बताया कि आगामी तीन जुलाई से होने वाले सिद्ध चक्र महामंडल विधान के पात्रों का चयन किया गया। मुनिश्री समत्व सागर ने धर्म सभा में सबकी भक्ति श्रध्दा की सराहना करते हुये कहा कि सर्व एकता सूत्र में बंध कर चार महीने अपना आत्मोत्थन करे और कल्याण का मार्ग प्रशस्त करे। सोमवार को पंचायती त्रिमूर्ति जिनालय में आचार्य विद्यासागर के 58 वे मुनि दीक्षा दिवस पर आचार्य छत्तीसी विधान हुआ, 5.30 पर भगवान का अभिषेक, शांतिधारा उपरांत पूजन विधान किया गया और शांति धारा में अपने परिवार की सुख समृद्धि के लिये मंगल कामनायें की। सभी कार्यक्रमों में जैन धर्मावंबियों ने उत्साह के साथ भाग लिया।



## 38 वर्षों की सेवा के बाद सेवानिवृत हुये आरपी शुक्ला

**सागर, देशबन्धु।** पीएमश्री हाईस्कूल काकागंज की माध्य. शाला के प्रधानाध्यापक आरपी शुक्ला और 38 वर्षों की शासकीय सेवा के पश्चात सोमवार को सेवानिवृत हो गये, उनकी सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह में प्राचार्य आरसी साहू, प्राचार्य भारत भूषण तिवारी, प्राचार्य दीपा दुबे सहित सभी शैक्षणिक स्टाफ ने उपस्थित होकर उनके बेदाग और कर्मठ सेवाकाल की प्रशंसा करते हुये उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी।




## शिक्षा विभागीय टेबल टेनिस में सांदीपनि विद्यालय सागर बना उप विजेता

**सागर, देशबन्धु।** 11 वीं मप्र देश राज्यस्तरीय शिक्षा विभाग अधिकारी कर्मचारी टेबल टेनिस प्रतियोगिता में सागर की सांदीपनि विद्यालय उपविजेता बनी है। उल्लेखनीय की यह उपलब्धि 50 वर्ष आयु समूह में 11 वर्षों की पश्चात प्राप्त हुई है। इस टीम का नेतृत्व विद्यालय के उच्च माध्यमिक शिक्षक अमित दुबे द्वारा किया गया। शाला परिवार ने प्राचार्य विनय दुबे सहित उनका सम्मान किया। सम्मान करने वालों में वंदना खरे, एससी जैन, परवीन खान, वीएस राजपूत, पीके पांडे, हनुमंत लोधी, थान सिंह मंडल, सौरभ दिवाकर, मनोज श्रीवास्तव सहित समस्त स्कूल स्टाफ उपस्थित रहा।


## केन्द्रीय विद्यालय डी.एच.एस.जी.वि.वि.सागर

KENDRIYA VIDYALAYA DHSGVV SAGAR

**डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय परिसर सागर**

Dr. Harisingh Gour Vishwavidyalaya Parisar, Sagar 470003(MP)

Ph- 07582-292225, Email: sagar4@kvsrojabalpur.in Website:https://sagarno4.hsgv.kvs.ac.in

### विज्ञापन

केंद्रीय विद्यालय क्रं..4 (DHSGVV) सागर में कक्षा 10वीं एवं 3री में प्रवेश हेतु कुछ स्थान रिक्त है, प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी विद्यालय की वेबसाइट से पंजीयन फॉर्म डाऊन लोडकर भरकर विद्यालय में दिनांक 07/07/2025 को दोपहर 12.00 बजे तक जमा करे ।

संबन्धित पूर्ण विवरण विद्यालय की वेबसाइट- https://sagarno4hsgv.kvs.ac.in से प्राप्त करें ।

नोट- 1. कक्षा - 10वीं की सीटे केवल IHL(DHSGVV) सागर, केंद्र सरकार एवं केंद्र सरकार के अधीन स्वायत्तशासी संथाओं/PSU/IHL में कार्यरत कर्मचारियों (केविसं की प्रवेश श्रेणी- I,II,III) के बच्चों के लिए ही रिक्त है।

2. प्रवेश प्रक्रिया के.वि.सं. की प्रवेश निर्देशिका 2025-26 के दिशा निर्देशानुसार की जाएगी।

**प्राचार्य**

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम VANI GOPALA KRISHNAN था जबकि वर्तमान में मेरे आधार कार्ड व पेन कार्ड में मेरा नाम वाणी कृष्णन (VANI KRISHNAN) दर्ज है जो की सही है। अत: अब मुझे वाणी कृष्णन (VANI KRISHNAN) के नाम से ही लिखा पढ़ा एवं जाना जावें।

सूचनाकर्ता
वाणी कृष्णन
(VANI KRISHNAN)
वर्तमान पता: एफ F-14 हॉक हिल शंकरगढ़ गेट के पास हॉक केन्टीन मकरोनिया सागर म.प्र.

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं राहुल सिंह दांगी पिता श्री विजय सिंह दांगी निवासी वार्ड नं. 7 सुरखी, नगर परिषद् सुरखी तह. व जिला सागर म.प्र.। मेरी पुत्री यशवी दांगी जिसका जन्म 04/01/2019 को हुआ था जिसके जन्म प्रमाण पत्र नगर निगम सागर द्वारा जारी दिनांक 15/05/2019 में त्रुटिवश यशवी ठाकुर (दांगी) लिखा है। जिसमें ठाकुर शब्द बिलोपित कर दांगी कर लिखा एवं पढ़ा जावे एवं पिता के नाम पर राहुल सिंह ठाकुर लिखा है ठाकुर बिलोपित कर दांगी दर्ज किया जावें। अत: नगर निगम द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र में मेरी पुत्री यशवी दांगी एवं पिता का नाम राहुल सिंह दांगी लिखा व पढ़ा जावे।

शपथकर्ता
राहुल सिंह दांगी

**CHANGE OF NAME**

I, JAMMALAMADAKA BABY IS MOTHER OF ARMY NO - 15431941P RANK HAV NAME JAMMALAMADAKA SYAM BABU SERVING IN M H SAGAR C/O 56 APO HOME ADDRESS AT 8-3, SANTHAPET, VTC - KOTA, PO - KONDAVEEDU, DIST - GUNTUR, STATE - ANDHRA PRADESH, PIN 522529 HAVE CHANGED MY NAME FROM JAMMALAMADAKA BABY TO JAMMULAMADAKA BEBI IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 30/06/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

**CHANGE OF NAME**

I, RUKMANI DWIBEDY IS MOTHER OF NO - JC 573342Y RANK NB SUB NAME TAPAN KUMAR DWIBEDY SERVING IN ADM BN MRC C/O 56 APO HOME ADDRESS AT - BADAOSTIA BALIGAN CHANDABALI BHADRAK, ODISHA, PIN - 756133 HAVE CHANGED MY NAME FROM RUKMANI DWIBEDY TO BISHNUPRIYA DWIBEDY IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 30/06/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

**CHANGE OF NAME & DOB**

I, SHALIAN IS MOTHER OF ARMY NO - 4576137F RANK L/HAV NAME SHINDE SACHIN BABURAO SERVING IN 1 MAHAR HOME ADDRESS AT POST - BHADKAMBE, TEH - WALWA DIST - SANGLI, STATE - MAHARASHTRA PIN - 416302 HAVE CHANGED MY NAME FROM SHALIAN TO SHARADA BABURAO SHINDE AND CHANGED MY DOB FROM 12/05/1958 TO 01/01/1968 IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 30/06/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

**CHANGE OF NAME & DOB**

I, BABURAO IS FATHER OF ARMY NO - 4576137F RANK L/HAV NAME SHINDE SACHIN BABURAO SERVING IN 1 MAHAR HOME ADDRESS AT POST - BHADKAMBE, TEH - WALWA DIST - SANGLI, STATE - MAHARASHTRA PIN - 416302 HAVE CHANGED MY NAME FROM BABURAO TO BABURAO BAPU SHINDE AND CHANGED MY DOB FROM 10/05/1955 TO 01/06/1960 IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 30/06/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

**CHANGE OF NAME & DOB**

I, SUHASINI IS LEGALLY WEDDED SPOUSE OF ARMY NO - 4576137F RANK L/HAV NAME SHINDE SACHIN BABURAO SERVING IN 1 MAHAR HOME ADDRESS AT POST - BHADKAMBE, TEH - WALWA DIST - SANGLI, STATE - MAHARASHTRA PIN - 416302 HAVE CHANGED MY NAME FROM SUHASINI TO SUHASINI SACHIN SHINDE AND CHANGED MY DOB FROM 30/04/1986 TO 30/04/1989 IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 30/06/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT M.P

**CHANGE OF NAME**

I, ARMY NO - 4576137F RANK L/HAV NAME SHINDE SACHIN BABURAO SERVING IN 1 MAHAR HOME ADDRESS AT POST - BHADKAMBE, TEH - WALWA DIST - SANGLI, STATE - MAHARASHTRA PIN - 416302 HAVE CHANGED MY DAUGHTER NAME FROM LAVANYA TO LAVANYA SACHIN SHINDE AND CHANGED MY SON NAME FROM ADITYA TO ADITYA SACHIN SHINDE IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT 30/06/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

**CHANGE OF NAME**

I, NIBEDITA PANDA IS LEGALLY WEDDED SPOUSE OF NO - JC 573342Y RANK NB SUB NAME TAPAN KUMAR DWIBEDY SERVING IN ADM BN MRC C/O 56 APO HOME ADDRESS AT - BADAOSTIA BALIGAN CHANDABALI BHADRAK, ODISHA, PIN - 756133 HAVE CHANGED MY NAME FROM NIBEDITA PANDA TO NIBEDITA DWIBEDY IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 30/06/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

**CHANGE OF NAME**

I, JAMMALAMADAKA BABU IS FATHER OF ARMY NO - 15431941P RANK HAV NAME JAMMALAMADAKA SYAM BABU SERVING IN M H SAGAR C/O 56 APO HOME ADDRESS AT 8-3, SANTHAPET, VTC - KOTA, PO - KONDAVEEDU, DIST - GUNTUR, STATE - ANDHRA PRADESH, PIN 522529 HAVE CHANGED MY NAME FROM JAMMALAMADAKA BABU TO JAMMULAMADAKA BABU IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 30/06/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

## सार समाचार

### अस्पताल से मां को छुट्टी देने से पहले जन्म प्रमाण पत्र होगा जारी



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** अब अस्पताल से मां की छुट्टी होने से पहले ही नवजात शिशु का जन्म प्रमाण पत्र जारी किया जायेगा। म. प्र. के मुख्य रजिस्ट्रार जन्म-मृत्यु एवं आयुक्त, आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय विभाग ऋषि गर्ग ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए है। श्री गर्ग ने कहा है कि जन्म प्रमाण पत्र एक बेहद जरूरी दस्तावेज है। इसे आसानी से उपलब्ध कराने के लिए राज्य शासन के आर्थिक, सांख्यिकी विभाग ने दिशा निर्देश जारी किए हैं। इसके अनुसार अस्पताल में ही शिशु का जन्म प्रमाण पत्र बनाकर मां को छुटटी से पहले दे दिया जाए। जारी पत्र में बताया कि शासकीय अस्पत्तालों में 50 प्रतिशत से अधिक प्रसव होते है, इसलिए इन अस्पतालों में पदेन रजिस्ट्रार को अधिकृत किया गया है कि वे मां की छुटटी से पहले प्रमाण पत्र बनाकर सौपें। इस व्यवस्था से लोगों का शिशु के जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने होंगे।

### शिक्षक जमुना प्रसाद हुए सेवा निवृत्त, स्टाप ने विदाई समारोह का किया आयोजन

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** शासकीय माध्यमिक शाला बम्होरी मडिया में पदस्थ सहायक शिक्षक जमुना प्रसाद शर्मा 36 वर्ष 6 माह की शासकीय सेवा के बाद सेवा निवृत्त हो गए है। उनके सेवा निवृत्त होने के अवसर पर शाला परिवार द्वारा विदाई समारोह आयोजित किया गया। विदाई कार्यक्रम में संकुल प्राचार्य सीएल अहिरवार, जनशिक्षक राजीव तिवारी, मुस्ताक खान, नवीन अग्रवाल, जितेंद्र यादव, सचिव भैयालाल साहू रहे।

मनमानी : राज्य शिक्षा केन्द्र के आदेश के बाद भी 3 साल से जमी वार्डनों को नहीं हटाया अभी तक

# नियम के बाद भी फिर भी वर्षों से जमी वार्डन

**▶ हट पाएंगी बालिका छात्रावासों में अंगद के पैर की तरह जमी अधीक्षिकाएं**

● अवधेश वर्मा



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** यूं तो बालिका छात्रावासों में अधीक्षिकाओं को हर तीन साल में बदले जाने के शासन के निर्देश हैं, लेकिन टीकमगढ़ जिले में संचालित बालिका छात्रावासों में शासन के उक्त निर्देश खूंटी पर टंगे हुए नजर आ रहे हैं। क्योंकि कुछ छात्रावास अधीक्षिकाएं तो छात्रावासों में अंगद की पैर तरह जमकर बैठी हुए हैं। विभागीय लोग ही बता रहे है कि किसी अधीक्षिका तो तीन साल से ज्यादा का वक्त हो गया है तो कोई 9 सालों से अधीक्षिका बनकर ही छात्रावासों में काम कर रही है।

विशेष बात यह है कि शासन के द्वारा हालही में ऐसे निर्देश नए सिरे से दिए गए है कि जिन अधीक्षिकाओ और सहायक वार्डनो को एक ही जगह पर तीन साल का वक्त पूरा हो गया है, उन्हें हटाकर उनकी जगह नए वार्डन और सहायक वार्डन की नियुक्ति की जाए। लेकिन शासन के इन नए निर्देशों का पालन टीकमगढ़ जिले होगा, ऐसी संभावनाएं फिलहाल कम ही नजर आ रही है। क्योंकि इस तरह की कवायद पहले भी कई बार हो चुकी है, मगर इसके बाद भी छात्रावास अधीक्षिकाएं टस से मस नहीं हो सकी है। यहां बताना होगा कि टीकमगढ़ जिले में 8 बालिका छात्रावास संचालित है।

### वर्तमान में कौन कहां के छात्रावास में है वार्डन

**छात्रावास का नाम वार्डन, वार्डन, सहायक वार्डन**

1- कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय भेलसी श्रीमति गणेशी गुप्ता,सहायक वार्डन श्री मति नीना वर्मा
2- कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कुंडेश्वर श्रीमति नीलम यादव, श्रीमति पूनम जैन
3- बालिका छात्रावास गौर शशि शुक्ला, श्रीमति श्रीमति अमिता जैन
4- कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालय सिमरा खुर्द, श्रीमति ममकुंवर सौर,श्रीमति गोमती खटीक
5- बालिका गांधी बालिका विद्यालय रविदासपुरा पलेरा श्रीमति सुदामा अहिरवार, श्रीमति मंजुलता श्रीवास्तव
6- कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय नवाचार पलेरा
7- कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय अहार,श्रीमति मोहिनी यादव, सहायक वार्डन का पद रिक्त
8- कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय जतारा, श्रीमति शशि श्रीवास्तव, सहायक वार्डन का पद रिक्त

जिनका संचालन जिला शिक्षा केन्द्र की देखरेख में किया जा रहा है। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय भेलसी में वार्डन श्रीमति गणेशी गुप्ता,सहायक वार्डन श्रीमति नीना वर्मा, कुंडेश्वर श्रीमति नीलम यादव, श्रीमति पूनम जैन, गौर श्रीमति शशि शुक्ला, श्रीमति अमिता जैन, सिमरा खुर्द, श्रीमति ममकुंवर सौर,

श्रीमति गोमती खटीक,रविदास पुरा पलेरा में श्रीमति सुदामा अहिरवार, श्रीमति मंजुलता श्रीवास्तव, नवाचार पलेरा श्रीमति गीता अहिरवार, सहायक वार्डन, अहार,श्रीमति मोहिनी यादव,श्रीमति अमिता जैन, जतारा में श्रीमति शशि श्रीवास्तव,सहायक वार्डन का रिक्त पद कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय छात्रावास संचालित है।

**सहायक वार्डनों की होगी बदली**

- बालिका छात्रावासों में वार्डन और सहायक वार्डनो की पदस्थापना को लेकर जो नए निर्देश शासन की ओर से जारी किए गए है उनमें तीन साल से अधिक समय से जमी वार्डनो को बदलने के लिए कहा गया है। नए निर्देशो में वार्डन के साथ ही तीन साल से अधिक समय से पदस्थ सहायक वार्डनो की जगह पर भी नई नियुक्ति करने की बात कही गई है।

**कोई 3 साल से अधिक समय से कोई 9 सालों से अधीक्षिका**

- जिले में संचालित आठ बालिका छात्रावासों में कुछ सहायक वार्डनों के पद खाली बने हुए है। जबकि अधीक्षिकाओं के सभी पद भरे हुए है। इनमें से तो कुछ को छोड दिया जाए तो ज्यादातर अधीक्षिकाएं तो ऐसी है जिन्हें चार साल तक का वक्त एक ही जगह पर हो चुका है। जबकि कुछ अधीक्षिका तो ऐसी है जो बीते करीब 10 साल से अधीक्षिका ही बनकर बैठी है। उन्हें बदलने के लिए कई बार शासन के निर्देश पर प्रशासन के द्वारा कार्रवाई शुरू की गई है, मगर हर बार रसूखदार नेताओं की पहुंच कें चलते अधीक्षिका बदलने की कार्रवाई ठंडे बस्ते में चली गई है और अधीक्षिकाएं जस की तस जमी रह गई।

### इनका कहना है

इस बारे में पता करवाते है मीडिया के माध्यम से जानकारी मिली है कि बालिका छात्रावासों में तीन सालों अधिक समय से वार्डनो का प्रभार है डीपीसी से बोलकर पता करवाते है। अगर नियम के विरुद्ध है, उन्हें हटाने के निर्देश दिए जाएंगे।

**विवेक श्रोत्रिय,कलेक्टर टीकमगढ़।**

पटवारी संघ ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा 10 सूत्रीय ज्ञापन

# कलेक्ट्रेट कार्यालय पर अपनी मांगों को लेकर किया प्रदर्शन



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** पटवारी संघ ने आज शाम कलेक्ट्रेट कार्यालय में प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम 10 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। जिला अध्यक्ष चंद्रका प्रसाद समारी ने कहा कि प्रदेश के पटवारी राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं। उन्होंने भू-अभिलेख का डिजिटलाइजेशन और प्रधानमंत्री आवास स्वामित्व योजना में सराहनीय योगदान दिया है। लेकिन प्रदेश स्तर पर वेतन, पदोन्नति और तबादला जैसे अधिकारों का शोषण हो रहा है।

संघ ने कहा कि गंभीर बीमारी से पीड़ित पटवारियों को गृह जिलों में पदस्थापना नहीं मिल रही है। आपसी सहमति वाले तबादला में भेदभाव किया जा रहा है। संविलियन तबादला नीति के तहत 1200 पटवारियों को तबादला मिलना चाहिए था। लेकिन केवल 509 को ही इसका लाभ मिला है।

पटवारी संघ के पदाधिकारियों का आरोप है कि उन्हें निशाना बनाया जा रहा है। गृह तहसील के आधार पर नियम के खिलाफ तबादले किए गए हैं। संघ ने मांग की है कि वंचित पटवारियों का स्थानांतरण किया जाए। साथ ही गृह तहसील के आधार पर किए गए स्थानांतरण रद्द किए जाएं। पटवारी संघ ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो वे लगातार आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

### तहसील में पदस्थ पटवारी हुए सेवानिवृत्त, दी विदाई



**दिगौड़ा, देशबन्धु ।** तहसील परिसर में सोमवार 30 जून की शाम को पटवारी नंदराम शुक्ला का राजस्व विभाग में कार्यकाल पूर्ण होने पर विदाई समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस विदाई समारोह के कार्यक्रम में तहसीलदार एवं समस्त राजस्व कर्मचारियों ने सेवानिवृत्त पटवारी को शॉल श्रीफल से सम्मानित कर पुष्पमाला पहनाकर नम आंखों से भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर तहसीलदार पलक कुमार जैन, राजस्व निरीक्षक सी बी प्रजापति, पटवारी संघ तहसील अध्यक्ष हीरा प्रजापति, दिगौड़ा सदर पटवारी इकबाल अहमद खान के साथ पटवारी अजय जैन, अनवर आलम, सचिन रावत, शोभाराम सौर, भावेश अहिरवार, दीपक साहू, रक्षा अहिरवार एवं रीडर नाहर सिंह बुंदेला, हीरा बाबू सहित अन्य समस्त स्टाफ के द्वारा सेवानिवृत्त पटवारी को भावपूर्ण विदाई दी गई।

# बुंदेलखंड जिझौतिया महासंघ का प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न





**दिगौड़ा, देशबन्धु।** बुंदेलखंड जिझौतिया ब्राह्मण महासंघ द्वारा पृथ्वीपुर के एक मैरिज गार्डन में ब्राह्मण समाज के गौरव, प्रतिभाशाली छात्र, छात्राओं को सम्मानित करते हुए पुरस्कृत किया गया। महासंघ के सदस्य जेपी शुक्ला एडवोकेट दिगौड़ा ने जानकारी में बताया कि बुंदेलखंड जिझौतिया ब्राह्मण महासंघ द्वारा वर्ष 2025 में कक्षा 10वीं और 12वीं में 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले जिझौतिया समाज के छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ भगवान परशुराम सहित समाज के महापुरुषों के चित्रों का पूजन एवं फूल माला अर्पित कर ध्वज गान के साथ किया गया। कार्यक्रम में महासंघ के अध्यक्ष डॉ. हरिमोहन पुरोहित की अध्यक्षता में एवं विशिष्ट अतिथि पंडित घनश्याम दास पुजारी को शाल एवं श्रीफल से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उत्तरप्रदेश एवं मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों जालौन, महोबा, झांसी, ललितपुर, टीकमगढ़, पन्ना एवं निवाड़ी जिलों के 85त्न या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं के साथ आए उनके परिजनों में माता, पिता, दादा, दादी, नाना एवं नानी सहित 43 प्रतिभाशाली बच्चों को प्रशस्ति पत्र,शील्ड, सामान्य ज्ञान की पुस्तक, भागवत गीता के साथ कलम प्रदान की गई एवं उनके परिजनों को भगवान परशुराम का अंगवस्त्र एवं मोती की माला पहनाकर सम्मानित किया गया।

महासंघ द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम को वक्ताओं ने संबोधित करते हुए कहा कि महासंघ द्वारा किए जा रहे आयोजन समाज के प्रतिभाशाली छात्र/छात्राओं के जीवन में मील का पत्थर है, जो उन्हें इस ऐतिहासिक उपलब्धि के रूप में हमेशा याद रहेगा और उनके जीवन में नई ऊर्जा प्रदान करेगा। जिससे वह समाज का नाम रोशन करते हुए समाज का गौरव बनेंगे, जो समाज के लिए एक कीर्तिमान स्थापित करने में सफल रहेंगे।

कार्यक्रम में महासंघ के पदाधिकारियों, सदस्यों, सहित के समाज के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। इस अवसर पर डॉ हरिमोहन पुरोहित, विजय पस्तोर, पी एन पुरोहित, वीरेंद विदुआ, संजय त्रिपाठी, जय प्रकाश शुक्ला, सुरेंद गंगेले, हरिशंकर गंगेले, बी एल बबेले, संतोष गंगेले, नंदकिशोर विलगैया सहित ब्राह्मण समाज के अनेक लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित सभी ने महासंघ द्वारा किए गए इस आयोजन की सराहना की।

जीतू पटवारी पर हुई मामला दर्ज करने की निंदा मामला

# नैतिकता की राह से भटकी भाजपा : जैन



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ हुई प्रकरण दर्ज किए जाने की कांग्रेसी नेता जितेंद्र जैन क्रांतिकारी ने इसकी कड़ी निंदा की है और जितेंद्र जैन क्रांतिकारी ने कहा है कि प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ हुई। एफआईआर न केवल राजनीति से प्रेरित है बल्कि सत्ता के दुरुपयोग का जीवंत प्रमाण है जब पीड़ित अपने साथ हुई मारपीट और अमानवीय व्यवहार की बात सार्वजनिक रूप से कहने का कामकर रहा है, अब सत्ता द्वारा उस पर दबाव डालकर बयान बदलवाया गया है पीड़ित द्वारा शपथ पत्र दबाव डर और राजनीतिक प्रतिशोध की उपज है ,उस दलित युवक को न्याय की मांग करने पर चुप क्यों किया जा रहा ये गैरलोकतांत्रिक है सत्ता में बैठे लोग शायद संविधान को भूल रहे हैं जो भी न्याय की बात करता है भाजपा के नेता सत्ता का दुरुपयोग करते हुए उस पर कानूनी कार्रवाई करवाते हैं। हम और हमारी कांग्रेस पार्टी न्यायिक जांच की मांग करती है और अपराधियों को सजा दिलाने के लिए सड़क से संसद तक संघर्ष करेगी कांग्रेस पार्टी सदैव पीड़ितों के साथ खड़ी थी और उनके अधिकारों के लिए सदैव समर्पित और प्रतिबद्ध है।

# क्षतिग्रस्त होने लगी मूर्ति के चारों ओर की चारदीवारी, रखरखाव की जरूरत



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** नगर के स्थानीय नए बस स्टैंड के समीप स्थित डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की मूर्ति स्थल के चारों ओर बनी बाउंड्री वॉल अब क्षतिग्रस्त होने लगी है जहां बाउंड्री वॉल टूट-फूट रही है जिसमें सुधार और उसके रखरखाव की आवश्यकता है अभी हाल ही में कुछ दिन पहले ही डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की मूर्ति स्थल पर भाजपा के कुछेक नेताओं ने पहुंचकर कार्यक्रम किया था लेकिन शायद इस ओर ध्यान किसी का नहीं गया,जहां यह बाउंड्री वॉल अब क्षतिग्रस्त होने लगी है जगह-जगह से टूट रही है जितना सुंदर और सुशोभित तरीके से इसको निर्मित कराया गया था लेकिन अब उसमे सुधार और उसके रखरखाव की आवश्यकता है। उल्लेखनीय है कि नए बस स्टैंड पर स्थित डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की मूर्ति के चारों ओर बनी बाउंड्री वॉल क्षतिग्रस्त हो रही है जिसका सुधार और उसके रखरखाव की आवश्यकता है।

### बंद नहीं हो पा रहा मुख्य प्रवेश द्वार में पानी का लीकेज



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** मामला है जिला संयुक्त कलेक्ट्रेट कार्यालय का, जहां कलेक्ट्रेट कार्यालय में प्रवेश करने वाले मुख्य द्वार के ऊपर बारिश के मौसम में लगातार पानी का लीकेज प्रवेश द्वार के बीचों बीच होता है जहां चैनल गेट लगा हुआ है कलेक्ट्रेट कार्यालय के अंदर आने जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति के ऊपर इस लीकेज का पानी लगातार गिर रहा है।

यहां तक की इस प्रवेश द्वार से ही कलेक्ट्रेट कार्यालय के आला से आला वरिष्ठ अधिकारी रोजाना इसी टपकते हुए पानी से निकल रहे हैं और आ जा रहे हैं लेकिन किसी को फुर्सत ही नहीं है यह लीकेज मुख्य प्रवेश द्वार पर बरसात के मौसम में बरसों से हो रहा है लेकिन इसमें सुधार नहीं किया गया लोगों का कहना है कि जब जिला प्रशासन के मुख्य प्रवेश द्वार पर बारिश के मौसम में इस प्रकार लीकेज हो रहा है और कोई अधिकारी ध्यान नहीं दे रहा है तो फिर जिले भर में शासकीय भवनों का क्या आलम बरसात के मौसम में होता होगा यह तो सिर्फ अंदाजा ही लगाया जा सकता है। लोगों का मानना है कि या तो इस लीकेज को सुधारने के लिए जिला प्रशासन के पास शायद बजट नहीं है या फिर अधिकारियों को ऐसे कार्यों के लिए फुर्सत नहीं है। जिला कलेक्ट कार्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार के बीचों बीच पानी का लीकेज प्रति वर्ष बरसात के मौसम में होता है और ऐसे ही टपकते हुए पानी से आना जाना लगा रहता है लेकिन इसे आज तक ठीक नहीं कराया गया जिसका आलम आज भी जस का तस बना हुआ है और पानी का लीकेज मुख्य प्रवेश द्वार से होता रहता है।

कलेक्टर, नपा अध्यक्ष और सीएमओ हुए सम्मानित

# जल गंगा संवर्धन अभियान : उत्कृष्ट कार्य के लिए टीकमगढ़ को मिला सम्मान

**टीकमगढ़, देशबन्धु ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा आज मंडी परिसर, जिला खंडवा में आयोजित जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन समारोह एवं वाटरशेड सम्मेलन कार्यक्रम में एक लाख से कम आबादी वाले निकाय के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने पर कलेक्टर टीकमगढ़ विवेक श्रोत्रिय, नगर पालिका टीकमगढ़ अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मलिक तथा नगर पालिका टीकमगढ़ सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया को सम्मानित किया गया। यह सम्मान एक लाख से कम आबादी वाले निकाय के अंतर्गत खेत तालाब निर्माण, पेयजल कूप पुर्नभरण, हेण्डपंप एवं बोरवेल रिचार्ज, कपिलधारा पुर्नभरण, पुरानी बावड़ियों के जीर्णोद्धार, भू-जल संवर्धन और संरक्षण की दिशा में उत्कृष्ट कार्य करने के फलस्वरूप प्रदान किया गया।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार प्रदेश में 30 मार्च से 30 जून 2025 तक जलगंगा संवर्धन अभियान चलाया गया। इस अभियान के माध्यम से प्रदेशभर के जलस्त्रोतों को पुनर्जीवित कर जल संवर्धन को जनआंदोलन का स्वरूप दिया गया। जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन आज 30 जून को खंडवा में आयोजित किया गया, जिसमें बेहतर काम करने वाले नगरीय निकायों को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा सम्मानित किया गया।



ज्ञातव्य है कि कलेक्टर श्री श्रोत्रिय के निर्देशन में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत टीकमगढ़ की राजशाही बावड़ी और तालाबों के रख रखाव के लिए समाजसेवियों के साथ मिलकर प्रयास किए गए। साथ ही लगभग 20 साल बाद महेन्द्र सागर तालाब के ओवरफ्लो पानी को शहर के वृंदावन तालाब तक ले जाने के लिए करीब 2.2 किलो मीटर लंबी बंडा नाला नहर की साफ-सफाई कराई गई तथा गृह-स्वामियों की सहमति से नाले पर किए गए अतिक्रमण को भी हटवाया गया। जिससे टीकमगढ़ शहर के तालाबों का बारिश में पुर्नभरण हो सके। पठा तालाब से महेन्द्र सागर तालाब तक 8 कि.मी. के चैनल का पुनर्निर्माण तथा इसके साथ ही महेंद्र सागर तालाब पर स्थित घाट की सफाई करके रंग रोगन कराया गया। जिसमें दीवार लेखन के साथ-साथ घाट की सीढ़ियो को पुतवाया जिससे घाट की सुंदरता बढ़ गई।

इसी प्रकार अभियान अंतर्गत सुधा सागर रोड स्थित मऊचुंगी पर 172 सीढ़ियों वाली बावड़ी को संरक्षित किया गया। यह बावड़ी राजशाही दौर की कला कृतियों से परिपूर्ण है। नगरीय निकाय ने सबसे पहले जन सहयोग से बावड़ी की सफाई का कार्य कराया, जिसमें कई सामाजिक संगठनों ने हिस्सा लिया। अब बावड़ी की सुंदरता बढ़ाने के लिए मरम्मत कराकर बावड़ी को व्यवस्थित कर रंग-रोगन व पुट्टी का कार्य कराया गया। इसके साथ ही जिले में स्थित अन्य बावड़ियों को भी चिन्हित करके उन्हें संरक्षित कराया गया।

## सार समाचार

### लायंस क्लब गुना सेंट्रल को मिली 2025-26 के लिए नई कार्यकारिणी

**गुना, देशबन्धु।** लायंस क्लब गुना सेंट्रल की साधारण सभा 29 जून को होटल अशोका में आयोजित की गई, जिसमें वर्ष 2025-26 के लिए नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई।

सभा में, वर्ष 2024-25 के अध्यक्ष लायन नवल सोनी ने आगामी वर्ष की जिम्मेदारियां नई कार्यकारिणी को सौंपी। इस अवसर पर, लायन संतोष सोनी को वर्ष 2025-26 के लिए अध्यक्ष, लायन श्याम बंसल को सचिव और पंकज वैश्य को कोषाध्यक्ष बनाया गया। इस महत्वपूर्ण साधारण सभा में चुनाव अधिकारी लायन नीलेश मुदगिल, ज़ोन चेयरमेन लायन संजय तिवारी, पूर्व अध्यक्ष लायन अमित सोगानी, पुनीत दुसाज, निधीश सोलंकी, सचिन राठी एवं संजीव खुराना सहित सुरेश रघुवंशी, मंगलेश विजयवर्गीय, आकाश रघुवंशी, बर्धमान जैन, मनीष जैन, अभिषेक शर्मा, सौरभ जैन, राजीव जग्गी, अंकुर श्रीवास्तव और अन्य सदस्य उपस्थित रहे। क्लब को अपनी नई नेतृत्व टीम के मार्गदर्शन में एक सफल और उत्पादक वर्ष की उम्मीद है।

### लीनेस क्लब द्वारा भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा का किया गया स्वागत



**गुना, देशबन्धु।** लीनेस क्लब गुना सिटी द्वारा सदर बाजार में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में भगवान श्री जगन्नाथ की रथ यात्रा का श्रद्धा और भक्ति भाव से स्वागत किया गया। यह रथ यात्रा राज्यमार्ग से गुजर रही थी, जिसे लेकर क्लब की सदस्यों ने पूरे आयोजन की गरिमा को भक्ति और सेवा के संगम से सजाया।

इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष सीमा पलिया ने उपस्थित श्रद्धालुओं, अतिथियों और यात्रियों का हार्दिक स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे पावन अवसरों पर सेवा ही सच्ची भक्ति है। क्लब सचिव ज्योति मित्तल ने आयोजन में सहयोग देने वाले सभी भक्तों के प्रति आभार व्यक्त किया। कोषाध्यक्ष ममता अग्रवाल ने कार्यक्रम की समस्त व्यवस्थाएं सजगता और समर्पण भाव से संभालते हुए आयोजन को सफल बनाने में विशेष भूमिका निभाई।

स्वागत व्यवस्था में ली क्षमा खण्डेलवाल, विजया ठाकुर, पूजा जैन, अरुणा सोनी, रानू सोनी, उषा तायल, शिल्पा अग्रवाल, मधुं विज्यबर्गी और सीमा गुप्ता सहित क्लब की अन्य सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। सभी बहनों ने पारंपरिक रीति से पूजा सामग्री, नारियल, चुनरी व पुष्पों के साथ भगवान श्री जगन्नाथ जी का स्वागत किया। साथ ही भक्तजनों को खीर का प्रसाद भी वितरित किया गया। पूरे आयोजन में भक्ति, सेवा और एकता की भावनात्मक छवि देखने को मिली, जिससे उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। लीनेस क्लब गुना सिटी न केवल समाजसेवा, बल्कि धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों में भी अपनी सक्रिय भागीदारी से शहर में प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है।

मेधावी छात्र अलंकरण समारोह सम्पन्न

# संस्था की सफलता के लिए समाज की सहभागिता जरूरी : पटेल

**दमोह देशबन्धु।** शिशु मंदिर एक ऐसा विद्यालय है जहां पर सिर्फ विद्या ही नहीं परिवार के संस्कार भी यहां दिए जाते हैं। किसी भी संस्था को खड़े करने के लिए जब तक समाज की सहभागिता नहीं होगी तब तक शायद खड़ा करना बहुत मुश्किल काम है। इस आशय की बात प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेन ने सरस्वती विद्या विहार सीनियर सेकेंडरी स्कूल केशवनगर के लोकार्पण एवं मेधावी छात्र अलंकरण समारोह के दौरान व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि जिन विद्यार्थियों के 95, 96, 97, 98 प्रतिशत नंबर आए, उनको बधाई देता हूँ, साथ ही जो कम नंबर मिले उनको भी बधाई देता हूँ, ताकि वे बेहतर करने की कोशिश करे, वो भी आगे बढ़ेंगे। इस अवसर पर पूर्व मंत्री एवं दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया, विद्या भारती मध्य क्षेत्र अध्यक्ष विवेक शेंडे एवं विद्या भारती




महाकौशल प्रांत के संगठन मंत्री अमित दवे मंचासीन रहे।

पूर्व मंत्री एवं दमोह विधायक जयंत मलैया ने कहा कि सागर संभाग के सर्वोत्तम विद्यालय में खड़ा हूं, आज जो कुछ चीजों के लोकार्पण एक साथ हुए हैं, मैंने पहले कभी देखा नही है। उन्होंने कहा इस अवसर पर आप सब को बधाई और शुभकामनाएं देना चाहता हूं, जितने बेटे और बेटियां यहां पर पढ़ रहे है, उन सब के लिए मेरा ढेरों आशीर्वाद। इस दौरान राज्यमंत्री श्री पटेल और दमोह विधायक मलैया ने विजय कुमार मलैया (बाबू जी) की पुण्यस्मृति में समर्पित कालिदास सभागार, विनायक राव शेंडे (बाबा) की पुण्यस्मृति में समर्पित पुस्तकालय कक्ष, खुशाल चंद जैन (पुजारी जी) की पुण्यस्मृति में समर्पित कंप्यूटर कक्ष, ओमप्रकाश राय (बुग्गे भैया) की पुण्यस्मृति में समर्पित संगीत कक्ष एवं नृत्य कक्ष का लोकार्पण किया। उन्होंने प्रत्येक कक्ष में जाकर दी जा रही सुविधाओं का अवलोकन किया। साथ ही कक्षा 10वीं एवं 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालय के मेधावी भैया बहनों का प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के पूर्व में विद्यालय के भैया बहनों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर लालजी राम पटेल, डॉ. राजीव पाण्डे, राकेश पुजारी, राजीव बिरथरे, कपिल शुक्ला, मौंटी रैकवार, आदित्य चौरसिया, विद्यालय प्राचार्या डॉक्टर स्वप्ना तिवारी, सुरेंद्र चौरसिया, दीपक तिवारी, डॉक्टर सोनल राय, राजेश ताम्रकार, निशांत चौरसिया, महेंद्र ताम्रकार, सुधीर असाटी व मधुकर शिक्षा समिति तथा सरस्वती विद्या विहार आचार्य परिवार केशवनगर दमोह और शिक्षा भारती से जुड़े लोग मौजूद रहे।

## बृहस्पति कुंड में डूबे 3 युवकों में एक का शव बरामद, 2 की तलाश जारी



**पन्ना, देशबन्धु।** जिले के प्रसिद्ध बृहस्पति कुंड में नहाने गए तीन युवकों के डूबने की घटना से सनसनी फैल गई है। घटनास्थल पर घंटों चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद एसडीईआरएफ की टीम को एक युवक का शव बरामद हुआ है। मृतक की पहचान जिगदहा निवासी अभिषेक ढीमर के रूप में हुई है।

जानकारी के मुताबिक, तीन युवक पन्ना के बृहस्पति कुंड में नहाने गए थे, तभी गहराई में जाने से तीनों डूब गए। सूचना मिलते ही एसडीईआरएफ और स्थानीय प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। देर शाम अभिषेक ढीमर का शव पानी से बाहर निकाला गया, जबकि अन्य दो युवकों की तलाश अभी जारी है।

घटनास्थल पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुटी रही। प्रशासन की ओर से रेस्क्यू ऑपरेशन को तेज कर दिया गया है और स्थानीय गोताखोरों की भी मदद ली जा रही है।यह हादसा न सिर्फ प्रशासनिक सतर्कता पर सवाल खड़ा करता है बल्कि पर्यटकों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता बढ़ाता है। स्थानीय लोगों ने बृहस्पति कुंड जैसे संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा इंतजामों की मांग की है।

## हटा में झरनों पर नहाने और तैरने पर प्रतिबंध

**दमोह देशबन्धु।** हटा क्षेत्र अंतर्गत तहसील हटा के ग्राम मडियादो स्थित गौमुख धाम झरना तथा ग्राम सिलापरी स्थित सिलापरी झरना में अधिक संख्या में लोग नहाने/तैरने के लिए पहुंचते हैं। वर्षा काल में उक्त दोनों स्थलों पर पानी के तेज बहाव के कारण एवं चट्टाने होने के कारण कभी भी गंभीर अप्रिय घटना घटित हो सकती हैं।

किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति निर्मित ना हो एवं जनहित को दृष्टिगत रखते हुए अनुविभागीय दंडाधिकारी हटा राकेश सिंह मरकाम ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के अंतर्गत उक्त दोनों स्थलों पर तत्काल प्रभाव से पूर्णतरू प्रतिबंधित किया हैं। जारी आदेश में कहा गया उक्त आदेश का उल्लंघन करने पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत कार्यवाही की जाएगी। यह आदेश जन सामान्य के जान माल की सुरक्षा तथा भविष्य के खतरे की संभावना को ध्यान में रखते हुए जारी किया गया हैं। यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 (2) के अंतर्गत एक पक्षीय रूप से पारित किया गया हैं।

## कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष पर दर्ज मामला वापस लिया जाए: जैन



**दमोह देशबन्धु।** जिला कांग्रेस कमेटी के आहवान पर कांग्रेसजनों में लोधी क्षत्रिय समाज के साथ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुखिया जीतू पटवारी पर जिला अशोकनगर के मुंगावली थाना में की गई फर्जी एफ.आई.आर. वापिस लिये जाने को लेकर एस.पी. कार्यालय पहुंचकर नारेबाजी करते हुए एडीनशल एस.पी. को ज्ञापन सौपा। तत्पश्चात् जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रतनचंद जैन ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार कितनो का मुंह बंद करवाये बाकी कांग्रेसी अपने आप ही डर जायेगे किन्तु हम डरने वाले नहीं है। प्रताप सींग, मनु मिश्रा, संजय चौरसिया, राजेश तिवारी, तिलक सींग, परम यादव, रजनी ठाकुर, वीरेन्द्र राजपूत, नितिन मिश्रा, बबलू भटट, आशीष पटेल, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, अरूण मिश्रा, ब्रजेन्द्र सींग, मंजीत यादव, रियाज खान, उबेद गौरी, मदन सुमन, अभिषेक यादव, गीता लोधी, पप्पू कसोटया, अमर सिंह, खिल्लू ठाकुर, अफजल खान, भाजपा की मोहन यादव सरकार का यह कृत्य लोकतंत्र पर काला धब्बा है जिन व्यक्तियो को मानव मल तक खिलाया गया। उनकी आवाज उठाने पर एफआई.आर करवाना उससे भी बडा धिनौना काम है। भाजपा की सत्ता की भूख और विपक्ष के प्रति धृणा से इस मामले को शर्मनाक मोड दे दिया है। इस अवसर पर पुरूषोत्तम कुशवाहा, विजय कर्माकर, पप्पू कुशवाहा, अमित पटेल, महराज सिंह, शंकर सिंह, शिवा भटट, इनायत अली, गजराज सींग, प्रशांत सोनी सहित अनेको कांग्रेसजनों की उपस्थिति रही।

## लाखों का जेवरात सहित साइकिल चोर गिरफ्तार



**दमोह देशबन्धु।** जिले के तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र में साइकिल चोरी होने पर 24 घंटे के भीतर पुलिस ने साइकिल सहित चोर को पकड़कर कार्रवाई की है. बता दें कि दो चोरी की घटनाएं हुई थी जिसमें एक साइकिल चोरी की घटना हुई थी. दूसरी लाखों का जेवर चोरी हुआ था, जैसे दमोह पुलिस अधीक्षक सोमवंशी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया और एसडीओपी देवी सिंह ठाकुर के निर्देशन में थाना प्रभारी नीतीश जैन सहित पुलिस ने चोर को पकड़कर साइकिल और करीब 1 लाख 84 हजार का जेवर बरामद कर खुलासा किया है।

## बनगांव टोल प्लाजा के पास करंट लगने से मजदूर की मौत

**दमोह देशबन्धु।** जिले के हटा थाना क्षेत्र अंतर्गत बनगांव टोल प्लाजा के पास एक मजदूर को बड़ी लाइन से करंट लगने पर गंभीर हालत में मौके पर पहुंची हटा पुलिस वाहन से इलाज के लिए दमोह जिला अस्पताल लाया गया. जहां डॉक्टर ने चेकअप उपरांत मृत घोषित कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक वीरेंद्र पिता महाराज सिंह लोधी 25 वर्ष निवासी छापरी ठाकुर थाना हिंडोरिया की मौत हो जाने पर पुलिस जांच में जुटी हुई है. बताया गया है कि इस्कॉन इंफ्रा कंपनी विगत दो-तीन माह से दमोह से सिमरिया सड़क का काम कर रही है, इसी में मजदूर काम कर रहा था. जो आज प्रथम दिन काम करने आया था और करंट लगने से उसकी मौत हो गई।

## झरनों पर जिंदगी से खिलवाड़, सेल्फी के लिए लापरवाही की हदें पार



**पन्ना, देशबन्धु।** जिले के विभिन्न प्राकृतिक झरनों और पर्यटन स्थलों पर युवाओं द्वारा जान जोखिम में डालकर सेल्फी लेने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। मानसून के मौसम में जहां एक ओर झरनों की खूबसूरती लोगों को आकर्षित कर रही है, वहीं दूसरी ओर यह रोमांच कुछ लोगों के लिए खतरा बनता जा रहा है।

ऐसा ही किलकिल नदी कुंड में झरनों पर देखने को मिल रहा है कि कई युवक-युवतियां फिसलन भरी चट्टानों पर खड़े होकर मोबाइल से सेल्फी ले रहे हैं। कई बार यह चट्टानें गीली और बेहद फिसलन भरी होती हैं, जिससे किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। इसके बावजूद लोग सुरक्षा नियमों को ताक पर रखकर सोशल मीडिया पर लाइक्स और फॉलोअर्स बढ़ाने के चक्कर में अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं।

स्थानीय प्रशासन द्वारा चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं और सुरक्षा के निर्देश भी जारी किए गए हैं, लेकिन लोग इन निर्देशों को नज़रअंदाज़ कर रहे हैं।

## अधिमान्य पत्रकारों ने कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को मुख्यमंत्री के नाम दिया ज्ञापन

**पन्ना, देशबन्धु।** जिले में मध्य प्रदेश शासन से मान्यता प्राप्त अधिमान्य पत्रकारों ने अध्यक्ष बृजेंद्र गर्ग के नेतृत्व में आज कलेक्टर सुरेश कुमार एवं एसपी साइन कृष्ण थोटा से मुलाकात कर समस्याओं को लेकर चर्चा की अपनी मांगे रखते हुए ज्ञापन सोपा है। अध्यक्ष बृजेंद्र गर्ग ने बताया कि कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से मांग की गई है। मध्य प्रदेश शासन से मान्यता प्राप्त अधिमान्य पत्रकारों को सरकार द्वारा पत्रकार सम्मान निधि (पेंशन) देने का प्रावधान है। पुराने नियमों में बदलाव कर जटिलता पैदा की गई है, जिससे अंशकालिक और मैदानी अधिमान्य पत्रकारों को पेंशन प्राप्त नहीं हो पाएगी। संस्थान से नियमित वेतन और भुगतान प्रमाणीकरण का प्रावधान समाप्त किया जाए। सरकार से 10 वर्ष की मान्यता प्राप्त को ही पात्रता माना जाए। क्योंकि ग्रामीण मैदानी पत्रकारों को नियमित वेतन के स्थान पर संस्थान खर्च के रूप में पैसा देते हैं, कोरोना कल में रेलवे यात्रा कंसेशन पास बंद कर दिए गए हैं, जिसे बहाल कराया जाए।

जिला मुख्यालय से छोटे विज्ञापन जारी कराये जाए जिससे स्थानीय अखबार और मैदानी पत्रकारों को लाभ मिले। प्रदेश के सभी मीडिया संस्थानों में



मजीठिया वेतनमान लागू करने की अनिवार्यता की जाए। सभी पत्रकारों ने कलेक्टर सुरेश कुमार को भी ज्ञापन दिया और कहा कि पन्ना जिले में मध्यप्रदेश शासन से मान्यता अधिमान पत्रकारों सूची अलग से जिला जनसंपर्क कार्यालय में संधारित कराई जाए।

पत्रकारों के साथ निर्धारित जिला प्रशासन की त्रैमासिक बैठक नियमित कराई जाए जिले में कवरेज के लिए आवागमन के लिए सार्वजनिक वाहनों के लिए यात्रा पास की व्यवस्था की जाए। शासकीय कार्यक्रमों में पत्रकारों को आमंत्रित किया जाता था लेकिन अब परंपरा विलुप्त हो रही है कृपया व्हाट्सएप पर मैसेज डालने के स्थान पर परंपरागत तरीके से आमंत्रित किया जाए। फोटो-3

## जल गंगा संवर्धन अभियान का हुआ समापन

**दमोह/पथरिया देशबन्धु।** जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था धरातल जनकल्याण विकास समिति व ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पिपरिया लुहार के संयुक्त तत्वावधान में जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन जल गंगा आरती के साथ हुआ। परामर्शदाता दिलीप पटैल ने अभियान की 90 दिनों की यात्रा को साझा करते हुए बताया कि यह संकल्प मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव जी की प्रेरणा एवं सकारात्मक सोच से साकार हो पाया। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन व जन अभियान परिषद की भूमिका इस अभियान में निर्णायक रही है। जल संवाद एवं चौपालों का आयोजन चित्रकला प्रतियोगिताएं बच्चों के बीच,सामूहिक श्रमदान, तालाब व बाबड़ी गांव-गांव में जन सहभागिता, समापन अवसर पर गांव को आदर्श ग्राम के रूप में



प्रस्तुत किया गया, गंगा आरती के माध्यम से सांस्कृतिक रूप से भी अभियान को संपन्न किया गया। ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सूरज पटैल ने अभियान में सहयोग देने वाले मुख्यमंत्री सहित सभी नागरिकों का आभार व्यक्त किया और कहा कि 'जल ही जीवन है' इस सोच के साथ ग्रामवासियों ने ऐतिहासिक योगदान दिया है। इस अवसर शिवराम पटैल, भगवत पटैल, प्रहलाद पटैल, राजाराम पटैल, तुलसीराम पटैल, रामजी पाल, गुड्डू पाल, कमलेश पाल, रणवीर सिंह, यंशवत कुमार धरातल समिति सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जल गंगा संवर्धन जनसहभागिता, नेतृत्व एवं सतत प्रयासों का जीवंत उदाहरण बनकर उभरा है। यह ष्भागीरथ प्रयासष् निश्चित ही भावी पीढ़ी के लिए एक अमूल्य जल धरोहर छोड़कर जाएगा।

## डीएसपी विजय अहिरवार सहित आधा दर्जन पुलिसकर्मी सेवानिवृत्त

दमोह देशबन्धु। सोमवार शाम को न्यू पुलिस कन्टोल रूम दमोह में 62 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर मानसेवी उप पुलिस अधीक्षक विजय अहिरवार (उप पुलिस अधीक्षक हेड क्वाटर) कार्यवाहक प्र.आर. 654 नारायण जाट, कार्यवाहक प्र.आर. 408 हीरालाल सेन, कार्यवाहक प्र.आर. 237 उत्तम लाल पटैल, कार्यवाहक प्र.आर. 398 भागीरथ अहिरवार, आर. 263 किशोरीलाल गौंड को पुलिस अधीक्षक श्रुतिकिर्ती सोमवंशी (भा.पु.से.) के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत भदौरिया व प्रभारी रक्षित निरीक्षक अभिनव साहू की उपस्थिति में सुखद स्वस्थ व दीर्घायु की कामना करते हुये स्मृति चिन्ह के साथ साथ अवकाश नगदीकरण, बीमा, पैंशन, ग्रेज्युटी, के दस्तावेज भेंट करते हुये भावभीनी विदाई दी गयी.पुलिस अधीक्षक श्रुतिकिर्ती सोमवंशी ने कहा कि आप सभी की 38 से 42



साल तक की सेवा अवधी शानदार, यादगार एवं बेदाग रही.आप सभी ने निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ बखूबी अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया व दमोह पुलिस को सराहनीय योगदान दिया तथा हमेशा विभाग के लिये समर्पित रहे।

आप सभी को एवं आपके परिवार को लम्बे और सफ्ल कार्यकाल के लिये बधाई.जिस प्रकार आप सभी की उज्जवल छवि रही है व अपने आपको स्वस्थ बनाये रखा है, इसी प्रकार सेवा निवृत्त होने के बाद भी परिवार के साथ सुखमय एवं स्वस्थ जीवन व्यतीत करें, अपने स्वास्थ का हमेशा ख्याल रखें, यदि आपको किसी भी प्रकार की कोई समस्या आती है तो आप कभी भी किसी भी समय मुझे अपनी समस्या बता सकते है, आपकी समस्याओं का त्वरित प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जावेगा।

### चैक बाउंस के मामले में फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार

**गुना, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के निर्देश पर, गुना पुलिस जिले में विभिन्न अपराधों और वारंटों में फरार आरोपियों को पकड़ने के लिए अभियान चला रही है। इसी क्रम में, सीएसपी गुना भरत नोटिया के पर्यवेक्षण में, केंट थाना पुलिस ने चेक बाउंस के एक मामले में लंबे समय से फरार चल रहे एक स्थायी वारंटी को गिरफ्तार किया है। गुना न्यायालय में चेक बाउंस के प्रकरण क्रमांक 75/24, धारा 138 एनआई एक्ट में आरोपी कमल सिंह पुत्र पर्वत सिंह प्रजापति निवासी गुलाबगंज केंट गुना न्यायालयीन कार्यवाही से लंबे समय से फरार था, जिसके लिए न्यायालय ने उसकी गिरफ्तारी हेतु स्थायी वारंट जारी किया था। केंट थाना पुलिस लगातार वारंटी कमल सिंह प्रजापति की तलाश कर रही थी। आज मुखबिर से मिली सूचना पर, गुना केंट थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए, प्रकरण में लंबे समय से फरार वारंटी कमल सिंह पुत्र पर्वत सिंह प्रजापति, उम्र 27 साल, निवासी ग्राम सिरसी थाना सिरसी हाल गुलाबगंज केंट गुना को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

# बोतराई ग्राम में जल गंगा संवर्धन अभियान का हुआ समापन

**दमोह देशबन्धु।** प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल की गरिमामय उपस्थिति में पथरिया विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बोतराई में जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री श्री लखन पटेल ने कहा जल गंगा संवर्धन अभियान का आज समापन हो रहा हैं। पथरिया विकासखंड में 04 करोड़ 80 लाख रुपए के विकास कार्य स्वीकृत हुए थे, जिसमें से अधिकांश कार्य पूर्ण हो चुके हैं। उन्होंने कहा यहां का तालाब देखकर बहुत अच्छा लगा हैं, तालाब का विस्तारीकरण किया गया है, उसकी बडिंग और पत्थर से जो घाट बनाए गए हैं, सौंदर्य करण भी अच्छा हुआ। उन्होंने ग्रामीणजनों से आग्रह करते हुए कहा जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जन सहभागिता से जो कार्य किए गए हैं ऐसे ही जिले की अन्य जगहों पर भी अच्छे से कार्य करने का प्रयास किया जाये। राज्यमंत्री लखन पटेल ने कहा कि शिक्षक समाज की रीढ़ होते




हैं, सेवा निवृत्त होने के बाद भी उनके अनुभव समाज के लिए उपयोगी हैं, वे नई पीढ़ी को मार्गदर्शन देना जारी रखें।

जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल ने कहा जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत बोतराई में समापन कार्य में सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया हैं। जल गंगा अभियान का उद्देश्य भूमिगत जलस्तर बड़े किसानों को लाभ मिले। कार्यक्रम के दौरान पथरिया क्षेत्र के दो सेवानिवृत्त शिक्षकों को मंच से शाल व श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल, एसडीएम निकेत चौरसिया, खरग राम पटेल, संगीता श्रीधर, ललती संतोष मोदी, श्याम रानी अठ्या, रघुवीर सिंह, नीलेश सिंह, श्री कलू, जनपद सीईओ रामभरत कटारे, सरपंच-सचिव, उपयंत्री और शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

### पटवारी पर एफआईआर को कांग्रेस ने बताया राजनीतिक द्वेष

# झूठा मामला दर्ज कर भाजपा सच्चाई को दबा रही: राजकुमार पचौरी

**सागर, देशबन्धु।** मप्र कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ अशोकनगर के मुंगावली थाने में दर्ज एफआईआर को लेकर सागर में कांग्रेस ने विरोध दर्ज कराया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजकुमार पचौरी ने इसे झूठा बताया और कहा कि यह भाजपा की राजनीतिक द्वेष और दमनकारी मानसिकता का उदाहरण है। जिलाध्यक्ष पचौरी ने प्रेसवार्ता में कहा कि एफआईआर का मकसद सच्चाई को दबाना, पीड़ितों को डराना और विपक्ष की आवाज कुचलना है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन ने पीड़ितों से डरा-धमकाकर शपथ पत्र दिलवाया, जिसके आधार पर जीतू पटवारी पर प्रकरण दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि 25 जून को अशोकनगर जिले के ग्राम मुडरा के दो पीड़ित युवक ओरछा में जीतू पटवारी से मिले थे। युवकों ने बताया कि गांव के दबंग सरपंच पुत्र और उसके साथियों ने उनसे मारपीट की, बाइक छीन ली और अमानवीय व्यवहार किया। कांग्रेस अध्यक्ष पटवारी ने पीड़ितों की बात




वीडियो के माध्यम से सार्वजनिक की थी, ताकि उन्हें न्याय मिल सके। लेकिन इसके ठीक अगले दिन 26 जून को प्रशासन ने पीड़ितों से बयान बदलवाकर शपथ पत्र लिया और 27 जून को जीतू पटवारी के खिलाफगंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज कर दी गई। एफआईआर में पटवारी को षड्यंत्रकर्ता, समाज में जातीय द्वेष फैलाने वाला और राष्ट्रीय एकता के लिये खतरा बताया गया, जिसे कांग्रेस ने पूरी तरह गलत करार दिया। बंडा से कांग्रेस के पूर्व विधायक तरवर सिंह लोधी ने लोधी क्षत्रिय समाज के साथ मिलकर एसपी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने एफआईआर रद्द करने और पीड़ितों के साथ अभद्रता करने वालों पर कार्रवाई की मांग की। कांग्रेस उपाध्यक्ष और प्रवक्ता आशीष ज्योतिषी ने कहा कि सरकार और भाजपा झूठे तथ्य सामने रखकर सच्चाई को छिपाने का प्रयास कर रहे हैं, जबकि सबूत जनता के सामने हैं। कांग्रेस अन्याय के खिलाफ आवाज उठाती रहेगी और एफआईआर रद्द करने की मांग करती है।

## आचार्य श्री का मुनि दीक्षा दिवस धूमधाम से मना

**मालथौन, देशबन्धु।** नगर में विराजमान आर्यिका श्री सूत्रमती माताजी संसघ के सानिध्य में आचार्य विद्यासागर का 58 वां मुनि दीक्षा दिवस भक्तिभाव पूर्वक मनाया गया। आचार्य श्री के दीक्षा दिवस के अवसर पर बड़ा दिंगबर जैन मंदिर जी में महापूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य श्रीजी का चित्र अनावरण एवं दीप प्रज्वलित वरिष्ठ श्रावक श्रेस्ठी गणों द्वारा किया गया। इस अवसर पर ब्रह्मचारी नीलेश भैया एवं योगेश भैया सहित बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# नर्सिंग होम एसोसिएशन ने मप्र प्रदूषण बोर्ड के नवागत रिजनल डायरेक्टर का सम्मान किया



**सागर, देशबन्धु।** सोमवार को एक निजी होटल में नर्सिंग होम एसोसिएशन सागर ने जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन एवं निष्पादन के विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मप्र प्रदूषण बोर्ड सागर के नवागत रिजनल ऑफिसर सतीश चौकसे को पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सतीश चौकसे ने कहा कि प्रत्येक नर्सिंग होम एवं क्लीनिक संचालक को बोर्ड एवं कचरा निष्पादन से संबंधित कोई भी समस्या हो या जानकारी चाहिये हो वो सीधे कार्यालय में मुझसे संपर्क कर सकता है एवं लिखित में शिकायत कार्यालय में प्रस्तुत करे। उन्होंने बताया कि प्रत्येक अस्पताल एवं क्लीनिक को जीरो टैगिंग में रजिस्ट्रेशन कराना चाहिये जिससे कि कचरा निष्पादन संग्रहण का समय कचरा निष्पादन की लोकेशन की जानकारी रहती है क्योंकि पहले कचरे को नदियों में बहा दिया जाता था इसलिये यह रजिस्ट्रेशन सभी कराये। इसके लिये कचरे की थैली पर एक बार कोड लगाया जाता है। उन्होंने बताया कि 10 बेड से कम हॉस्पिटल के लिये ईटीपी एवं एसटीपी लगवाने की जरूरत नहीं होती उससे ऊपर के बेड वाली हॉस्पिटल के लिये यह अनिवार्य है।

उन्होंने बताया 100 बेड के हॉस्पिटल के लिये एक सिस्टम लगाया जाता है क्योंकि 100 बेड के हॉस्पिटल में पानी की इस्तेमाल अधिक होता है। इस सिस्टम से हॉस्पिटल से निकले दूषित पानी को फिल्टर करके फिर से इस्तेमाल किया जा सकता है। डॉ. राजेंद्र चउदा ने क्लीनिक की समस्याओं के बारे में बताया एवं डॉ. पीएस ठाकुर ने नर्सिंग होम की समस्याओं की जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष डॉ. संजीव मुखारया ने की। संचालन जीएस चौबे ने किया एवं आभार सचिव डॉ. मनीष झा ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में डॉ. राजेश दुबे, डॉ. साधना मिश्रा, डॉ. संजयोत माहेश्वरी, डॉ. जान्हवी मुखारया, डॉ. हर्ष मिश्रा, डॉ. सुमित रावत, डॉ. राकेश शर्मा, डॉ. निशांत शर्मा, डॉ. दीपांशु दुबे, डॉ. दिनेश पटेरिया, डॉ. सुरेश चंद्र रावत सहित नर्सिंग होम संघ के सदस्य, नीमा के सदस्य आदि उपस्थित थे।

## बरसात के मौसम में कोई भी आयोजन बगैर अनुमति के आयोजित न हो: कलेक्टर

**सागर, देशबन्धु।** कलेक्टर संदीप जीआर ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जिले में कोई भी धार्मिक, सामाजिक, राजनैतिक आयोजन बगैर अनुमति के आयोजित नही होना चाहिये। विगत वर्ष की तरह अब ऐसी घटना जिले में न हो इसका विशेष ध्यान रखा जावे और सभी क्षतिग्रस्त भवनों को तत्काल गिराने की कार्यवाही की जावे। सभी आयोजन खुले में आयोजित हो और इसका निरीक्षण राजस्व एवं पुलिस एवं ऊर्जा विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम द्वारा किया जाये उसके बाद ही अनुमति प्रदान की जावे। आयोजन समिति की संपूर्ण जानकारी मोबाइल नंबर के साथ अनुमति के समय ली जावे आयोजन स्थल पर सभी आवश्यक व्यवस्थायें आयोजन समिति द्वारा सुनिश्चित की गई है कि नहीं यह भी अनुमति के समय देखा जाये।

### सरकार की तरफ से हाईकोर्ट में पेश की गयी रिपोर्ट

# यूनियन कार्बाइड के जहरीले कचरे का कर दिया है निपटान

**जबलपुर, देशबन्धु।** हाईकोर्ट में सरकार की तरफ से पेश की गयी रिपोर्ट में बताया गया कि यूनियन कार्बाइड के 337 मीट्रिक टन जहरीले कचरे का विनष्टीकरण सफलतापूर्वक पीथमपुर स्थित सुविधा केंद्र में कर दिया गया है।



केंद्रीय तथा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के तकनीकी विशेषज्ञों की देखरेख में जहरीले कचरे का विनष्टीकरण किया गया है। यूसीआईएल से 19.157 मीट्रिक टन अतिरिक्त जहरीला कचरा एकत्र किया गया है,जिसका विनष्टीकरण 3 जुलाई 2025 तक कर दिया जायेगा। हाईकोर्ट जस्टिस अतुल श्रीधरन तथा जस्टिस दिनेश कुमार पालीवाल कीयुगलपीठ ने याचिका पर अगली सुनवाई 31 जुलाई को निर्धारित की है।

भोपाल निवासी आलोक प्रभाव सिंह द्वारा साल 2004 में दायर की गयी याचिका में कहा गया था कि भोपाल गैस त्रासदी के दौरान यूनियन कार्बाइड कंपनी से हुए जहरीले गैस रिसाव में लगभग 4 हजार से अधिक लोगों की मौत हो गयी थी। भोपाल गैस त्रासदी के बाद यूनियन कार्बाइड फैक्टरी में करीब 350 मीट्रिक टन जहरीले कचरा पड़ा है। याचिका में जहरीले कचरे के विनिष्टीकरण की मांग की गयी थी। याचिकाकर्ता की मृत्यु के बाद हाईकोर्ट मामले की सुनवाई स्वत: संज्ञान लेकर कर रहा है। याचिका की सुनवाई के दौरान सरकार की तरफ से पेश की गयी रिपोर्ट में बताया गया कि 27 फरवरी से 12 मार्च तक ट्रायल रन के दौरान 30 मीट्रिक टन कचरे का विनष्टीकरण किया गया था। यूसीआईएल के 337 मीट्रिक टन कचरे का विनष्टीकरण 30 जून की रात 1 बजकर 2 मिनट तक कर दिया गया था। इस दौरान मर्करी एनालाइजर की ऑनलाइन कनेक्टिविटी सीईएसएम डेटा डिस्प्ले तथा सीपीसीबी/एमपीपीसीबी सर्वर के साथ की गयी। वायु गुणवत्ता निगरानी के लिए गांव-चिराखान तथा बजरंगपुरा में डिस्प्ले बोर्ड के साथ सीएक्यूएमएस स्थापित किया। यूसीआईएल अपशिष्ट के समान चूने मिश्रण के लिए यांत्रिक वजन व्यवस्था तथा क्रशिंग, मिक्सिंग एवं ब्लेंडिंग सुविधा स्थापित की गयी थी। डीजल तथा पानी की खपत के माप के लिए प्रवाह मीटर स्थापित किये गये थे।

यूसीआईएल से 19.157 मीट्रिक टन अतिरिक्त जहरीला कचरा एकत्र किया गया है,जिसका विनष्टीकरण 3 जुलाई 2025 तक कर दिया जायेगा। हाईकोर्ट के आदेशानुसार जहरीले कचरे को 270 किलो प्रति घंटे के हिसाब से जलाकर उसका विनष्टीकरण किया गया। हाईकोर्ट के आदेष का अनुपालन करते हुए संयंत्र स्थल से जहरीले को हटाने और संयंत्र से विषाक्त अपशिष्ट के निपटान के लिए राज्य सरकार के सर्वोच्च कार्यकारी मषीनरी के द्वारा अत्यंत ईमानदारी और समर्पण के साथ काम किया है।केंद्रीय तथा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के तकनीकी विशेषज्ञों की देखरेख में जहरीले कचरे का विनष्टीकरण किया गया है। जहरीले कचरे से 850 मीट्रिक टन राख व अवशेष एकत्रित हुआ है। एमपीपीसीबी से सीटीओ मिलने के बाद अलग लैंडफिल सेल में उसे नष्ट किया जायेगा। युगलपीठ ने लैंडफिल के लिए एक्सपर्ट की रिपोर्ट पेश करने के आदेष जारी किये है। याचिकाकर्ता की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता नमन नागरथ, खालिद फखरुद्दीन ने पैरवी की।

# पोषण ट्रेकर ऐप का प्रशिक्षण निचले अमले को अवश्य दें: निर्मला

**कार्यशाला आयोजित**

**भोपाल, देशबन्धु।** महिला बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने कहा कि प्रदेश में पोषण ट्रेकर एप के माध्यम से आंगनवाड़ी केन्द्रों पर पंजीकृत बच्चों के शारीरिक माप (ऊंचाई, वजन एवं आयु के अनुपात में पोषण स्थिति) से संबंधित आंकड़ों का सतत विश्लेषण किया जा रहा है। इन आकड़ों के आधार पर राज्य में पोषण स्तर में सुधार के लिए त्वरित एवं क्षेत्र विशेष की आवश्यकता अनुसार कार्ययोजना बनाई जा रही है। मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि पोषण ट्रेकर ऐप न केवल बच्चों के शारीरिक माप बल्कि बच्चों के कुपोषण की स्थिति में बोनापन, कम वजन की पहचान में भी सहायक है। इसकी सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि निचले स्तर के अमले इस ऐप का उपयोग सही तरीके से कर रहे है अथवा नहीं। इसके लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, सुपरवाइजर सभी को तकनीकी प्रशिक्षण भी दिया जाना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों की जिम्मेदारी भी तय करनी होगी। उन्होंने कहा कि निरंतर मॉनिटरिंग करने से त्रुटि को पकड़ा जा सकेगा। मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि जिस तरह झाबुआ जिले में मोटी आई% के कन्सेप्ट से कुपोषण में कमी हुई है। इसी तरह अधिकारियों को नवाचार करना चाहिए। हर बच्चे का रिकार्ड रखें, उनकी निगरानी करें और अधिक कमजोर बच्चों को चिकित्सीय सहयोग उपलब्ध कराएं। अपर मुख्य सचिव महिला बाल विकास श्रीमती रश्मि अरूण शमी ने कहा कि पोषण ट्रेकर ऐप के आँकड़े और वास्तविक आँकड़ों मे फर्क इसलिए दिखता है क्योंकि हम सही मॉनिटरिंग नहीं कर रहे है। हर स्तर पर डेटा की मॉनिटरिंग होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश पहला राज्य है जहॉं बालिकाओं के लिए लाड़ली लक्ष्मी योजना शुरू कि गई, महिलाओं को हर महीने लाड़ली बहना के तहत निश्चित राशि अंतरित की जा रही है, पर इस बात की मॉनिटरिंग भी होनी चाहिए कि महिलाएं इस राशि का उपयोग कर अपने बच्चों के पोषण पर ध्यान रख रही है अथवा नहीं।

# 30 फीट गहरे कुयें में गिरा हिरण, रेस्क्यू कर बाहर निकाला

**सीहोरा, देशबन्धु।** राहतगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम सीहोरा में रविवार रात एक हिरण कुयें में गिर गया। ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। अंधेरे और बारिश के बीच रेस्क्यू कर हिरण को सुरक्षित बाहर निकाला गया। घटना ग्राम सीहोरा के धसान नदी पुल के पास स्थित कुएं की है। रविवार रात ग्रामीणों ने कुएं में एक हिरण को बैठे हुये देखा, जो पानी से दूर किनारे पर था। ग्रामीण पुष्पेंद्र सिंह ने वन विभाग और पुलिस को तत्काल सूचना दी। सूचना मिलते ही सीहोरा चौकी प्रभारी रामअवतार धाकड़, वन विभाग के बीडगार्ड संजय चौबे, वनरक्षक दिनेश गोंड, मोती घोषी, मनेंद्र ठाकुर, चंदन यादव सहित अन्य मौके पर



पहुंचे। अंधेरा और लगातार बारिश होने के कारण रेस्क्यू अभियान में दिक्कतें आईं। स्थानीय लोगों की मदद से टीम ने रस्सियों के सहारे हिरण को सुरक्षित कुएं से बाहर निकाला। मौके पर ही उसकी जांच की गई, जिसमें वह पूरी तरह स्वस्थ पाया गया। रेस्क्यू के बाद जैसे ही हिरण को छोड़ा गया, वह कुलांचे भरते हुये जंगल की ओर दौड़ गया।

## कलेक्टर की फर्जी फेसबुक आईडी बनाई

**सागर, देशबन्धु।** कलेक्टर के नाम से फर्जी फेसबुक आईडी बनाई गई है। जिससे लोगों को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी जा रही है। मामला सामने आते ही कलेक्टर संदीप जीआर ने साइबर सेल में सूचना दी है। उक्त फर्जी आईडी बनाने वाले के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिये है। दरअसल जिले के कलेक्टर संदीप जीआर के नाम से किसी अज्ञात बदमाश ने फेसबुक पर फर्जी आईडी बनाई है। जिसमें कलेक्टर की फोटो लगाई गई है। उक्त

**कलेक्टर ने साइबर सेल में की शिकायत, कहा उक्त आईडी के फोटो व वीडियो को सत्य न मानें**

आईडी पर 438 फ्रेंड जुड़े हुये हैं। मप्र शासन के लोगो की प्रोफाइल लगी है। फर्जी आईडी की जानकारी मिलने पर जिला प्रशासन ने आमजन को सतर्क करते हुए कहा कि इस फर्जी आईडी से की गई किसी भी पोस्ट, फोटो या वीडियो को सत्य नहीं मानें। साथ ही किसी भी पोस्ट में इस फर्जी आईडी को टैग न करें। प्रशासन द्वारा साइबर सेल को मामले की जानकारी देकर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिये हैं।

## हनुमान मंदिर की दान पेटी से ताला तोड़कर नगदी ले उड़े चोर




**जैसीनगर, देशबन्धु।** जिले में चोरी की घटनायें लगातार बढ़ती जा रही है। चोर इतने बे-खौफ हो गये है कि आम लोगों के घरों के साथ-साथ भगवान के मंदिरों में भी चोरी करने लगे हैं। ताजा मामला जैसीनगर से सामने आया है। दरअसल जैसीनगर के जंगल चौकी स्थित हनुमान मंदिर में बीती रात चोरों ने सेंध लगाकर दान पेटी का ताला तोड़कर नगदी ले उड़े और दान पेटी के ऊपर एक बड़ा पत्थर रख दिया जिससे पेटी का ताला टूटा ना दिखे। सोमवार सुबह से कई लोग पूजा करने आये लेकिन बड़ा पत्थर रखा होने की वजह से किसी का ध्यान नहीं गया। दोपहर 12 मोहेल्ला के बृजेश रैकवार पहुंचे जिन्होंने दान पेटी पर बड़ा पत्थर देखा पत्थर हटाया तो ताला टूटा दिखा तो तुरंत ही मोहल्ले के लोगो को बुलाया इसके बाद मोहल्ले वालों ने सूचना पुलिस को दी, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। विकास जोशी ने बताया कि दान पेटी जमीन में गढी हुई है डेढ़ साल से नहीं खुली लगभग 20 से 25 हजार दान होने का अनुमान है, दान पेटी में 9000 की चिल्लर निकली है, लेकिन बड़े नोट गायब हुये हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# मंत्री श्रीमती उइके पर लगाए गए आरोप मनगढ़ंत और तथ्यहीन

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रमुख अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी श्री संजय कुमार अंधवान ने जल जीवन मिशन के संबंध में प्राप्त शिकायत का परीक्षण कर बताया कि शिकायतकर्ता श्री किशोर समरीते द्वारा लगाए गए सभी आरोप तथ्यहीन, मनगढ़ंत और दुर्भावनापूर्ण हैं। शिकायत में कोई भी साक्ष्य संलग्न नहीं किए गए थे, बल्कि सूचना के अधिकार के तहत विभागीय अधिकारी द्वारा पूर्व में भेजे गए पत्र को ही आधार बनाया गया।

प्रमुख अभियंता ने स्पष्ट किया कि बालाघाट खंड के कार्यपालन यंत्री द्वारा स्वयं शिकायतकर्ता को यह जानकारी दी गई थी कि जल जीवन मिशन अंतर्गत किसी भी प्रकार की अनियमितता नहीं हुई है। इसके बावजूद उन्हीं जानकारियों को तोड़-मरोड़कर सार्वजनिक शिकायत के रूप में प्रस्तुत किया गया जिसमें कोई नया तथ्य या प्रमाण नहीं है। प्रमुख अभियंता कार्यालय ने स्पष्ट किया कि जल जीवन मिशन की योजनाओं का क्रियान्वयन फील्ड स्तर पर किया जाता है तथा भुगतान भी स्थानीय खंड कार्यालय द्वारा माप पुस्तिका के सत्यापन के उपरांत होता है। ऐसे में प्रमुख अभियंता या उनके कार्यालय के कर्मचारी पर आरोप लगाना निरर्थक है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके पर भी जो आरोप लगाए गए हैं वे पूर्णत: असंगत हैं।















स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली***
प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन**- MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।